राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार
वर्ष- 12 अंक - 38
लखनऊ, सोमवार 23 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित
samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com




पर्यटन विभाग यूपी के पर्यटन स्थलों की करेगा ब्रांडिंग व मार्केटिंग : जयवीर 03
रविचन्द्रन अश्विन का कहर, भारत ने बंगलादेश को 280 रन से हराया 12

### पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति बिडेन की मेजबानी में छठवीं क्वाड शिखर बैठक में भाग लिया, कहा

# क्वाड की एकजुटता मानवता के लिए जरूरी

एजेंसी

**विलमिंगटन ।** भारत ने मौजूदा कालखंड के तनावों और संघर्षों से घिरे विश्व के लिए साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर आस्ट्रेलिया, भारत, जापान एवं अमेरिका के चतुष्कोणीय गठजोड़ क्वाड का मिलकर साथ चलना मानवता के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर बिडेन की मेजबानी में जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा और आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज़ के साथ छठवीं क्वाड शिखर बैठक में भाग लिया।

श्री मोदी ने अपने वक्तव्य में क्वाड की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर श्री बाइडेन को बधाई दी और कहा कि उनके नेतृत्व में 2021 में क्वाड के पहली शिखर बैठक का आयोजन किया गया, और इतने कम समय में हमने अपने सहयोग को हर दिशा में अभूतपूर्व तरीके से बढ़ाया है। इसमें व्यक्तिगत रूप से राष्ट्रपति बिडेन की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



#### समूह ने की ये मुख्य पहलें

1- **क्वाड कैंसर मूनशॉट** : हिन्द प्रशांत क्षेत्र में जीवन बचाने के लिए एक नए जमाने की साझीदारी।
2- **क्वाड-एट-सी शिप ऑब्जर्वर मिशन** : 2025 में पहली बार तटरक्षक बलों के बीच समुद्री सुरक्षा और अंतरोपयोगिता में सुधार के लिए।
3- **क्वाड हिन्द प्रशांत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क** : आपदा में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए साझा एयरलिफ्ट क्षमता के लिए एक पायलट परियोजना।
4- **क्वाड भविष्य के लिए बंदरगाहों की साझीदारी** : स्थायी और मजबूत बंदरगाह ढांचे के विकास के लिए विशेषज्ञता साझा करना।
5- **सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला आकस्मिकता नेटवर्क** : सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में मजबूती बढ़ाने के लिए।

#### मोदी ने कीं जापान, आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्रियों से द्विपक्षीय बैठकें

**विलमिंगटन (फिलाडेल्फिया)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को क्वाड नेताओं की छठवीं शिखर बैठक के इतर जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा और आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज़ के साथ अलग अलग मुलाकातें कीं और भारत के इन दोनों देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री श्री मोदी और जापान के प्रधानमंत्री श्री किशिदा की मुलाकात में दोनों नेताओं ने अपनी कई बातचीतों, खासकर मार्च 2022 में अपने पहले वार्षिक शिखर सम्मेलन के बाद से हुई भेंटों को गर्मजोशी से याद किया। प्रधानमंत्री ने पिछले वर्षों में भारत-जापान विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझीदारी को आगे बढ़ाने में उनके अटूट समर्पण और नेतृत्व के लिए प्रधानमंत्री किशिदा को धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझीदारी के 10वें वर्ष में होने और इस दौरान संबंधों में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। दोनों प्रधानमंत्रियों ने दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की समीक्षा की और रक्षा और सुरक्षा संबंधों तथा बी2बी और पी2पी सहयोग सहित सहयोग को और गहरा करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इसके बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री श्री अल्बानीज़ की मुलाकात हुई। मई 2022 के बाद से यह उनकी नौवीं व्यक्तिगत बातचीत थी।

प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी बैठक ऐसे समय हो रही है जब विश्व तनावों और संघर्षों से घिरा हुआ है। ऐसे में साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर, क्वाड का मिलकर साथ चलना, पूरी मानवता के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। श्री मोदी ने कहा, हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। हम सभी एक नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान, और सभी मसलों के शांतिपूर्ण ढंग से हल निकालने का समर्थन करते हैं। स्वतंत्र, खुला, समावेशी और समृद्ध हिन्द प्रशांत क्षेत्र हमारी साझा प्राथमिकता और साझा प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि हमने मिलकर स्वास्थ्य सुरक्षा, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, जलवायु परिवर्तन और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में कई सकारात्मक और समावेशी पहले आरंभ की हैं। हमारा संदेश साफ है क्वाड का अस्तित्व सहायता करने के लिए, साझीदारी करने के लिए और पूरक बनने के लिए हमेशा रहेगा। श्री मोदी 2025 में क्वाड नेताओं की शिखर बैठक भारत में किये जाने का उल्लेख करते हुए नेताओं को आमंत्रित किया। सूत्रों के अनुसार क्वाड शिखर सम्मेलन में सदस्य देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलों की घोषणा की गई हैं।

# कांग्रेस-आप-बसपा का एजेंडा बांटो और राज करो : योगी

- सीएम ने गहलावत के पक्ष में जाखौली में की जनसभा

एजेंसी



**सोनीपत।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि राष्ट्रहित को समर्पित भाजपा हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। जिसके लिए राई से उम्मीदवार कृष्णा गहलावत को विजयी बनाकर मजबूती प्रदान करें। कांग्रेस-आप-बसपा-इनेलो के एजेंडा में आम आदमी, महिला, किसान, गांव नहीं है। इनका एजेंडा तो बांटो और राज करो का है। भाजपा पूरे राष्ट्र को एकसूत्र में पिरोकर रखते हुए राष्ट्र को मजबूती दे रह है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी रविवार को राई हलका की भाजपा उम्मीदवार कृष्णा गहलावत के पक्ष में जाखौली गांव में आयोजित जन आशीर्वाद रैली में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। योगी ने कहा कि कांग्रेस-बसपा-आप-इनेलो एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं, जिनका आम जनमानस के हितों से कोई सरोकार नहीं है। विपक्षी दलों का एजेंडा संकीर्ण है, जिन्हें सिर्फ सत्ता की कुर्सी चाहिए। जम्मू एवं कश्मीर में धारा-370 कांग्रेस ने लगाई थी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खत्म किया है। आज जम्मू एवं कश्मीर में आतंकवाद आखरी सांसे ले रहा है, जिसे कांग्रेस ने पालन-पोषण देने का काम किया। जाति-धर्म-संप्रदाय-क्षेत्र के नाम पर कांग्रेस बांटने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने परिवारवाद को बढ़ावा दिया है। ऐसा राजनीतिक दल राष्ट्र और जनता का भला नहीं कर सकता। भाजपा में परिवारवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। भाजपा केवल राष्ट्र की मजबूती के लिए विकास को बढ़ावा देने का काम करती है। इसका स्पष्ट उदाहरण हरियाणा में देखने को मिला है।

# दीपावली से पहले राज्य कर्मियों को चार फीसदी महंगाई भत्ता देने की तैयारी

- डीए-बोनस का जल्द हो सकता है ऐलान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार दीपावली से पहले राज्य कर्मचारियों को बड़ा तोहफा देने की तैयारी कर रही है। सीएम योगी की सरकार दीपावली से पहले केंद्रीय कर्मचारियों की तरह राज्य कर्मियों को चार फीसदी महंगाई भत्ता देने की तैयारी कर रही है।

योगी सरकार जल्द ही राज्य कर्मियों को दीवाली से पूर्व बोनस देने का भी ऐलान कर सकती है। यूपी सरकार दीपावली से पहले महंगाई भत्ते और बोनस देने की घोषणा करेगी। यूपी के 10 लाख राज्य कर्मचारियों, आठ लाख शिक्षकों और पेंशनधारियों का इसका फायदा मिलेगा। जुलाई 2024 से बढ़े हुए चार फीसदी महंगाई भत्ते का भुगतान किया जाएगा। राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ता और बोनस देने के लिए फाइल तैयार है। सीएम योगी की स्वीकृति मिलने के बाद कर्मचारियों को डीए के भुगतान करने का आदेश जारी कर दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश के राज्य कर्मचारियों और शिक्षकों को अब तक 46 फीसदी महंगाई भत्ता का भुगतान किया जा रहा है। वहीं अब राज्य कर्मचारियों और शिक्षकों को 46 की जगह 50 फीसदी महंगाई भत्ता मिलेगा। जुलाई माह से उत्तर प्रदेश के राज्य कर्मचारियों और पेंशनधारियों को बढ़े हुए महंगाई भत्ते का भुगतान किया जाएगा। जुलाई से लेकर अक्टूबर तक बढ़े हुए महंगाई भत्ते यानि डीए की धनराशि राज्य कर्मियों के जीपीएफखाते में जमा हो जाएगी। दिसंबर में मिलने वाली नवंबर माह के वेतन में बढ़े हुए चार फीसदी महंगाई भत्ते का भुगतान नकद किया जाएगा। पेंशनधारियों को भी जुलाई माह से बढ़े डीए का भुगतान दिसंबर माह में मिलने वाली पेंशन में किया जाएगा। महंगाई भत्ता बढ़ने से लगभग दस लाख राज्य कर्मचारियों और आठ लाख से अधिक शिक्षकों और पेंशनरों को इस लाभ मिलेगा। वहीं दीपावली से पूर्व राज्यकर्मियों और पेंशनधारियों को प्रति कर्मी लगभग सात हजार रुपए की धनराशि का बोनस दिया जाएगा।



### समाज में अस्पृश्यता खत्म होने से ही भारत बनेगा समर्थ : चंपत राय

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव एवं विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय ने रविवार को कहा कि हिंदू जीवनमूल्य श्रेष्ठ है लेकिन व्यवहार में अंतर आया है। विहिप भेदभाव और छुआछूत की बुराई को समाप्त करने के लिए गत 60 वर्षों से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज में अस्पृश्यता रूपी बीमारी को दूर करने से ही हिंदू समाज समरस और भारत समर्थ बनेगा। चंपत राय ने कारसेवकपुरम् में रविवार को विहिप के दो दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि छुआछूत 56 पी?ढ़ियों का रोग है। यह हमारे समाज में 1400 वर्षों से विद्यमान है। अस्पृश्यता हिंदू समाज में क्रोनिक बीमारी की तरह है। जो धीरे-धीरे शुरू होती है और लम्बे समय तक रहती है।

### क्लस्टर सप्लाई चेन योजना से सस्ते होंगे आलू, प्याज, टमाटर और हरी सब्जियां

नयी दिल्ली। देश के नगरों और महानगरों में आलू, प्याज, टमाटर और हरी सब्जियों की बढ़ती कीमतों से लोगों को राहत दिलाने के लिए केंद्र सरकार ने एक नई योजना शुरू की है। इस योजना का नाम क्लस्टर सप्लाई चेन योजना है, जिसके अंतर्गत 10 से 12 सब्जियों की खेती घनी आबादी वाले क्षेत्रों के निकट की जाएगी, ताकि इन्हें सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँचाया जा सके। इससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी, जिससे महंगाई को काबू करने में मदद मिलेगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य लंबी सप्लाई चेन से मुक्ति पाकर उपभोक्ताओं को ताजा सब्जियाँ उपलब्ध कराना है। केंद्र सरकार ने बागवानी क्लस्टर और वैल्यू चेन विकास के तहत बड़े क्लस्टर बनाकर खेती और वितरण के लिए सप्लाई चेन स्थापित करने का कार्य शुरू कर दिया है। इस महीने की शुरुआत में इस योजना की पहली बैठक आयोजित की गई थी। इसे 2024-25 से लागू किया जाएगा और 2028 तक पूरी तरह से कार्यान्वित किया जाएगा। पहले चरण में जिन 10 सब्जियों को शामिल किया गया है, उनमें टमाटर, प्याज, आलू, गोभी, भिंडी, फूल गोभी, बैंगन, शिमला मिर्च, ककड़ी और लौकी शामिल हैं। इस योजना में भाग लेने वाले किसान, किसान उत्पाद संगठन और सामूहिक समुदाय नियमित दैनिक उपभोग की इन फोकस सब्जियों की खेती पर केंद्रित रहेंगे। इस योजना के पहले चरण की शुरुआत दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, पुणे, मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता और बंगलूरू में होगी। इसके लिए ढाई से तीन हजार किसानों को शामिल कर क्लस्टर बनाने की योजना है, जो 50 किलोमीटर के दायरे में फैले होंगे। इसमें खेती के साथ-साथ भंडारण की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर सब्जियाँ उपलब्ध कराई जा सकें। सरकार पांच वर्षों में इस योजना को बड़े पैमाने पर लागू करने की योजना बना रही है।

# जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को देखकर पाक को हो रहा दर्द

एजेंसी

**पुंछ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक चुनावी जनसभा में पाकिस्तान को निशाने पर लेते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को फलता-फूलता देखकर उसके पेट में दर्द हो रहा है। सिंह ने राज्य विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 18 सितंबर को हुए मतदान में भारी संख्या में भाग लेने के लिए राज्य के लोगों की सराहना भी की। इस चरण में 61 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ, जो 30 वर्षों में सर्वाधिक है।

रक्षा मंत्री सिंह ने रविवार को पुंछ जिले की जनसभा में नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और पीडीपी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि इन दलों ने अपने चुनावी घोषणा पत्रों में अनुच्छेद 370 की बहाली का वादा कर लोगों को गुमराह करने का ही काम किया है। उन्होंने कहा कि इन दलों को पाकिस्तान के प्रतिनिधि के रूप में काम करना बंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों ने लोकतंत्र का झंडा इतना ऊंचा उठा दिया है कि पाकिस्तान के पेट में दर्द हो रहा है। हम पाकिस्तान से दुश्मनी नहीं चाहते क्योंकि हम अपने सभी पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं। पाकिस्तान अपने लोगों का ध्यान अपनी आंतरिक समस्याओं से हटाने के लिए भारत के खिलाफ नापाक हरकतें करता रहता है। सिंह ने आश्चर्य जताया कि पड़ोसी देश को जम्मू-कश्मीर के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार किसने दिया है। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और पीडीपी से सवाल किया कि क्या आप पाकिस्तान के छद्म समर्थक के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं? भाजपा अपने रुख को लेकर स्पष्ट है कि हम अनुच्छेद 370 को बहाल नहीं होने देंगे, चाहे कुछ भी हो जाए।



#### भारत ने कभी भी धर्म के आधार पर नहीं किया भेदभाव

रक्षा मंत्री ने कहा कि पाक के कब्जे वाले कश्मीर के लोग परेशान हैं और भारत में शामिल होना चाहते हैं। वह अपनी समृद्धि के लिए भारत में शामिल होने पर विचार कर रहे हैं और वह अब पाक के साथ नहीं रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने कभी भी धर्म के आधार पर लोगों के बीच भेदभाव नहीं किया और पीओके के निवासियों को अपना माना है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के एक बयान का जिक्र कर सिंह ने कहा कि अगर पाकिस्तान सही रास्ते पर चलता है तो भारत अपने सभी पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रखने को तैयार है। उन्होंने कहा कि हमें वाजपेयी जी के शब्दों को नहीं भूलना चाहिए।

### सपा सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत के खिलाफ केस दर्ज

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद के खिलाफ कथित अपहरण, धमकी देने और मारपीट के मामले में थाना कोतवाली नगर में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस के अनुसार शनिवार को रवि तिवारी नामक व्यक्ति ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। रविवार को पुलिस ने बताया कि यह घटना कथित तौर पर शनिवार दोपहर फैजाबाद शहर में स्टेट बैंक मुख्य शाखा चौराहे के पास एक जमीन खरीद में कमीशन को लेकर विवाद के बाद हुई। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि अजीत प्रसाद और पांच-छह लोगों ने मारपीट की, धमकी दी और तिवारी का अपहरण करने की भी कोशिश की। शिकायतकर्ता अयोध्या के पूराकलंदर थाना क्षेत्र के पलिया रिसाली गांव का रहने वाला है।

# कानपुर देहात कांड में छह मजदूरों की मौत, दो अभियुक्त गिफ्तार

- गैस सिलेंडर में विस्फोट से ढही थी फैक्टरी की छत

समृद्धि न्यूज

**कानपुर देहात ।** जनपद के रनिया औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार सुबह एक गत्ता फैक्टरी में भीषण आग लग गई। घटना में छह मजदूरों की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से झुलस गए हैं। पुलिस ने फैक्टरी के मालिकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और दो अभियुक्तों को गिफ्तार भी कर लिया गया है।

कानपुर देहात के पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि शनिवार को रनिया के खानपुर खड़ंजा रोड पर आरपी पॉली प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। इस दौरान यहां रखे गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया और फैक्टरी की छत ढह गई। जब शेड को हटाया गया तो तीन लोगों की मौत हो गई थी, वहीं गंभीर घायलों को कानपुर और लखनऊ में अस्पताल भेजा गया। इनमें अमित (19) नाम के एक मजदूर ने लाला लाजपत राय (एलएलआर) अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि अजीत (16) और विशाल (20) की लखनऊ के एसजीपीजीआई में इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से झुलसे लोगों को लाला लाजपत राय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से मजदूरों को उनकी गंभीर स्थिति के बाद लखनऊ के एसजीपीजीआई में स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस ने तीनों निदेशकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

### फरक्का में इंजन से अलग हुई मालगाड़ी की बोगियां

**मुर्शिदाबाद ।** मुर्शिदाबाद जिला अन्तर्गत फरक्का में रविवार सुबह मालगाड़ी बड़े हादसे का शिकार होने से बच गई। घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी। फरक्का थाना क्षेत्र के खोदाबंदपुर इलाके में चलती हुई मालगाड़ी की कुछ बोगी इंजन से अलग हो गई। हालांकि, कोई भी बोगी पटरी से नहीं उतरी, जिससे बड़ी दुर्घटनाएं टल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मालगाड़ी धुलियान से फरक्का की ओर जा रही थी। इस दौरान कुछ बोगियां अचानक अलग हो गई। अलग हुई बोगियों को पीछे छोड़ते हुए इंजन समेत कुछ बोगियां थोड़ा आगे बढ़ गई लेकिन कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना रेलवे अधिकारियों को दी। खबर लिखे जाने तक तक, मालगाड़ी के अलग-अलग डिब्बों को मुख्य ट्रेन से जोड़ने का प्रयास जारी है। घटना कैसे हुई, इसकी जांच की जा रही है।




सेवा ही संकल्प
विधानसभा अमृतपुर फर्रुखाबाद
बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की जनता
निःशुल्क भोजन
निःशुल्क दवाईयाँ
एवं अन्य किसी प्रकार की आवश्यकता होने पर निम्न नम्बरों पर फोन कॉल एवं व्हाट्स अप द्वारा सम्पर्क करें..
8934852222
9554964672



डा. जितेन्द्र सिंह यादव
प्रदेश सचिव/पूर्व प्रत्याशी
193, विधानसभा अमृतपुर, फर्रुखाबाद

आज होगा बाढ़ ग्रस्त इन क्षेत्रों में राहत सामग्री एवं निःशुल्क दवाईयों का वितरण

राम प्रसाद नगला, माखन नगला, कालिका नगला, हमीरपुर, करनपुर घाट, बनारसीपुर, फकरपुर, करनपुर मंझा, सुभानपुर, किराचन, पंचम नगला, खुशहाली नगला, भिगन नगला, धनी नगला आदि बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र प्रभारी डा0 जितेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में सुरेन्द्र सिंह गौर (वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष), उदय प्रताप 'भोला यादव' (विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष), अनुराग यादव (जिलाध्यक्ष-लोहिया वाहिनी) के साथ क्षेत्र के सभी वरिष्ठ सपा नेता एवं कार्यकर्ता जनता में राहत सामग्री तथा नि:शुल्क दवाईयों का वितरण करेंगे।

# गोमती सहित सभी नदियों को साफ कर उनकी निर्मलता पर करें काम

## विश्व नदी दिवस के अवसर पर गोमती नदी की सफ़ाई का चला अभियान, नदी में पॉलीथीन-मूर्तियां न फेंकने की अपील

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** विश्व नदी दिवस के अवसर पर गोमती नदी की सफ़ाई का अभियान चलाया गया। गंगा समग्र अवध प्रांत के कार्यकर्ताओं ने नदी में उतरकर जलकुंभी हटाई। साथ ही लखनऊ वासियों से कहा कि, जहां भी मां गोमती का मुख बंद है, वहां सफाई अभियान चलाएं।

रविवार को लखनऊ के कुड़िया घाट पर गंगा समग्र अवध प्रांत द्वारा मां गोमती को साफ-सफाई का अभियान चलाया गया। इस अभियान में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लोगों ने गोमती नदी को साफ करने में अपना सहयोग दिया। गंगा अवध प्रांत के प्रांतीय सहसंयोजक अनुराग पांडे ने सभी साथियों के साथ पानी में उतरकर सफाई की। लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। बताया कि गंगा अवध प्रांत द्वारा जगह-जगह पर यह सफाई अभियान चलाए जाते हैं, हर साल विभिन्न स्थानों पर इसे अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है। गंगा अवध प्रांत के प्रांतीय सहसंयोजक अनुराग पांडे ने कहा कि हमारे देश की जितनी भी सभ्यताएं हैं, सभी ने नदियों के किनारे जन्म लिया। जितनी भी सभ्यताएं अभी चल रही हैं, वह सभी नदियों के किनारे चल रही है। हमारी सबसे बड़ी जीवन रेखा मां गंगा हैं, जो हिमालय से निकलकर बंगाल तक हम सभी को अपना जल देती हैं। इस समय मां गंगा की हालत बहुत खराब है। इसको देखते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने एक योजना बनाई। जिसका अनुशासित संगठन है। गंगा समग्र मां गंगा को स्वच्छ रखने के लिए और जिसमें इतनी भी नदियां हैं, सभी को साफ करना उनकी अविरलता और निर्मलता पर काम करना है, क्योंकि इससे पहले जितनी भी सरकारों ने काम किया। उन्होंने नदियों को सुंदर बनाने का तो कार्य किया परंतु उसको स्वच्छ बनाने का कार्य नहीं किया। 32 नाले अभी भी गोमती में गिर रहे हैं। 8 नाले कानपुर में गंगा में गिर रहे हैं। 12 नाले मां सरयु में आज भी गिर रहे हैं। हमारा कार्य ऐसे ही नदियों पर है यह सिर्फ स्वच्छता का अभियान नहीं बल्कि जन जागरूकता का भी अभियान है। अनुराग पांडे जी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि जिस तरह हम लोग मां गोमती को बचाने के लिए आगे आए हैं। इसी तरह पूरे लखनऊ और जहां-जहां मां गोमती का मुख बंद हो चुका है, उसकी रक्षा के लिए सभी को आगे आना होगा।

# ग्राम्य विकास अधिकारियों, कर्मियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई में प्रक्रिया का पालन जरूरी

- अपर मुख्य सचिव व ग्राम्य विकास हिमांशु ने मण्डलायुक्तों, जिला अधिकारियों व मुख्य विकास अधिकारियों को दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास हिमांशु कुमार ने मण्डलायुक्तों, जिला अधिकारियों व मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिलों में तैनात ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के विरूद्ध यदि किसी प्रकार की अनुशासनिक कार्यवाही की आवश्यकता आपके स्तर पाई जाती है, तो उसके बारे में अपने प्रस्ताव भेजने हेतु निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास द्वारा जारी दिशा निर्देशों में कहा गया है कि उनके संज्ञान मे प्रायः यह देखने में आ रहा है कि जिलों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों यथा मण्डलायुक्त जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मण्डल मुख्यालयों के जिलों व अन्य जिलों में तैनात ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के विरूद्ध निलम्बन अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने के प्रस्तावों पर अपनी संस्तुति सीधे ही शासन को प्रेषित कर दी जाती है। ऐसे पत्रों के साथ प्रायः सुस्पष्ट आरोप पत्र, समुचित साक्ष्य एवं साक्षियों की सूची भी नहीं भेजी जाती है। जिलों में तैनात ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के प्रथम नियंत्रक अधिकारी उनके विभागाध्यक्ष अर्थात आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग हैं।जिलों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अपने प्रस्ताव जो समस्त अभिलेखों से पूर्ण हों सीधे शासन को न भेजकर आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग को भेजे जाएं।

## खबरें एक नजर में

### आकाश को पत्रकारिता व जनसंचार में मिली पीएचडी की उपाधि



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 28वें दीक्षांत समारोह में लखनऊ निवासी आकाश यादव, पुत्र दीन दयाल यादव, को पत्रकारिता एवं जनसंचार में पीएचडी (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) की उपाधि प्रदान की गई। आकाश को यह उपाधि उनके शोध विषय प्रिंट मीडिया पर पड़ने वाले नागरिक पत्रकारिता के प्रभाव के लिए दी गई। अपने शोध में आकाश ने हिंदी अखबारों का गहन अध्ययन कर यह आकलन किया कि नागरिक पत्रकारिता का प्रिंट मीडिया पर क्या प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि नागरिक पत्रकारिता न केवल समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह है, बल्कि यह मीडिया में समाज की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम भी है। आकाश का मानना है कि उनके शोधकार्य से भविष्य में नागरिक पत्रकारिता को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। आकाश यादव ने लखनऊ विश्वविद्यालय से पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर किया है और 2017 में यूजीसी द्वारा आयोजित नेट परीक्षा उत्तीर्ण की। अपने करियर की शुरुआत एक प्रतिष्ठित अखबार में बतौर ट्रेनी रिपोर्टर की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं का अनुभव प्राप्त किया और समाचारों कि बारीकीयों को समझा। इसके बाद उन्होंने समृद्धि न्यूज़ के साथ जुड़कर संपादकीय विभाग में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं।

### संस्कार भारती अवध प्रान्त की नयी कार्यकारणी गठित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** संस्कार भारती अवध प्रान्त की नयी कार्यकारणी का गठन आज दिनांक 22 सितम्बर 2024, नेता जी सुभाष चन्द्रोष महाविद्यालय अलीगंज में उपाध्यक्ष श्री विजय त्रिपाठी के अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमे पूर्व समिति का कार्यकाल पूर्ण होने पर नवीन समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया, जिसमे अध्यक्ष अनुराधा गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष सीताराम कश्यप, महामंत्री अमित कुमार, कोषाध्यक्ष विजेंद्र स्वरुप निगम का मनोनयन किया गया। इस बैठक में केन्द्रीय अधिकारी सुभाष अग्रवाल, अखिल भारती कोषाध्यक्ष की उपस्थिति में किया गया जहाँ सीतापुर, बिसवां, बहराइच, अयोध्या, बलरामपुर, बाराबंकी, गोंडा, लखनऊ महानगर आदि जिलो से वर्तमान तथा पूर्व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### लुलु मॉल में कृष्णा व किकू ने लोगों को हंसी से गुदगुदाया




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यह शनिवार सचमुच फनीवार साबित हुआ, लखनऊ के लुलु मॉल में हंसी और मुस्कान की भरमार थी। इस ख़ास मौके पर, द ग्रेट इंडियन कपिल शो में अपने शानदार अभिनय और बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग के लिए मशहूर कृष्णा अभिषेक और किकू शारदा ने दर्शकों को आश्चर्यचकित करते हुए उनसे मुलाकात की। इस मुलाकात से दर्शकों की खुशी दोगुनी हो गई। द ग्रेट इंडियन कपिल शो का दूसरा सीजन 21 सितंबर को शाम 8 बजे शुरू हुआ, जिसमें विशेष मेहमान के रूप में फिल्म 'जिगरा' की कास्ट – आलिया भट्ट और वेदग रैना, साथ ही करण जौहर और निर्देशक वसन बाला शामिल हुए थे। नेटफ्लिक्स द्वारा खास तौर पर आयोजित इस फनीवार मेले ने न सिर्फ एक हंसी भरा सफर पेश किया, बल्कि यह एक पूरा मनोरंजन पैकेज साबित हुआ, जिसमें मजेदार खेल और रोमांचक इनाम भी शामिल थे। यह अनूठा फनीवार मेला एक ऐसा अनुभव था जिसका लखनऊवासियों ने पूरा आनंद उठाया, हजारों की संख्या में इकट्ठा हुए प्रशंसकों ने अपने प्रियजनों के साथ घंटों इस मनोरंजक शाम का लुत्फ़ उठाया।

### चाचा बनकर साइबर ठगों ने दो लाख रुपए ट्रांसफर कराए

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को मैसेंजर पर उसका चाचा बनकर मैसेज किया। वीजा फंसने की बात कहकर एजेंट के खाते में दो लाख रुपए भेजने की बात कही। पीड़ित ने दो लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। उसके बाद वो और पैसों की डिमांड करने लगा। तब पीड़ित को ठगी का पता चला। सद्दाम खान तेलीबाग में परिवार संग रहते हैं। उन्होंने बताया कि बीती 18 सितंबर को उनके मोबाइल पर मैसेज आया जिसमें लिखा था कि तुम्हारा चाचा बोल रहा हूँ, और बहुत मुसीबत में फंस गया हूँ। उन्होंने बताया कि मेरे वीजा में गड़बड़ी की वजह से उन्हे पकड़ लिया गया है। मेरा वीजा अपडेट करवा दो जिसके बाद छूट जाऊगां और छूटते ही आपके सारे पैसे वापस कर दूंगा। सद्दाम का कहना था कि वह झांसे में आ गए और चाचा को मुसीबत में घिरा हुआ जानकर उन्होने भेजे गए नंबर पर दो लाख रुपए डाल दिया। लेकिन उसकी मांग बढ़ गई तो ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने साइबर सेल में सूचना देकर पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं

### रोजगार अधिकार अभियान की वर्चुअल मीटिंग आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बड़े पूंजी घरानों व उच्च धनिकों पर समुचित टैक्स, शिक्षा स्वास्थ्य व रोजगार की गारंटी, देश में खाली पड़े करीब एक करोड़ पदों पर तत्काल भर्ती और हर व्यक्ति की सम्मानजनक जिंदगी सुनिश्चित करने जैसे सवालों को लेकर चलाए जा रहे रोजगार अधिकार अभियान पर विचार–विमर्श करने और दिल्ली में प्रस्तावित मीटिंग की तैयारी के लिए कल वर्चुअल मीटिंग बुलाई गई है। युवा मंच संयोजक राजेश सचान ने बताया कि उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधियों के अलावा दिल्ली हरियाणा व अन्य राज्यों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। चलाए गए रोजगार अधिकार अभियान में युवाओं व नागरिकों का अच्छा समर्थन मिला है।

# गाढ़ी कमाई पर डाका डालने वाले साइबर अपराधियों के लिए काल बनी सरकार

समृद्धि न्यूज



**एसटीएफ की कार्रवाई में साइबर अपराध में लिप्त 379 साइबर अपराधियों को अरेस्ट किया गया है**

**लखनऊ ।** योगी सरकार ने पिछले साढ़े सात वर्षों में प्रदेशवासियों की गाढ़ी कमाई पर डाका डालने वाले साइबर अपराधियों पर नकेल कसने के लिए कई बड़े कदम उठाये। इनमें 18 रीजनल साइबर क्राइम थानों, डिजिटल फॉरेंसिक लैब समेत हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क आदि शामिल है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर साइबर अपराधियों को नेस्तनाबूद करने के लिए एसटीएफ द्वारा पिछले साढ़े सात वर्षों में बड़ी कारवाई की गई है। एसटीएफ की कार्रवाई में साइबर अपराध में लिप्त 379 साइबर अपराधियों को अरेस्ट किया गया है। इनमें एसजीपीजीआई की एसोसिएट प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट करके करीब 2 करोड़ की ठगी करने वाले गैंग के 16 साइबर अपराधी भी शामिल हैं, जिन्हे एसटीएफ ने लखनऊ और गौतमबुद्धनगर से अरेस्ट किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देशभर में बढ़ते साइबर अपराध को देखते हुए प्रदेश में साइबर अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए रीजनल साइबर क्राइम थानों, डिजिटल फॉरेंसिक लैब समेत कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये। इसके साथ ही प्रदेश में साइबर अपराध को रोकने, बड़े साइबर अपराधियों और गिरोह की कमर तोड़ने के लिए यूपीएसटीएफ को लगाया। इसी का परिणाम है कि पिछले साढ़े सात वर्षों में प्रदेश में साइबर अपराध के मामलों में काफी गिरावट दर्ज की गयी है।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर यूपीएसटीएफ ने साइबर अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया, जो आज भी जारी है। इस दौरान एसटीएफ ने क्लोन चेक बनाकर बैंक से ठगी, फर्जी टेलीकॉलिंग सेंटर से ऑनलाइन ठगी, बीमा कंपनियों के नाम पर ठगी समेत फर्जी बीमा कंपनी खोलकर ठगी करने वाले दर्जनों गिरोह का पर्दाफाश किया। एसटीएफ ने इस कार्रवाई में पिछले साढ़े सात वर्षों में 379 साइबर अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेला है।

इस दौरान एजेंसी ने बड़ी मात्रा में कंप्यूटर, लैपटॉप, वॉकी टॉकी, मोबाइल, सिम कार्ड, नकदी समेत अन्य सामान बरामद किया है। एसटीएफ ने प्रदेश में सबसे बड़े ऑनलाइन ठगी के गिरोह का भंडाफोड़ कर 105 साइबर अपराधियों को अरेस्ट किया। इस गिरोह के पास से करीब 2 लाख प्वाइंट डाटा (रिलायंस फ्यूचर, एक्साईड, बिरला सन लाइफ, मैक्स लाइफ, पीएनबी मेट लाइफ, एचडीएफसी एग्रो, पेटीएम ऑनलाइन शॉपिंग, शायक्लूज, फ्लिपकार्ट, इंडिया शॉपिंग मॉल) प्राप्त हुआ, जिसके जरिये गिरोह ठगी को अंजाम दे रहा था।

**सबसे अधिक गौतमबुद्धनगर से दबोचे गए 225 साइबर ठग**

एसटीएफ के डिप्टी एसपी दीपक सिंह ने बताया कि प्रदेशभर में साइबर अपराधियों की दबोचने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पिछले साढ़े सात वर्षों में सबसे अधिक गौतमबुद्धनगर, लखनऊ, गाजियाबाद में अभियान चलाकर साइबर अपराधियों को पकड़ा गया है। इनमें सबसे अधिक गौतमबुद्धनगर में 225 बड़े साइबर अपराधियों, लखनऊ से 116 अपराधियों, गाजियाबाद से 9 अपराधियों, प्रयागराज, आगरा और दिल्ली के पांच–पांच साइबर ठगों को दबोचा गया है। इसी तरह प्रतापगढ़, जौनपुर, कानपुर नगर से एक–एक, फतेहपुर, गोरखपुर से चार–चार, राजस्थान के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा वाराणसी के ऑनलाइन ठगी के मामले में बिहार से एक साइबर ठग को ट्रांजिस्ट रिमांड पर लेकर कई ठगी के मामलों का खुलासा किया गया।

# पर्यटन विभाग यूपी के पर्यटन स्थलों की करेगा ब्रांडिंग व मार्केटिंग : जयवीर

- ग्रेटर नोयडा में 25 से 29 सितम्बर तक होगा इंटरनेशनल ट्रेड शो

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** नई दिल्ली में आयोजित किये जाने वाले ट्रेड शो की तर्ज पर उत्तर प्रदेश सरकार ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो यूपीआईटीएस 2024 का आयोजन कर रही है। इस वर्ष दूसरे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ 25 सितंबर से होकर 29 सितंबर तक चलेगा। इसमें अन्य विभागों की तर्ज पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग भी प्रतिभाग करेगा। भव्य मंडप में प्रदेश की आध्यात्मिक-धार्मिक, सांस्कृति, प्राकृतिक विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी है।

उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग के स्टाल पर आगंतुकों को प्रयागराज में अगले साल जनवरी माह में लगने वाले महाकुंभ-2025, प्रदेश में उभरते हुए वेडिंग डेस्टिनेशन, यूपी पर्यटन नीति-2022 के लाभ व इसके तहत तैयार नई इकाइयों की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा यूपी नहीं देखा, तो इंडिया नहीं देखा के स्लोगन को आगे रखते हुए प्रदेश के धार्मिक-आध्यात्मिक पर्यटन स्थलों, वाइल्ड लाइफ इको टूरिज्म, बौद्ध सर्किट, जैन सर्किट, सूफी सर्किट और बुंदेलखंड के रोमांचक तथा आकर्षक पर्यटन स्थलों का भी प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं पर्यटकों का बड़ी संख्या में आगमन हो रहा है। पर्यटन विभाग ने हालिया आंकड़े के अनुसार मौजूदा वर्ष के शुरुआती छह माह में अयोध्या पहुंचने वालों की संख्या 11 करोड़ के करीब रही। अयोध्या में हर वर्ष की भांति इस साल भी दीपोत्सव भव्य, दिव्य तरीके से मनाने की तैयारी है। यूपीआईटीएस 2024 में अयोध्या को प्रमुखता से दर्शाया जाएगा। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपोमार्ट में पर्यटन विभाग के स्टॉल से प्रदेश के विभिन्न टूरिज्म डेस्टिनेशन सहित अन्य जानकारियां प्राप्त की जा सकती हैं।

# प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन कर रहा है ई-कॉमर्स कंपनियों व बैंकों का गठजोड़

समृद्धि न्यूज

- गठजोड़ पर अंकुश नहीं लगा तो रिटेल सेक्टर को होगा नुकसान

**लखनऊ ।** रविवार उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं कनफेडरेशन आफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट )के प्रदेश चेयरमैन संजय गुप्ता ने ई-कॉमर्स कंपनियों और बैंकों के गठजोड़ पर चिंता जाहिर करते हुए परंपरागत व्यापारियों के व्यापार को खत्म करने की सुनियोजित साजिश बताते हुए कहा ई-कॉमर्स कंपनियों एवं बैंकों का यह गठजोड़ प्रतिस्पर्धा अधिनियम का उल्लंघन कर रहा है है जिसमें उद्यमो या व्यक्तियों के बीच कोई समझौता जो प्रतिस्पर्धा को नुकसान पहुंचाता हो उसे अपराधिक माना जाता है।

व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ बैंकों की मिलीभगत पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह मिलीभगत पारंपरिक खुदरा व्यापारियों के लिए अस्वस्थ और असमान प्रतिस्पर्धा का माहौल बना रही है। उन्होंने कहा यदि सरकार ने तत्काल संज्ञान लेते हुए इस गठजोड़ पर अंकुश नहीं लगाया तो त्योहारों के मौसम पर रिटेल सेक्टर के परंपरागत व्यापारियों को भारी नुकसान पहुंचेगा। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने, ई-कॉमर्स कंपनियों और ब्रांड मालिकों के बीच अनैतिक सांठगांठ का आरोप लगाया, जिससे खुदरा व्यापार बुरी तरह विकृत हो रहा है। उन्होंने कहा इस मिलीभगत से देश के पारंपरिक खुदरा व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ है। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा विशेष छूट योजनाओं और बैंक कैशबैक ऑफर्स के माध्यम से आक्रामक छूट दी जा रही है, जो फ्लिपकार्ट और अमेजन जैसे प्लेटफॉर्म्स पर 10 प्रतिशत तक की छूट प्रदान कर रहे हैं, जिससे पारंपरिक व्यापारियों को और अधिक नुकसान हो रहा है। इसके अलावा, बैंकों ने भी इसी तरह की साझेदारियाँ की हैं, जो छूट, कैशबैक और अतिरिक्त लाभ प्रदान कर रही हैं। यह गंभीर चिंता का विषय है ये व्यापारिक प्रथाएँ निष्पक्ष नहीं हैं चाहे जानबूझकर या अनजाने में, ये बैंक एक कार्टेल का हिस्सा बन गए हैं जो एक अस्वस्थ और असमान बाजार बना रहा है, जो प्रतिस्पर्धा के लिए गंभीर चुनौतियाँ उत्पन्न कर रहा है।

## मनरेगा कन्वर्जेंस से ग्राम पंचायतों में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र

**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में मनरेगा कन्वर्जेंस से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण किया जा रहा है। ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र जो किराये के मकान में चल रहे हैं, मनरेगा योजना के अंतर्गत बाल विकास विभाग व पंचायती राज विभाग के अभिसरण से आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने निर्देश दिए हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाय व गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मनरेगा योजनांतर्गत मनरेगा, बाल विकास विभाग, पंचायती राज विभाग के अभिसरण बीते वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1984 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी ग्राम पंचायतों में निरंतर आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, इस वर्ष अब तक 626 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि 8,237 कार्य निर्माणाधीन हैं। इन आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के खेलने आदि की व्यवस्था भी की गई है।

# अभियान के तहत भाजपा नेता नीरज सिंह ने दिलाई सदस्यता

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में भाजपा सदस्यता को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को भाजपा नेता नीरज सिंह और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कैंट विधानसभा के तहत दशमेश भवन, आलमबाग में निर्मल सिंह ने नए सदस्यों को जोड़ने का काम किया और मेधावी छात्रों को सम्मानित किया।

नीरज सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। पंडित दीन दयाल व श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पार्टी का निर्माण किया था। दो सदस्यों वाली भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी कार्यकर्ताओं की पार्टी बन गई है। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि लखनऊ महानगर में हमारे कर्मठ और ऊर्जावान कार्यकर्ता घर-घर पहुंच रहे हैं और 2 लाख से अधिक सदस्य जोड़ने में सफल हुए हैं। हमें विश्वास है कि सदस्यता अभियान में लखनऊ महानगर कार्यकर्ता अधिक से अधिक सदस्य बनाकर उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहेंगे। 23 से 25 सितंबर तक विशेष सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। एमएलसी मुकेश शर्मा ने फैजुल्लागंज में एडवोकेट रोहित पवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वकीलों और क्षेत्र वासियों को मिस्ड कॉल दिलवा कर पार्टी से जोड़ा और मोहनलालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय पांडे सत्यम् द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं कार्यकर्ता जनों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## पूर्व सांसद कौशल किशोर शुरु करेंगे मतदाता धन्यवाद यात्रा

**लखनऊ ।** मोहनलालगंज के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर द्वारा मतदाता धन्यवाद यात्रा का शुभारंभ सिसेंडी कस्बे से करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मतदाताओं का धन्यवाद करना और उन्हें पार्टी के सदस्यता अभियान से जोड़ना है। कौशल किशोर ने वर्चुअल तैयारी बैठक में बताया कि यात्रा के दौरान चिह्नित 10 स्थानों पर भाजपा समर्थकों पर पुष्प वर्षा की जाएगी। उनका अभिनंदन किया जाएगा। यह यात्रा सिसेंडी से शुरू होकर मोहनलालगंज, मदाखेड़ा मंदिर, समेसी, नगराम, हरदोईया, गंगागंज, अमेठी, गोसाईगंज सहित अन्य स्थानों से होते हुए खुर्दही कस्बे में समाप्त होगी। यात्रा के समापन पर एक जनसभा का आयोजन भी किया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश की खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति की सराहना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा भारत मण्डपम्पम प्रगति मैदान नयी दिल्ली में चल रहे वर्ल्ड फूड इंडिया एक्सपो में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश के उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा अनुदानित इकाइयों के लगाये गये स्टालों पर आज भी भीड़ बनी रही। निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण उत्तर प्रदेश डा विजय बहादुर द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में आज हाल नम्बर 6 में केन्द्रीय मंत्री खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय चिराग पासवान द्वारा अवलोकन किया गया। श्री द्विवेदी ने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश के अधिकारियों द्वारा स्टॉल पर उपस्थित रहकर उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति- 2023 ,प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन एवं अन्य योजनाओं में मिलने वाली अनुदान व सुविधाओं को जानकारी सभी आगंतुकों को दी गयी।प्रदेश के विभिन्न जनपदों–गौतमबुद्ध नगर, प्रयागराज, अमरोहा मथुरा चित्रकूट ,गोरखपुर, शाहजहांपुर, लखनऊ ,आजमगढ़ आदि के जनपदो के उद्यमियों द्वारा उद्योग लगाने की इच्छा व्यक्त की गयी, साथ ही दिल्ली ,हरियाणा मध्य प्रदेश पंजाब गुजरात तमिलनाडु के उद्यमियों द्वारा उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति–23 के अन्तर्गत दी जा रही सुविधाओं की जानकारी हासिल की और नीति की सराहना की।

# भर्ती प्रस्तावों की खामियां अब 15 दिनों में दूर करके संबंधित आयोगों को भेजेंगे विभाग

**प्रमुख सचिव नियुक्ति व कार्मिक एम. देवराज ने दिए निर्देश**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** प्रदेश के लगभग हर विभाग में स्वीकृति के सापेक्ष भारी संख्या में पद रिक्त है। प्रदेश के मुख्यमंत्री कई बार रिक्त पदों पर जरूरत के हिसाब से शीघ्र भर्ती के निर्देश दे चुके है। भर्ती प्रस्तावों की खामियां विभागों को अब 15 दिनों में दूर करते हुए उसे पुनः संबंधित आयोगों को भेजना होगा।

प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक एम. देवराज ने इस संबंध में सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश भेज दिया है। इसमें कहा गया है कि सभी विभागों के समूह क, ख व ग के पदों पर भर्ती के लिए आयोगों को प्रस्ताव ई-अधियाचन पोर्टल के माध्यम से भेजने की व्यवस्था की गई है। सभी विभागाध्यक्ष इसका कड़ाई से पालन करेंगे और खामियां तय समय में दूर करेंगे, जिससे रिक्त पदों को जल्द भरा जा सके। विभागों को भेजे गए निर्देश में कहा गया है कि ई-अधियाचन पोर्टल पर निर्धारित प्रारूप पर भर्ती संबंधी प्रस्ताव भेजा जाएगा। यह ध्यान रखा जाए कि पोर्टल पर पहले भेजे गए प्रस्तावों को दोबारा न भेजा जाए। आयोगों द्वारा आपत्ति के साथ वापस किए जाने वाले प्रस्तावों की सभी आपत्तियां तत्काल निस्तारित करते हुए 15 दिनों में उसे आयोगों को पुनरू भेजा जाएगा।

विभागीय स्तर पर कोई प्रस्ताव अगर विचाराधीन है तो उसका भी तत्काल परीक्षण कराते हुए आयोगों को भेजा जाएगा।ई-अधियाचन पोर्टल पर ऑनबोर्ड विभागों और विभाग के तहत स्थापित कार्यालयों की मैपिंग एनआईसी द्वारा कराई जाए, जिससे पदों की पूरी जानकारी ऑनलाइन हो सके। ई-अधियाचन पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई सभी सूचना एनआईसी द्वारा कराई जाए, जिससे सही से परीक्षण कराने में किसी तरह की बाधा उत्पन्न न हो।

**कार्यक्रम** — नगर विकास मंत्री मऊनाथ भंजन में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत सफाई कार्यक्रम में हुए शामिल

# हर हफ्ते दो घंटे साफ-सफाई के लिए श्रमदान करने का संकल्प

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/मऊ ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने रविवार को मऊ नगर पालिका परिषद के मिर्जा हरदीपुरा वार्ड 44 के मऊनाथ भंजन में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित सफाई कार्यक्रम में शामिल हुए। मंत्री ने स्वयं झाड़ू हाथ में लेकर वहां के चौराहे की सफाई की और साफकिए गए कूड़े कचरे को अपने हाथों से उठाकर डस्टबिन में डाला।

उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को स्वच्छता की शपथ दिलाई और हर हफ्ते दो घंटे साफसफाई के लिए श्रमदान करने का संकल्प दिलाया तथा लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सभी सफाई कर्मी और नगरपालिका के गणमान्य नागरिकों ने मंत्री के साथ स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस 02 अक्टूबर तक श्स्वभाव स्वच्छता, संकल्प स्वच्छता थीम पर साफसफाई के लिए स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा पूरे देश में चलाया जा रहा है। नगर विकास विभाग इस अभियान को प्रदेश की सभी निकायों में स्वच्छता के साथ गरीबों की सेवा के रूप में चला रहा है, जिसमें सफाई कर्मी से लेकर विभाग के प्रमुख सचिव तक दिनरात परिश्रम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निकाय कार्मिकों और अधिकारियों को स्वच्छता अभियान में कहीं पर भी ढिलाई न बरतने के सख्त निर्देश दिए गए है। प्रदेश के नगरों को वैश्विक नगरों की श्रेणी में लाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। नगर पालिका परिषद मऊ का यह स्थान मेरे बचपन से भी जुड़ा रहा है, इसी चौराहे से होकर साइकिल से अपने गांव जाता था, यहां पर कुछ देर रुक कर घरेलू सामान, सब्जी आदि खरीदने थे। उन्होंने कहा कि कोई भी अकेला व्यक्ति निरंतर साफ सफाई और स्वच्छता जैसे कार्य को नहीं कर सकता बल्कि सबको मिलकर इस कार्य को करना होगा और अपने घरों व दुकानों के साथ आसपास के क्षेत्र को भी साफसुथरा बनाना होगा। अपने घरों व दुकानों के गीला और सूखा कचरा अलग-अलग कर कूड़ा गाड़ी को दें न कि सड़कों, गलियों, चौराहों, नाले व नालियों में फेंके। उन्होंने कहा कि सफाई स्वच्छता के कार्यों में सहयोग देने से हम सभी पर्यावरण को भी प्रदूषित होने से बचा सकते हैं, अपने आप पास स्वच्छता होने से सभी के लिए स्वच्छ वातावरण मिलेगा।

**नाले नालियों में हो रहे अतिक्रमण को रोकना होगा**

जल निकासी के लिए नाले नालियों में हो रहे अतिक्रमण को भी रोकना होगा। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश की निकायों में पार्कों, उद्यानों, चौराहों, प्रमुख स्थानों, धार्मिक स्थलों, नदी घाटों, ऐतिहासिक स्थलों, मुख्य मार्गों, द्वारों आदि का सुंदरीकरण कराया जा रहा है। मऊ नगरपालिका परिषद में भी 100 से 200 करोड रुपए का निर्माण कार्य कराया जा चुका है। मऊ महादेवा की सफाई सुंदरीकरण का कार्य कराया गया। उन्होंने कहा कि विदेशों में गंदगी फैलाने पर सख्त जुर्माना का प्रावधान है, वहां के नगर साफसुथरा और हमेशा स्वच्छ रहते हैं। मऊ से ही बहुत से मुस्लिम और हिंदू भाई खड़ी के देशों आबूधाबी, शरजाह, दुबई आदि में जाते होंगे और वहां की सफाई व्यवस्था आदि से परिचित ही होंगे, लेकिन हमारे देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था होने से कानून के डंडे से नहीं बल्कि समझाने बुझाने का प्रयास कर कार्य कराया जाता है। उन्होंने सभी दुकानदारों से अपने दुकान के सामने डस्टविन जरूर रखने को कहा, जिससे दोना पत्तल, कूड़ा कचरा इधर–उधर न फैले।

# मनमाने स्थानांतरण पर अधिकारियों के विरुद्ध संघ ने फूंका बिगुल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ गोंडा के क्षेत्रीय कार्यालय नई हाइडल कॉलोनी पर गायत्रीपुरम में संगठन की आकस्मिक बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय प्रचार सचिव श्री नीरज तिवारी ने किया बैठक का प्रमुख मुद्दा विगत दिनों अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल द्वारा अनियमित एवं मनमाने तरीके से तकनीकी कर्मचारियों का वर्ष के बीच में स्थानांतरण करने का था।

संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रुपेश सोनी ने कहा कि अधीक्षण अभियंता महोदय द्वारा स्थानांतरण नीति के विरुद्ध जाकर कर्मचारियों के शोषण के उद्देश्य यह स्थानांतरण किया गया है



- बैठक करके बनाई रणनीति

जिसमें अनेको असमानताएं उत्पन्न हुई हैं उन्होंने कहा कि काफी समय से एक ही जगह पर कार्यरत किसी भी संविदा अथवा अन्य संवर्ग का स्थानांतरण नहीं किया गया है जबकि नव नियुक्त तकनीकी कार्मिकों का मनमाने ढंग से खंड से बाहर स्थानांतरण कर दिया गया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री राकेश यादव ने स्थानांतरण पर सवाल उठाते हुए कहा कि अधीक्षण अभियंता द्वारा किए गए स्थानांतरण में अनेकों घपले हुए हैं कुछ कृपा पात्रों को एक ही खंड में एक उप केंद्र से दूसरे को केंद्र पर स्थानांतरित कर दिया गया जबकि कुछ कार्मिकों को शोषण के उद्देश्य से शहर से अथवा उनके कार्यस्थल से काफी दूर स्थानांतरित कर दिया गया है ।वर्ष के बीच में स्थानांतरण से कर्मचारियों में अत्यंत ही आक्रोश एवं असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है क्योंकि कार्मिकों के बच्चों का स्कूलों में एडमिशन की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है ऐसे में स्थानांतरण किए जाने से उनके शिक्षा एवं पारिवारिक जीवन पर अत्यंत ही बुरा प्रभाव पड़ेगा। संघ के जिला अध्यक्ष श्री बृजेंद्र सिंह ने कहा कि स्थानांतरण के दौरान किस नियम का पालन किया गया है तथा उद्देश्य क्या है यह अधीक्षण अभियंता महोदय को भी नहीं पता है संघ ने पूर्व में ही महोदय से इस संदर्भ में वार्ता कर अनावश्यक स्थानांतरण न करने का अनुरोध किया था परंतु अधीक्षण अभियंता महोदय है की हठधर्मिता के कारण कार्मिकों का स्थानांतरण किया गया है जो संदेह के दायरे में है।

### गैर स्थानांतरण नीति के नियमों की अनदेखी : नरेंद्र मिश्रा

क्षेत्रीय सचिव नरेंद्र मिश्रा ने कहा कि स्थानांतरण उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन की नीति के तहत जनमानस व निगम हित में वरिष्ठता के क्रम में एकरूपता में होता परंतु वर्तमान में चल रहे स्थानांतरण में अधीक्षण अभियंता महोदय द्वारा न तो सर्किल स्तर पर और न ही डिवीजन स्तर और न ही जोन स्तर पर कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची को ध्यान न रखकर मनमाने तरीके से गैर स्थानांतरण नीति के नियमों की अनदेखी कर सर्किल स्तर व डिवीजन स्तर पर सिर्फ एक संवर्ग का स्थानांतरण किया गया है जो न तो विधि सम्मत है। और न ही कर्मचारियों को नैसर्गिक न्याय मिलने की संभावना है जिला सचिव सतीश गुप्ता ने कहा कि अधीक्षण अभियंता महोदय को पत्र लिखकर नियम विरुद्ध किए गए सभी स्थानांतरण को तत्काल निरस्त करने का अनुरोध किया गया है स्थानांतरण निरस्त न किए जाने की स्थिति में संगठन अधीक्षण अभियंता कार्यालय सम्मुख विरोध प्रदर्शन करने हेतु बाध्य होगा।

### टेक्नीशियन संवर्ग का लगातार किया जा रहा शोषण : नीरज तिवारी

बैठक की अध्यक्षता कर रहे श्री नीरज तिवारी ने कहा कि विगत कुछ माह से टेक्नीशियन संवर्ग का लगातार शोषण किया जा रहा है किसी भी प्रकार की कार्रवाई हेतु टेक्नीशियन संवर्ग को लगातार टारगेट किया जा रहा है जबकि इस संबंध को किसी भी प्रकार का लाभ अथवा अधिकार प्रबंधन द्वारा दिया ही नहीं गया है। तथा उपरोक्त स्थानांतरण पर आवश्यक कार्रवाई हेतु उच्च स्तर पर पत्र प्रेषित किया गया है। बैठक में अमित सिंह, ललित चौधरी, अमित कुमार, मुकुट राम, धर्मेंद्र शर्मा, राहुल गुप्ता, अवधेश शर्मा, मनोज कुमार, इंद्र कुमार यादव, संतोष कुमार यादव, राजकुमार वर्मा, मोहम्मद आरिफ व जनपद के समस्त टेक्नीशियन शामिल रहे।



### 300 बाढ़ पीड़ितों को लायंस क्लब गोंडा सेवा ने बांटे राहत सामग्री व कंबल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** लायंस क्लब गोंडा सेवा द्वारा आज बाढ़ चौकी कटरा भोगचंद्र पहुंचकर 300 बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री पैकेट एवं कंबल का वितरण किया गया। उक्त सामग्री लायंस क्लब इंटरनेशनल फ़ाउंडेशन एलसीआईएफ से भेजा गया था, जो समय-समय पर किसी भी प्रकार की आपदा आने पर देश के कोने-कोने तक इस प्रकार की सहायता निरंतर भेजती रहती है। लायंस क्लब गोंडा सेवा द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों का आकलन करते हुए लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा वितरण की जिम्मेदारी लायंस क्लब गोंडा सेवा को दी। इसी के तहत कटरा भोगचंद्र बाढ़ केंद्र पर महेशपुर, लकारमंडी, वजीरपुर आदि ग्रामवासियों को अध्यक्ष ला. चंद्रकेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष ला. डॉ पी बी सिंह, ला. अजय मित्तल, ला. राजकुमार जायसवाल, बसंत नेवटिया, अमित पांडे, सुशील जालान, संदेश गर्ग, राजीव अग्रवाल, राजेश जायसवाल, अरुण बंसल, विपुल मोदी, अजय गर्ग, अरविंद श्रीवास्तव, दीपक गुप्ता, अर्जुन सोनी, फरहान अहमद द्वारा राहत सामग्री वह कंबल का वितरण किया गया। मौके पर तहसीलदार रंजन वर्मा, लेखपाल विशुनदेव सिंह, महेशपुर के प्रधान विष्णु, सुभास प्रधान कटरा भोगचंद्र के प्रधान सुभाष शाहिद तमाम लोग उपस्थित रहे।

# सीआरओ ने प्रधान की शिकायत पर नगर पालिका परिषद के ईओ को दिये निर्देश

**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

तहसील व विकास खंड कर्नलगंज अन्तर्गत ग्राम कादीपुर के प्रधान जयप्रकाश सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर नगर पालिका परिषद कर्नलगंज द्वारा विधि विरुद्ध व अनियमित तरीके से लाभ पहुंचाये जाने के मामले में संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई किये जाने क़ी उच्चाधिकारियों से मांग क़ी है। प्रधान श्री सिंह ने बताया क़ी नगर पालिका परिषद कर्नलगंज के सीमा विस्तार में उनके ग्राम पंचायत के कई मजरे व तमाम गाटा संख्या नियम विरुद्ध शामिल कर लिया गया। जिसके संबंध में तत्कालीन उपजिलाधिकारी ने प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय को पत्र भेजकर लिखित रूप से अवगत कराया है क़ी अपने कार्यालय के पत्र संख्या-81/ एल.बी.सी./2022 दिनांक 27 अगस्त 22 का सन्दर्भ ग्रहण करें,जो नगर पालिका परिषद कर्नलगंज के सीमा विस्तार हेतु जारी अधिसूचना के विरूद्ध प्रस्तुत आपत्ति से संबंधित है। प्राप्त आपत्तियों की जाँच कराई गई व राजनैतिक दलों के साथ पूर्व में बैठक कर कार्यालय के पत्र संख्या- 969 /आ.लि./22 व 16-8-22 कों आपत्तियों का निस्तारण करते हुए आख्या प्रेषित की जा चुकी है। उपजिलाधिकारी द्वारा पत्र में कहा गया है की प्राप्त आपत्तियों क़ी जॉच के दौरान ग्राम कादीपुर के मजरा रग्घापुरवा के साथ अन्य गाटे नगर पालिका परिषद कर्नलगंज के विस्तार के प्रस्ताव में सम्मिलित कर प्रेषित किया गया है,जो नगर पालिका परिषद विस्तार के मानक के अनुरूप नही पाया गया है। जिसमें गाटा संख्या-59 से गाटा संख्या-88 तक व गाटा सं. 111 से 155 तक गाटा सं. 422 से 432 तक, गाटा सं. 448 तथा गाटा सं. 478 से 495 शामिल है। पत्र में कहा गया है की प्रकरण के संबंध में तत्कालीन उपजिलाधिकारी द्वारा माननीय न्यायालय में काउंटर भी दाखिल किया गया है। फिर भी उपरोक्त गाटाओं से संबंधित व्यक्तियों को नगर पालिका परिषद कर्नलगंज द्वारा अनियमित तरीके से लाभ पहुंचाया जा रहा है,जो विधि विरुद्ध है। प्रधान ने संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई किये जाने क़ी मांग क़ी है। मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए मुख्य राजस्व अधिकारी द्वारा नगर पालिका परिषद कर्नलगंज के अधिशाषी अधिकारी को कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### मुंबई से लौट रहा युवक जहरखुरानी गिरोह का शिकार

**बेहोशी की हालत मिला युवक, पैसे व कपड़े गायब**

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के माधवपुर ग्राम पंचायत में रविवार सुबह युवक अर्धचेतन अवस्था में मिला। युवक ने होश में आने के बाद बताया कि वह बलरामपुर जनपद के पचपेड़वा थाना क्षेत्र के हिसामपुर गांव निवासी अख्तर अली पुत्र शमसुद्दीन है। उसने बताया कि वह मुंबई से पनवेल एक्सप्रेस से आ रहा था गोंडा पहुंचने के बाद वह जहर खुरानी गिरोह का शिकार हो गया। वह कब यहां पहुंचा उसे कुछ पता नहीं है। उसके पास कपड़े और कुछ पैसे थे जो जहर खुरानी गिरोह के लोगों ने लूट लिए हैं। लोगों ने इसकी सूचना उसके परिजनो को फोन कर दिया।

# गोंडा के रोज वैली मैरिज लान में विश्वकर्मा श्रम सम्मान प्रशिक्षण आयोजित

- एक हाल में सभी ट्रेड के प्रशिक्षार्थियों को बैठाकर सामूहिक रूप से दिया जा रहा प्रशिक्षण

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

इधर कई दिनों से रोज वैली मैरिज लॉन में विश्वकर्मा श्रम सम्मान के विभिन्न ट्रेडो की ट्रेनिंग चल रही है जिसमें नियम है की जो भी ट्रेनर ट्रेनिंग देंगे उनका टीओटी अवश्य होना चाहिए किंतु इस समय जो भी ट्रेनर है दो एक को छोड़कर शेष सभी अनट्रेंड है ट्रेनिंग से संबंधित मामले की जांच करने के लिए रविवार को विभिन्न समाचार पत्रों के पत्रकारों ने जब पड़ताल किया तो पाया जहां अलग-अलग कमरों में ट्रेड की ट्रेनिंग होनी चाहिए वही एक बड़े से हल में सिलाई दर्जी, हलवाई, बढ़ई इत्यादि



ट्रेडों की ट्रेनिंग एक साथ एक बड़े हॉल में चल रही है इसके अलावा एक और रूम है जिसमें हलवाई ट्रेड के दो बैच के बच्चे ट्रेनिंग ले रहे थे यहां भी ट्रेनिंग देने वाले स्वयं ही अनट्रेड है जैसे की सूचना है यहां तो यह भी खेल किया जा रहा है की शुरू में जो ट्रेनर पीलीभीत से आए थे और उनके पास टीओटी था उन्हीं की टीओटी पर अब अनट्रेंड ट्रेनरों को दिखाया जा रहा है ऐसे में सूत्र बता रहे हैं कि जिनके पास टी ओ टी है उनका शासन की तरफ से रु. 1500 का भुगतान किया जाता है किंतु यहां जो खेल चल रहा है वह अनट्रेड ट्रेनरों को रखकर उन्हें प्रतिदिन रु. 400 की दिहाढ़ी दी जा रही है सबसे बड़ा घोटाला तो यही है दूसरी चीज जब एक साथ चार-चार या पांच-पांच ट्रेड की ट्रेनिंग दी जाएगी तो दर्जी, बढ़ई का सीख लेगा बढ़ई हलवाई का सीख लेगा और हलवाई नाई का सीख लेगा कहने का तात्पर्य है की जो भी सीखेगा वह आधा तीहा ही सीखेगा इसी वजह से शासन की जो मानसा है वह यह है कि प्रत्येक ट्रेड की ट्रेनिंग अलग-अलग कक्ष में हो जिससे जो भी कुछ सिखाया जाए वह अच्छे से सीखे यह तो रही सीखने सिखाने की बात अब यहां पीलीभीत से आए हरीराम से जब पूछा गया की आपके यहां खाने का कोई मीनू है तो हमें उपलब्ध कर दे उन्होंने कहा कोई मीनू नहीं है यहां जिन बच्चों की 10 दिन की ट्रेनिंग पूरी हुई है उनसे पूछा गया तो उन्होंने बताया की दोपहर में दो से 2:30 बजे के बीच भोजन दिया जाता है भोजन में आए दिन राजमा चावल किसी दिन छोले पूरी और चावल किसी दिन सब्जी चावल और पूरी दाल शायद ही किसी दिन बनती हो इसके अलावा जब पूछा गया कि इसके साथ कोई मीठा सिखाने वाले बच्चों को दिया जा रहा है बताया कोई मीठा नहीं दिया गया न सुबह की चाय दी जाती है न शाम की चाय दी जाती बस केवल दोपहर में एक टाइम भोजन मात्र दिया जाता है। ट्रेनिंग करने वाले बच्चों के लिए आवास की कोई सुविधा नहीं है जो इन्होंने आवास बना रखा है उसमें इन्होंने अपना ऑफिस खोल रखा है मजबूरी में बच्चों को दूर-दूर से प्रतिदिन आना और जाना पड़ता है ।

## खबरें एक नजर में

### अनियमितता के आरोप में कोटिया मदारा की कोटे की दुकान निलंबित

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** सरकार के जीरो टालरेंस नीति की धज्जियाँ उड़ा रहे भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे तहसील कर्नलगंज क्षेत्र के कटरा बाजार के नवागत पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार के एक कोटेदार को बचाने की साज़िश रचने के कारनामे से जुड़े आडियो के वायरल होने की खबर समाचार पत्रों की सुर्खियां बनने से विभाग की काफी फजीहत होने और गले की फांस बनते देखकर आखिरकार जिम्मेदार अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेकर कटरा बाजार विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम कोटिया मदारा की सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान को अनियमितता के आरोप में निलंबित कर दिया है। इस दुकान को गांव के ही दूसरे कोटेदार विजय कुमार के यहां अटैच कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि जांच में कतिपय कार्डधारकों द्वारा कम मात्रा में खाद्यान्न प्राप्त होना बताया गया था तथा विक्रेता द्वारा ई-पॉस मशीन से मिलने वाली पर्ची कार्डधारकों को ना दिए जाने के सम्बन्ध में कोई उत्तर नहीं दिया गया। डीएम के आदेश पर हुई जांच में मिली अनियमितताओं के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कोटेदार को बचाने में लगे थे। इस संबंध में समाचार पत्र में प्रमुखता से खबर भी प्रकाशित हुई थी।

### ग्राम सभा खाड़ोलिया पाठक विकासखंड पंडरी कृपाल में चल रहा भ्रष्टाचार का खेल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** योगी सरकार एक तरफ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और जिरोटालरेंस की निति



पर काम करने की बात कर रही है वहीं दूसरी तरफ गोण्डा जिले में कार्यरत जिम्मेदार अधिकारियों के चलते केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना जमीनी धरातल पर उतरने से पहले ही भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ रही है ।गांव के मजदूरों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध करा क़र मजदूरों को दूसरे प्रदेश में पलायन से रोकने के लिए चलाई जा रही मनरेगा योजना जिम्मेदारों के चलते भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गई है इस पूरे भृष्टाचार में जिला मुख्यालय से लेकर विकास खंड के सभी जिम्मेदार अधिकारी भी संलिप्त है क्योंकि इनकी संलिप्तता के बगैर यह सब संभव ही नही है। विकास खंड मनकापुर की ग्राम पंचायत करोहामान में मनरेगा से चलाए जा रहे कार्यो में जिम्मेदार अधिकारियों के संरक्षण में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है पूरे मामले में तक नीकी सहायक,रोजगार सेवक व प्रधान की मिलीभगत सामने आयी है ।ग्राम पंचायत में दो कार्यो में 67 श्रमिको की हाजिरी लगाई जा रही है ।पहले कार्य जंगी के घर से हनीफ के घर तक मिट्टी पिटाई का कार्य पर 30 श्रमिक की फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है जबकि मौके पर सिर्फ 4 श्रमिक ही काम कर रहे हैं ।जिसकी खबर भी प्रकाशित की गई और अधिकारियों के संज्ञान में आया लेकिन लगातार मास्टर रोल में दो कार्य चलता रहा ।और अधिकारियों के द्वारा करवाई शून्य रही। दूसरे कार्य में पी डब्लू सड़क से सीसी रोड तक कच्ची सड़क तक चकबन्ध कार्य पर 37 श्रमिको की हाज़िरी लगाई जा रही है वही मौके कोई श्रमिक मौजूद नहीं है ।ग्राम पंचायत तुलसीपुर कोड़री के मजरा कड़वालिया पाठक में पीडब्लू रोड़ से उदय राज के खेत तक इंटर लॉकिंग निर्माण कार्य पर दस श्रमिको की उपस्थिति दर्ज की गई है,लेकिन मौके पर सिर्फ पांच श्रमिक ही कार्य क़र रहे है ।वही सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि जिस रास्ते पर इंटरलॉकिंग का कार्य चल रहा है उस रास्ते पर पहले से खड़ंजा लगा हुआ था और वही पुरानी ईट को तोड़कर इस पर इंटरलॉकिंग का कार्य घटिया मसाले सेचल रहा है।

# नाले में डूबकर ममेरे भाई-बहन की मौत

- घाघरा नदी से लगे नाले में स्नान करते समय दोपहर में हुआ हादसा
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

घाघरा नदी से सटे मनगौढिया गांव में स्नान करते समय रविवार दोपहर में ममेरे भाई और बहन की डूबकर मौत हो गई। कुछ देर बाद पुलिस ने शव बरामद कर लिया। पोस्टमार्टम के लिए शव भेजा जा रहा है।

दो मौत से दोनों परिवार में कोहराम मच गया है।मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मनगौढ़िया ग्राम पंचायत के



मोतीपुरवा गांव निवासी पिंटू के यहां लखमीपुर खीरी जिले के प्रतापुर गांव निवासी रिंकी अपने ननिहाल में आई थी। रविवार दोपहर में रिंकी (10) पुत्री बदलू अपने ममेरे भाई धर्मेंद्र के साथ नाले में स्नान करने लगी। घाघरा नदी से लगे नाले में इस समय काफी मात्रा में पानी भरा हुआ है। स्नान करते समय दोनों की रविवार दोपहर में डूबकर मौत हो गई। कुछ देर बाद दोनों के शव गांव के नाले में उतराते हुए लोगों ने देखा। शवों को बाहर निकाला गया तो हड़कंप मच गया। पुलिस को सूचना दी गई। जालिम नगर चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। चौकी इंचार्ज दिनेश सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# प्रीमियर लीग : कप्तान-उपकप्तान का हुआ ऑक्शन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

बहराइच प्रीमियर लीग में कप्तान और उप कप्तान के लिए ऑक्शन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि इशरत महमूद खान व विशिष्ट अतिथि छोटू अवस्थी रहे। बहराइच प्रीमियर लीग का आगाज नवंबर माह में किया जाएगा।

टूर्नामेंट के सचिव निखिल श्रीवास्तव ने बताया कि प्रीमियर लीग में 6 टीमे प्रतिभाग करेंगी। जिसमें बहराइच बुल्स, कैसरगंज किंग्स, पयागपुर पैंथर्स, नानपारा नाईट्स, रुपईडीहा राइनोज,श्रावस्ती स्पार्टन्स है। इन टीमो में प्रदेश भर के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इन टीमों के कप्तान और उपकप्तान के लिए टीम मालिकों के साथ आज ऑक्शन आयोजित किया गया। जिसमें टीम मालिकों ने



कप्तान और उप कप्तान के लिए जमकर दांव लगाए। जिसमे बहराइच बुल्स के ऑनर उत्कर्ष सिंह ने अंशुमान पांडे पर बड़ी बोली लगाई। तो कैसरगंज किंग्स के ऑनर सौरभ शुक्ला ने भी बड़ी बोली लगाते हुए वैभव सिंह पर दांव लगाया।

संयुक्त रूप से अंशुमन पांडे व वैभव सिंह सबसे महंगे कप्तान रहे। खिलाड़ियों का ऑक्शन नवंबर माह में आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रदेश भर से 120 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। ऑक्शन के दौरान पयागपुर पैंथर्स के मनीष सिंह, रुपईडीहा राइनोज के जीतू कश्यप, कैसरगंज किंग्स के सौरभ शुक्ला, बहराइच बुल्स के उत्कर्ष सिंह, श्रावस्ती स्पार्टन के हरेंद्र वैद्वान, नानपारा नाइट्स के शादाब खान, टूर्नामेंट आयोजक निखिल श्रीवास्तव, अंशुमान पांडे, दिव्यांश सिंह, वैभव सिंह, राजू उपस्थित रहे।

# बाइक में डीसीएम ने मारी ठोकर, युवक की मौत, मां व भतीजा घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में नानपारा-बहराइच मार्ग पर बाइक में अनियंत्रित डीसीएम ने ठोकर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मृतक की मां और भतीजा घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। रिसिया थाना क्षेत्र के पटेल नगर निवासी संदीप कुमार पाल (30) पुत्र घूरे पाल पानी मां और भतीजा के साथ बाइक से नानपारा की तरफ गए थे।रविवार दोपहर में दो बजे बाइक से मां-बेटे और भतीजी वापस घर के लिए रवाना हुए। मटेरा थाना क्षेत्र के प्रहलादा गांव के पास डीसीएम ने बाइक में ठोकर मार दी। जिससे संदीप की मौके पर ही मौत हो गई।



- नानपारा से घर वापस आने के दौरान हुआ हादसा

जबकि मां और भतीजा घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं मृतक के शव को पिता घूरे पाल की तहरीर पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

# शिक्षक के सही ज्ञान से मंजिल पाते हैं छात्र : डीआईओएस

- शिक्षकों की पांच दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शहर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की क्षमता संवर्धन हेतु समेकित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन हुआ।

प्रशिक्षण समापन अवसर पर शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार ने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं संस्कार देकर एक आदर्श छात्र बना सकते है।

शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आज अंतिम दिवस था प्रशिक्षण के अंतिम दिन अभय सिंह प्रवक्ता जीवविज्ञान ,महेन्द्र प्रताप सिंह



प्रवक्ता अंग्रेजी ने कविता प्रस्तुत की , राजेश कुमार सिंह प्रवक्ता अंग्रेजी ने धार्मिक पुस्तकों एवं वेदो के माध्यम से शिक्षक की महत्ता पर प्रकाश डाला। आनन्द मोहन प्रधान प्रवक्ता अंग्रेजी ने जेजे एक्ट के अधिनियम से लोगो को अवगत कराया। राजीव कुमार श्रीवास्तव प्रवक्ता ने दूरस्थ स्थित विद्यालय में शिक्षा के स्तर की जानकारी दी।

इस दौरान मास्टर ट्रेनर नीरज कुमार चतुर्वेदी, रजत पाठक विनय कुमार, नेहा कटारिया ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण में अच्छी एवं सांस्कारिक शिक्षा रेमिडियल टीचिंग से लाभ के बारे में बढे ही अच्छे ढंग से जानकारी दी।

इन पांच दिवसीय प्रशिक्षण में नागेन्द्र दत्त अवस्थी, राज कुमार शर्मा, राजेश कुमार सिंह, शकुंतला सिंह, प्रतिमा शुक्ला, मीनाक्षी सिंह, सीमा वर्मा, दीप्ति चौरासिया ने अपने अपने विषयों को रुचिकर बनाने के टिप्पस दिए।

### सुबह टहलने निकली सगी बहन नहीं लौटी घर, केस दर्ज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** कैसरगंज थाना अंतर्गत विगत 14 सितंबर को सुबह करीब आठ बजे दो सगी बहने जिनकी उम्र 14 वर्ष और 20 वर्ष है, घर के पास सुबह टहलने निकली थी कि अचानक वहां से गायब हो गई। पिता ने जब घर लौटे तो उन्हें दोनों बेटियां घर पर नहीं मिली। इस पर उन्होंने तत्काल आसपास लोगों से पूछताछ की और ढूंढना शुरू कर दिया। लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका ।उन्होंने इस संबंध में स्थानीय पुलिस को सूचना दी थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। 21 सितंबर को पुन: प्रार्थना पत्र दिया तब जाकर पुलिस ने शहादत अली पुत्र शाहिद अली निवासी डिहवा, शेर बहादुर सिंह, रामकरन निवासी बंजारी मोड़ कोतवाली देहात थाना बहराइच के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है तथा दोषियों की तलाश जारी है।

# मिशन शक्ति, शक्ति दीदी अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण आयोजित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रविवार को महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के लिए पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में मिशन शक्ति,शक्ति दीदी अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण का आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन में किया गया। इस दौरान जनपद के सभी थानों और पुलिस कार्यालयों में तैनात महिला कर्मियों को बीट आवंटित किया गया तथा उसको प्रभावी रूप से धरातल पर कैसे क्रियान्वित करना है इसके संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया। सभी महिला बीट अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपनी-अपनी आवंटित बीट में ग्राम प्रधान, आशा बहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा स्थानीय स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाली लड़कियों के साथ संवाद स्थापित करें उनके मोबाइल नंबर प्राप्त करें तथा अपने मोबाइल नंबर दें। उस क्षेत्र में सभी शराब के ठेकों की, जुओं के अडडो की

- महिलाओं के आवागमन को बाधित करते हैं, परेशान करते हैं उनकी पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें : वृंदा शुक्ला

जानकारी करें जो उस गांव में शोहदे हैं या आदतन शराबी हैं जो महिलाओं के आवागमन को बाधित करते हैं, परेशान करते हैं उनकी पहचान कर उनके खिलाफ कार्यवाही करें तथा नियमित रूप से महिला चौपाल लगाकर स्थानीय महिलाओं को पुलिस की सेवाओं के बारे में तथा पुलिस तक सुगमता से पहुंचने के संबंध में जानकारी प्रदान करें। महिलाओं के चल रहे विवाद एवं समस्याओं की



अधिक से अधिक निस्तारण मौके पर ही करना सुनिश्चित करें। थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि महिला सम्बंधी शिकायतों से सबंधित आईजीआरएस के प्रकरण भी महिला बीट अधिकारियों को जांच हेतु तथा आईजीआरएस पोर्टल पर अपलोड करने के लिए प्रदान किया जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि सभी थानों पर प्रभावी रूप से परिवार परामर्श केंद्र का गठन कर वहीं पर मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों को निस्तारित करने का प्रयास किया जाए ताकि दूर-दराज रहने वाली महिलाओं को जनपद मुख्यालय तक मध्यस्थता करने के लिए ना आना पड़े तथा ऐसे प्रकरण जहां पर पुन: घरेलू हिंसा होने की संभावना बनी रहती है उनमें पुलिस अपनी नियमित निगरानी महिला बीट अधिकारी को पीड़िता के घर पर भेजकर 7 दिवस, 15 दिवस तथा 01 माह के अंतराल पर विवादित दंपति की नियमित चेकिंग कराना सुनिश्चित करें। यह भी निर्देशित किया गया कि सभी महिला बीट अधिकारी थाना प्रभारी के सहयोग से अपने अपने क्षेत्र में दुर्गा पूजा/नवरात्रि के दौरान महिला चौपालों का आयोजन करें तथा बड़े पूजा स्थलों पर भी पूजा के पश्चात महिला चौपाल का आयोजन करें। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा पवित्र मोहन त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी महसी रूपेन्द्र गौड़, क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा हीरालाल कनौजिया, क्षेत्राधिकारी नगर रमेश चन्द्र पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी कैसरगंज अनिल कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी पयागपुर राहुल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह, व समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रूपईडीहा थाना क्षेत्र के रंजीत बोझा गांव निवासी रुखसार (21) पत्नी नियामत अली की तबियत शनिवार को खराब हुई। इस पर परिवार के लोग किसी सरकारी अस्पताल में ले जाने के बजाए नौतला स्थित अस्पताल में ले गए। नौतला स्थित प्राइवेट अस्पताल में महिला का इलाज शुरू हुआ। कुछ देर बाद महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला के मायके लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष से वार्ता की जा रही है। शायद दोनों पक्ष सुलह के लिए राजी हैं। हालांकि लड़की पक्ष के लोग कार्यवाई की मांग कर रहे हैं।

# प्रशासन का चले बुलडोजर, इससे पहले खुद ही हथौड़े से तोड़कर अतिक्रमण हटाने लगे दुकानदार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

शहर के चौक घंटा घर से पीपल तिराहा तक जिला प्रशासन की ओर से आक्रमण हटाया जा रहा है।

अतिक्रमण हटाने के दौरान व्यापारियों को नुकसान भी हो रहा है। इसको देखते हुए व्यापारी मजदूरों को लगवा कर स्वयं बहराइच पर हथौड़ा चलवा रहे हैं। शहर में जाम की समस्या आम लोगों के लिए मुसीबत का सबक बना हुआ है। इसको देखते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस और प्रशासन की टीम लगाकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। डीएम के निर्देश पर शुक्रवार से शहर के पीपल तिराहा से घंटाघर तक अतिक्रमण हटाया गया। नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने ईओ नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह की देखरेख में अतिक्रमण हटवाया। कई दुकान के सामने चबूतरे तोड़ दिए गए। इससे व्यापारियों को नुकसान भी हुआ। जिला प्रशासन की ओर से अभी और अतिक्रमण हटवाया जाएगा। इसको देखते हुए घंटाघर चौक के व्यापारियों ने मजदूरों को लगवाकर स्वयं के निर्माण पर हथौड़ा चलवाना शुरू कर दिया। श्रमिक दुकान के सामने नाली पर बने निर्माण को तोड़ रहे हैं। नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ सोमवार से शुक्रवार तक अभियान निरंतर चलेगा। जबकि शनिवार और रविवार को छूट रहेगी।

# गंगोत्री अस्पताल का लाइसेंस निरस्त

## प्रसूता की मौत में पाया गया दोषी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

प्रसव के दौरान लापरवाही के चलते हुए जच्चा की मौत के मामले में आरोपी ओम गंगोत्री हॉस्पिटल के संचालक व डॉक्टर को दोषी पाया गया है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कार्रवाई करते हुए अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। वहीं पुलिस में मृतका के पति की तहरीर पर अस्पताल संचालक, डॉक्टर व आशा बहू पर गंभीर धाराओं में मुकदमा भी दर्ज किया था।




शासन के निर्देश पर सीएमओ डॉक्टर वीरेंद्र सिंह ने जांच टीम गठित की थी। एसीएमओ डॉक्टर अरविंद कुमार की टीम ने जांच कर सीएमओ को रिपोर्ट सौंपी थी। रिपोर्ट के आधार पर ओम गंगोत्री हॉस्पिटल का लाइसेंस निलंबित किया गया है। वहीं जानकारी मिली है कि अभी तक अस्पताल संचालक, डॉक्टर व आशा बहु को पुलिस की पकड़ से दूर हैं। मामला डीह थाना क्षेत्र के मटियारी चौराहे पर स्थित ओम गंगोत्री हॉस्पिटल का है।

गौरतलब है कि पीड़ित अनिल कुमार पुत्र रामलखन निवासी ग्राम बीरपुर मजरे बरावां पोस्ट परशदेपुर ने बताया कि वह गर्भवती पत्नी मंजू देवी की डिलीवरी सुरक्षित तरीके से हो जाए, इसके लिए परेशान था। उसने गांव की आशा बहु को बुला करके दिखवाया तो उन्होंने बोला गंगोत्री हॉस्पिटल ले चल के दिखा दो। जिसके बाद वह पत्नी को गंगोत्री हॉस्पिटल (परशदेपुर) ले गया। वहां डॉक्टर ने देखने के बाद जांच करके बताया डिलीवरी नार्मल हो जाएगी। कुछ समय बीतने के बाद डॉक्टर दबाव बनाते हुए बोले कि ऑपरेशन करने से जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित रहेंगे। जिसके लिए 25 हजार रुपये जमा करना पड़ेगा। पीड़ित के पास 15 हजार रुपये ही थे जिसको उसने जमा कर दिया।

### ऑपरेशन के बाद प्रसूता की बिगड़ी हालत

पीड़ित ने डॉक्टर से बोला कि शेष पैसे सुबह जमा कर देगा। इसके बाद ऑपरेशन किया गया, जिसके बाद उसकी पत्नी ने एक बच्चे को जन्म दिया। ऑपरेशन के बाद संजू देवी की हालत गंभीर होती चली गयी। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे पत्नी को लखनऊ ले जाने के लिए बोला। उन्होंने अपने माध्यम से उसे लखनऊ भिजवाया। लखनऊ में डॉक्टर ने बताया कि ऑपरेशन करते समय प्रसूता के पेशाब की नली को ब्लॉक कर दिया गया था। पेशाब की नली ब्लॉक हो जाने के कारण शरीर में इन्फेक्शन बहुत तेजी से फैल गया है, जिससे महिला की जान बचाना बेहद मुश्किल है। लखनऊ में कुछ दिन इलाज के बाद पीड़ित महिला की पत्नी संजू देवी की मृत्यु हो गई।

# बदलते हुए भारत की तस्वीर हैं महिला अधिकारी व कर्मचारी

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बेटी दिवस पर सरकारी पदों पर तैनात महिलाएं बन रही हैं युवतियों और महिलाओं के लिए रोल मॉडल। एक तरफ सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत आधी आबादी को बढ़ाने में लगी हुई हैं वहीं एसडीएम खंड विकास अधिकारी से लेकर महराजगंज थाने में जिम्मेदार पदों पर बैठी हुई महिलाएं आज देश को आगे बढ़ा रही है।अगर हम मेहनत करें तो सफलता पाने से कोई रोक नहीं सकता हमारे भारत देश में वीरांगनाओं की कमी नहीं रही है। वहीं आज आधुनिक युग में भी महिलाएं पुरुषों से आगे निकलती हुई दिखाई पड़ रही है।

## बेटी दिवस पर जिले में तैनात महिला अधिकारी और कर्मचारी बन रहीं हैं रोल मॉडल



महराजगंज तहसील में तैनात उप जिला अधिकारी रश्मि लता हों या फिर महराजगंज विकासखंड में तैनात खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह हों या फिर महराजगंज कोतवाली में तैनात सब इंस्पेक्टर प्रज्ञा मिश्रा हों या फिर सिपाही शगुन शर्मा अपने कार्यों से जहां जनता को न्याय दिलाने में आगे रहती हैं अन्य महिलाओं के लिए एक मिसाल बनकर उभर रही है। इनको देखकर युवतियां और महिलाएं आगे बढ़ सकती हैं। और अपने सपने के पंख को उड़ान दे सकती हैं। आज यह महिला अधिकारी जहां देश को एक नई दिशा दे रही है। और विकास के पथ पर आगे बढ़ाते हुए पुरुषों से कहीं आगे नजर आ रही है। आज बेटी दिवस मनाया जा रहा है वहीं आज का भारत बदल रहा है और बदलते हुए भारत की बदलती तस्वीर इन महिला अधिकारियों के रुप में साफ नजर आ रही हैं।

# खबरें एक नजर में

## स्वच्छता ही सेवा के तहत की गई सफाई



**अमावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत सफाई कार्य। जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील के नेतृत्व में जनपद में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा संचालित किया जा रहा है जिसका मुख्य विषय स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के अन्तर्गत विकास खण्ड अमावां के ग्राम पंचायत हरदासपुर में खण्ड प्रेरक शरद चन्द्र तिवारी ने ग्रामीणों के सहयोग से पंचायत भवन के पास कूड़े के ढेर को साफ किया। और जनमानस से आग्रह किया कि आप सभी लोग साफ सफाई में सहयोग प्रदान करें जिससे हम अपने आस पास के वातावरण को शुद्ध रख कर अपने बच्चों को संक्रामक बीमारियों से बचा सके। ग्राम बैखरा में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लल्लू ने झाड़ू थाम कर ग्रामीणों के सहयोग से साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर नीरज कुमार आशीष कुमार विनोद कुमार दीपक कुमार लल्लू राम गंगाराम रामनन्द सुरेश शिवकुमार संतोष आदि लोग मौजूद रहें।

## थाना रेहरा बाजार पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर, केशव कुमार के निर्देशानुसार अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को थाना रेहरा बाजार पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। इस अभियान का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र सिंह के पर्यवेक्षण में किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक रेहरा बाजार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक शिवलखन सिंह, उपनिरीक्षक सूर्य प्रकाश शर्मा और कांस्टेबल लालबहादुर की टीम ने यह कार्रवाई की। न्यायालय द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट (NBW) के तहत मामला संख्या 292/2000, धारा 323/504/506 भादवि से संबंधित वारंटी रामदीन, पुत्र डोमे, निवासी धर्मपुर ऐलरा, थाना रेहरा बाजार, जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी रामदीन के खिलाफ न्यायालय जे.एम. न्यायालय उतरौला द्वारा गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। मामला 2000 से लंबित था, और धारा 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 504 (शांति भंग करने के लिए अपमान) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोपित किया गया था। पुलिस टीम की सतर्कता और प्रभावी कार्यवाही के चलते रामदीन को धर-दबोचा गया। अभियुक्त को गिरफ्तारी के बाद न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए रवाना किया गया। इस कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है, जो जिले में अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। इस अभियान से अपराधियों में खौफ पैदा करने और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है।

## अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशानुसार अपराध और अपराधियों पर पूर्ण अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गैड़ास बुजुर्ग पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली। रविवार को थानाध्यक्ष गैड़ास बुजुर्ग श्री दुर्विजय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अनिल कुमार और उनकी टीम, जिसमें कांस्टेबल नीरज कुमार और कांस्टेबल शिव शंकर शामिल थे, ने वारण्टी मनीराम उर्फ धनीराम को गिरफ्तार किया। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र सिंह के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने क्षेत्र में गश्त और वांछित अपराधियों की तलाश के दौरान इस कार्रवाई को अंजाम दिया। न्यायालय CJJD/JM उतरौला बलरामपुर द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट (NBW) के तहत अभियुक्त मनीराम उर्फ धनीराम पुत्र रामसुख कोरी, निवासी ग्राम मलमलिया, थाना गैड़ास बुजुर्ग, जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार किया गया। मनीराम पर मामला संख्या 835/99/95 के तहत धारा 498 भादवि का आरोप है। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय भेजा गया। पुलिस की इस कार्यवाही से क्षेत्र में अपराधियों में खलबली मच गई है, और पुलिस की सतर्कता और तत्परता की प्रशंसा हो रही है। अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के इस अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई को क्षेत्रवासियों ने सराहा है, और आगे भी इसी तरह की सतर्कता की अपेक्षा की जा रही है।

## सवर्ण समाज को एकजुट करने के लिये चौपाल आयोजित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सवर्ण आर्मी रायबरेली द्वारा संगठन विस्तार के उद्देश्य से सवर्ण जोडो अभियान के तहत डलमऊ ब्लाक के कटघर स्थित फौजी ढाबा पर ब्लाक अध्यक्ष महेन्द्र सिंह की अगुवाई मे चौपाल का आयोजन किया गया,उक्त चौपाल मे जिला अध्यक्ष-वृजेन्द्र सिंह फौजी द्वारा बैठक में उपस्थित सवर्ण समाज के लोगों को संगठन की सदस्यता दिलाई गयी तथा अपने वक्तव्य के दौरान कहा गया कि सवर्ण समाज को संगठित होने की आवश्यकता इलसिये है क्योंकि - सरकारे व राजनैतिक पार्टियां समझती है सवर्ण मूर्ख है इनको राष्ट्रभक्ति व हिन्दू- मुस्लिम जैसे मुद्दे पर बेवकूफ बनाकर आसानी से वोट लिया जा सकता है। सवर्ण थोक में वोट नहीं करते। सवर्णो के पास कोई विकल्प नहीं है। सवर्ण नेताओ का वोट बैंक नहीं है न इज्जत। कोई और दल इन्हें घास नहीं डालता। अभी तक सरकार ने सवर्ण के हित में एक भी योजना नहीं बनायीं है ।अनुदान तो छोड़िये कर्ज देने का नियम भी नहीं है। आरक्षण तो बहाना है गैर संवैधानिक तरीकों से आरक्षित वर्ग को फीस माफ़, अनुदान, उम्रसीमा और कट ऑफ में छूट देकर सवर्ण को कुचला जा रहा है। स्ष्/स्स्ष्ठ एक्ट में झूठी शिकायत करने पर सजा व् जुर्माना देने का प्राविधान क्यों नहीं डाला गया। जेल भेजने से पहले मामले की जांच आवश्यक क्यों नहीं, जबकि ज्यादातर प्रायोजित या झूंठे मामलो में फ़साने की बाते सामने आती रही है। क्या सवर्ण को सम्मान से जीने का अधिकार भी नहीं है।क्या संविधान सवर्ण को भारत का नागरिक नही मानता? स्ष्/स्स्ष्ठ जैसे अन्याय पूर्ण कानून के खिलाफ किसी राजनैतिक दल का ज़मीर क्यों नहीं जगा। क्या सवर्ण रोहिंहिंग्या मुसलमान से भी गए गुजरें है, जिनके लिये पूरा विपक्ष मानवाधिकार की दुहाई देता है।इस लिये अब सवर्ण समाज को एक साथ एक मंच पर एक बैनर के नीचे एकजुट होकर अपने हक और अधिकार तथा मान-सम्मान के लिये आवाज बुलंद करना होगा।सवर्ण समाज से अनुरोध है कि आपसी भेद-भाव मिटाकर सवर्ण आर्मी से जुडकर सवर्ण आर्मी को मजबूती प्रदान करें।

## अनियंत्रित प्राइवेट एंबुलेंस की टक्कर से वृद्ध महिला घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर सरौरा गांव के पास रविवार दोपहर सारीखेड़ा गांव की रहने वाली वृद्ध महिला रानी पत्नी स्वर्गीय शिवमंगल उम्र लगभग 65 वर्ष अपने नाती उदयराज के साथ अपने मायके जाने के लिए साधन का इंतजार कर रही थी। वह हाईवे किनारे बने नाले पर रखे पटरे पर बैठी थी। उसका नाती रुपए चेंज करने के लिए पास ही एक दुकान पर चला गया। इसी बीच एक वाहन को ओवरटेक करते समय रायबरेली से लखनऊ की ओर जा रही एंबुलेंस ने अनियंत्रित होकर वृद्धा को टक्कर मार दी। जिससे उसे गंभीर चोटे आई हैं। एंबुलेंस की मदद से उसे सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं एंबुलेंस चालक मौके पर एंबुलेंस छोड़कर फरार हो गया। एंबुलेंस में स्ट्रेचर पर लेटा मरीज तड़पता रहा। तीमारदार भी परेशान हो गए। तभी मौके पर मौजूद लोगों ने दूसरी एम्बुलेंस बुलवाकर मरीज को अस्पताल भेजा है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## बाबा श्री दुःखहरण नाथ मंदिर में श्री राम कथा का शुभारंभ



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** शनिवार को बाबा दुःखहरण नाथ मंदिर में श्री राम चरित मानस कथा के प्रथम दिवस का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर के महन्थ मयंक गिरि महाराज और आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कथा का प्रारंभ किया। अयोध्या धाम से पधारे संत सर्वेश जी महाराज ने भगवान श्री राम के आदर्श चरित्र पर प्रकाश डाला। कथा के दौरान उन्होंने भगवान शंकर और कुम्भज ऋषि की प्रसंगवश चर्चित लीला का भी उल्लेख किया। कथा का प्रभाव श्रोताओं पर गहरा पड़ा, और भक्तगण भगवान राम की महिमा में भाव-विभोर हो गए। धार्मिक अनुष्ठान में यजमान के रूप में राम नाथ गुप्ता उपस्थित थे। श्रोताओं में ओम प्रकाश गुप्ता, श्रवण सोनी, दीपक चौधरी, महेश गुप्ता, विशाल गुप्ता, सरजीत सैनी, आशीष कसौधन, संतोष सोनी, अजय चौरसिया, आर्यन गुप्ता, अर्पित गुप्ता और बबलू गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष भक्तजन शामिल थे। भक्तों ने श्रद्धापूर्वक श्री राम चरित मानस की कथा का श्रवण किया और भगवान राम के आदर्श जीवन से प्रेरणा प्राप्त की।

# जेल में बंद नाबालिग बेटे के लिए मांगा सीएम से इंसाफ



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

नसीराबाद थाना क्षेत्र के पिछवरिया में हुए चर्चित अर्जुन पासी हत्याकांड में 6 आरोपियों के साथ

**अर्जुन पासी हत्याकांड मामला**

जेल में बंद नाबालिग लड़के के बुजुर्ग पिता न्याय के लिए हर दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग की है।

### निर्दोषों को बरी करने की मांग

मौके पर आए स्वर्ण सेना के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह फौजी ने कहा कि नसीराबाद थाना क्षेत्र के पिछवारिया में हुई फायरिंग की घटना में अर्जुन पासी की मौत हो गई थी। इस मामले में कुछ संगठनों के दबाव में स्वर्ण जाति के निर्दोष युवकों को फंसाया गया था। समाजवादी पार्टी के कुछ पदाधिकारी यहां पहुंचकर दबाव बना रहे थे। इस मामले में एक नाबालिग युवक हर्षित मिश्रा है जो निर्दोष है। उसे जाति संगठनों के दबाव में फंसाया गया है। हम जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि इस मामले में निर्दोष युवकों को आरोपों से बरी कर रिहा किया जाए।

### राहुल गांधी ने दिलाया था न्याय का भरोसा

गौरतलब है कि इस हत्याकांड में दलित संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया था। उसके बाद सवर्ण संगठनों ने भी मोर्चा खोल दिया था। इस मामले में रायबरेली के सांसद राहुल गांधी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया था। कुछ दिन पहले ही समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें एक लाख रुपये की आर्थिक मदद दी थी।

### बेटे को रिहा करने की गुहार

जिलाधिकारी से मिलने आए डीह निवासी उमेश चंद्र मिश्रा ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच के बाद जेल में बंद उनके बेटे को रिहा किया जाए। उनका कहना है कि घटना वाले दिन उनका बेटा दिनभर घर पर रहा, रात में पुलिस आई और उनके बेटे को उठा ले गई। उनका बेटा प्रतापगढ़ के अझारा लालगंज में पढ़ता है। उसका इस हत्याकांड से कोई लेना-देना नहीं है। उमेश चंद्र मिश्रा ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर से न्याय की मांग की है।

# कोचिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा कोर कमेटी मीटिंग का सफल आयोजन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कोचिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की एक महत्वपूर्ण कोर कमेटी मीटिंग का आयोजन मास्टरमाइंड इंस्टीट्यूट, नेहरू नगर में किया गया। इस बैठक में हाल ही में कोचिंग रजिस्ट्रेशन से संबंधित समस्याओं पर व्यापक चर्चा की गई, जिसमें इन समस्याओं के समाधान हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसके अतिरिक्त, संगठन के उत्तरदायित्वों, आगामी रणनीतियों और संगठन के विस्तार पर भी चर्चा की गई।

इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता फेडरेशन के अध्यक्ष श्री विक्रम सिंह ने की। साथ ही संरक्षक श्री शक्तिधर बाजपेई, उपाध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह, सचिव श्री विमलेश सोनकर, संगठन मंत्री श्री सत्यप्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री विनय त्रिपाठी, म्यूजिक और डांस प्रभारी कीर्ति श्रीवास्तव, एकेडमिक इंस्टिट्यूट प्रभारी श्री राहुल सिंह और



मीडिया प्रभारी श्री उमेश श्रीवास्तव की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। मीटिंग के दौरान, यह निर्णय लिया गया कि कोचिंग रजिस्ट्रेशन में आ रही समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इसके साथ ही, संगठन के विस्तार और बेहतर समन्वय के लिए कार्ययोजनाएं बनाई गईं। संगठन की आगामी रणनीति में न केवल कोचिंग संस्थानों के अधिकारों की सुरक्षा बल्कि उनके विकास और विस्तार को भी प्राथमिकता दी जाएगी। यह बैठक कोचिंग क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी और संगठन के प्रयासों को नई दिशा प्रदान करेगी।

## ईद मिलादुन्नबी का भव्य आयोजन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** 17 रबी अव्वल को खास तौर पर हजरत मोहम्मद साहब और इमाम जाफर सादिक अ.स. के जन्मदिन के अवसर पर उतरौला के मोहल्ला पटेल नगर स्थित इमामबाड़ा स्व. तौकीर हुसैन में जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। महफिल के दौरान स्थानीय और बाहरी शोहराओं ने अपनी रचनाओं के जरिए पैगंबर मोहम्मद साहब के प्रति अपनी खेराजे अकीदत अदा की। इन कलामों को सुनने वाले श्रोताओं ने शोहराओं की प्रस्तुतियों को जमकर सराहा और उनके कलामों को दादो-तहेसीन से नवाजा। इस भव्य आयोजन में शिरकत करने वालों में प्रमुख रूप से अली हसन जाफर उतरौलवी, मास्टर शारिब, मौलाना मोहम्मद अली साहब, मौलाना सिब्ते हैदर साहब, मोहम्मद इमरान पप्पू, सफदर उतरौलवी, और अली अब्बास शामिल थे। इन सभी शख्सियतों ने जश्न में हिस्सा लिया और अपनी ओर से पैगंबर मोहम्मद साहब के प्रति अपने विचार साझा किए। महफिल के अंत में समाज और संप्रदाय के लिए की गई सेवाओं के उपलक्ष्य में उपहार वितरित किए गए। स्व. दिलबर हुसैन जाफरी की याद में ये उपहार जुलियस जाफरी और इमामिया ट्रस्ट की ओर से प्रदान किए गए। उपहार पाने वालों में आसिम नन्हे, अली हसन असगर खान, मास्टर शारिब, मुस्ययब जाफरी, नुसरत हुसैन, साकिब अली अब्बास रिज़वी और अहमद अल्लू शामिल थे।

# गांव में घुसा बाढ़ का पानी राहत कार्य में जुटा प्रशासन

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लगातार गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी से रविवार को बाढ़ का पानी घरों तक पहुंच गया लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो गया मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर लोग पहुंचाने लगे है। राहत व बचाव कार्य के लिए प्रशासन तैयारी में जुटा हुआ है वहीं एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित गांवों में चौपाल लगाकर लोगों से सुरक्षित स्थान पर निकलने के लिए सलाह दी है।

बाढ़ चौकी में खाने-पीने की व्यवस्था कर दी गई है डलमऊ तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन कटरी गांव में बाढ़ का पानी घुस गया है शनिवार की अपेक्षा रविवार को जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई जिससे गांव के किनारे से अब बाढ़ का पानी घरों में प्रवेश करने लगा है अंबहा, जहांगीराबाद बबुरा, पूरे रेवती सिंह, खपडाताल ,जमाल नगर सहित 6 गांव में बाढ़ का पानी पहुंच गया है अंबहा निवासिनी राम कुमारी के घर तक पानी पहुंच गया वहीं राम सुमेर ने बताया कि उनके घर से निकलना मुश्किल हो गया जहांगीराबाद में सुखमति के घर के चारों तरफ पानी भर गया निकलने का कोई रास्ता नहीं है किसाने की हजारों बीघे फसल जल मग्न हो गई स्कूली बच्चों को स्कूल पहुंचने में समस्याएं उत्पन्न होने लगी है ग्रामीणों को जहरीले जंतु व कीड़े मकोड़े से समस्या हो रही है पर्याप्त मात्रा में बिजली न मिलने से लोगों की दुश्वारियां बढ़ती जा रही हैं।

उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा तहसीलदार उमेश चंद्र ने रविवार को बाढ़ प्रभावित गांवों में चौपाल लगाकर लोगों से बातचीत की स्वास्थ्य विभाग की टीम को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए लगा दिया गया है किसी भी अनहोनी के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था कर दी गई है।

### प्रशासन की अनदेखी न पड़ जाये भारी

गंगा कटरी क्षेत्र के जमाल नगर मोहद्दीनपुर गांव से निकलकर कटरी क्षेत्र के खेतों को जाने वाले रास्ते पर पड़ने वाले गंगा नदी से जुड़े नाले पर ग्राम पंचायत द्वारा बनवाए गए पल में दरार पड़ गई है और गंगा नदी के जलस्तर में उत्पन्न बाढ़ के तेज बहाव के बावजूद क्षेत्रीय प्रशासन की अनदेखी और बाढ़ से अपने नाल के गहरे जल में रविवार को बड़ी संख्या में युवा व किशोर बच्चे मौज मस्ती करते देखे गए जिस किसी भी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है इसके पहले भी गंगा बाढ़ के पानी में घटनाएं घटित हो चुकी है इसी रास्ते से ग्रामीणों को अपने खलिहानों के लिए जाना पड़ता है बने हुए पुल से बड़ी संख्या में बच्चे गंगा के तेज तेज जल भराव में कूद कर मौज मस्ती कर रहे हैं लेकिन प्रशासन की नजर इस पर नहीं पड़ रही है।

लेखपाल एवं पंचायत सचिव लगातार गांव में लोगों की सुविधा के लिए रात्री विश्राम कर रहे हैं राहत व बचाव कार्य के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है जलस्तर पर लगातार निगरानी की जा रही है डलमऊ के स्नान घाट बाढ़ की चपेट में आ गए हैं लोगों को गंगा स्नान से बचने की सलाह दी जा रही है उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा ने बताया कि गंगा का जलस्तर एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है कनहा में बाढ़ चौकी की स्थापना कर दी गई है जहां पर बचाव राहत कार्य के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी की जा रही है कृषि व राजस्व विभाग की टीम फसलों के नुकसान के आकलन के लिए लगाई गई है।

# 12 में से सिर्फ चार कर्मचारी करते हैं काम

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

अचलपुर चौधरी बिजली उप केंद्र के कर्मचारियों की सक्रियता बढ़ाने के लिए ग्रामीणों ने सांसद गोण्डा विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा सहित विद्युत विभाग के उच्चाधिकारीयों से विद्युत उपभोक्ताओं ने अचलपुर चौधरी विद्युत उपकेंद्र के विद्युत कर्मीयों पर व्यवहारिक रूप से काम न करने का आरोप लगाकर कर्मीयों से काम करवाने की गुहार लगाई है।

रमेश गुप्ता प्रधान, विशाल, दानिश, शोयब, पंकज, रवि, जुनैद आदि ने बताया कि अचलपुर चौधरी विद्युतउपकेंद्र 33/11 से संबंधित 12 में से सिर्फ चार कर्मचारी व्यावहारिक रूप से कार्य करते हैं आठ कर्मचारी/लाईन मैन लाईन से संबंधित कोई कार्य नहीं करते 33/11लाईन में फाल्ट आने, एच टी, एल टी लाईन के तार टूटकर गिर जाने, ट्रांसफार्मर जलने, फ्यूज उडने, उपभोक्ता का कनेक्शन कटने आदि समस्याओ के निराकरण के लिए 47 गांवों में सिर्फ चार लाईन मैन काम करते हैं आठ लाईन मैन अधिकारीयों से सांठगांठ कर व्यवहारिक रूप से काम नहीं करते जिससे सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति में अनेक बाधाएं उत्पन्न होती हैं। विद्युत उपभोक्ताओं ने जन प्रतिनिधियों व उच्चाधिकारीयों से विद्युत उपकरण अचलपुर चौधरी से संबंधित सभी लाईन मैन से व्यवहारिक रूप से काम करवाने की गुहार लगाई है ताकि ग्रामीणों को सुचारू निर्बाध विद्युत स।आपूर्त हो सके। विधायक राम प्रताप वर्मा ने बिजली विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

# बाजार से नकली प्रोडक्ट का सफाया करेगी रेहरा महिला किसान उत्पादक कम्पनी

**सादुल्लानगर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के रेहरा बाजार में रेहरा महिला किसान उत्पादक कम्पनी की दूसरी वार्षिक बैठक कार्यक्रम का आयोजन छितलूपुर सराय खास में किया गया। इस बैठक में सरकारी प्रतिनिधि डी.डी. एग्रीकल्चर नरेंद्र कुमार, टाटा ट्रस्ट के प्रतिनिधि, पानी संस्थान के प्रतिनिधि भारत भूषण, अंबरीश और अनूप, सीए विवेक कुमार और अरविंद , पांच बीओडी सदस्य और 110 शेयर धारक की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। बीओडी सदस्यों ने सभी अतिथियों को बैच लगाकर और फूल देकर भव्य स्वागत किया गया। इसके साथ ही बीओडी अध्यक्ष विट्टू देवी ने पद



और जिम्मेदारियों के साथ अपना परिचय लोगों के साथ साझा किया। उन्होंने रेहरा महिला किसान उत्पादक कम्पनी के गठन में आने वाली चुनौतियों और समस्याओं को लोगों के बताया। सदर ब्लॉक से शेयर धारक नीरू देवी ने एफपीसी के कार्य और अनुभव को साझा करते हुए बताया कि इनपुट (बीज, उर्वरक) और आउटपुट (सरसों का तेल, अरहर का दाल) ओ.पी. तिवारी ने एफपीसी में होने वाले वार्षिक व्यवसाय, टर्नओवर, अगले वर्ष की योजना आदि के साथ कार्य और अनुभव को लोगों के साथ साझा किया। वहीं भारत भूषण ने कार्य और जीवन अनुभव को बेहतर बनाने के तरीकों को साझा किए। अंबरीश, अनूप, टाटा ट्रस्ट के प्रतिनिधि आदि ने बीओडी और शेयर धारकों को बधाई देते हुए प्रोत्साहन दिया। डीडी एग्रीकल्चर नरेंद्र कुमार ने बीओडी शेयर धारक और सभी प्रतिभागियों का मार्ग दर्शन किया और शुभकामनाएं के साथ साथ प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही मिल दाल को एफपीसी दाल मे क्या अंतर है लोगों के साथ उसको साझा किया और मूल्य संवर्धन का महत्व भी लोगों को बताया, एफपीसी के लिए सरकारी योजना, लघु भंडारण ऋण, ड्रोन का महत्व आदि को साझा किए और इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले लोगों ने खुशी प्रकट किया। क्योंकि इस कार्यक्रम को ग्रामीण क्षेत्रों में किसानो की लहलहाती फसलों के मध्य से इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया था! संस्थान के आजीविका परियोजना के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन बीओडी सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

# कुआनो नदी पर पक्के पुल की कमी से 20 गांवों के हजारों ग्रामीणों का आवागमन बाधित

**बी पी त्रिपाठी**

**उतरौला (बलरामपुर)।** विकास खंड रेहरा बाजार के ग्राम पंचायत इटई अब्दुल्लाह के पास स्थित कुआंनो नदी के गुलरेहवा घाट पर पक्के पुल का निर्माण न होने से ग्रामीणों में गहरी निराशा है। इस क्षेत्र के लगभग 20 गांवों के लोगों को तहसील और जिला मुख्यालय तक पहुंचने के लिए दुर्गम और खतरनाक रास्तों से गुजरना पड़ रहा है। लकड़ी के अस्थायी पुल के सहारे ग्रामीण आवागमन करने को मजबूर हैं, जो वर्षा ऋतु में नदी में पानी के तेज बहाव के कारण बह



जाता है। इससे गांवों का संपर्क लगभग पांच महीने तक पूरी तरह से टूट जाता है, जिससे लोगों की समस्याएं और भी बढ़ जाती हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, पुल न बनने के कारण उन्हें मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है।

उतरौला तहसील मुख्यालय तक पहुंचने के लिए लोगों को 30 किलोमीटर की अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और संसाधनों की बर्बादी होती है। ग्रामीण रतिराम, बरकतुल्लाह, शफीक अहमद, मोहम्मद अतहर, हद्दीस, श्याम नारायण यादव, गंगाराम, राजेश कुमार वर्मा, मनोज कुमार, रामनिरंजन, योगेंद्र, प्रेमचंद, ओम प्रकाश चौहान, रमेश चौहान, राम उदार शुक्ला, नजीर अहमद, रियाज अहमद, आदिल और अन्य लोगों ने बताया कि पुल न होने से इटई अब्दुल्ला, घासीपोखरा, जखौली, सरायखास, दतलूपुर, अचलपुर चौधरी, मनुवागढ़, भिरवा, नेवादा, नथईपुर कानूनगो, लौकियां ताहिर, कुरथुआ खानपुर, मद्दोघाट, गोकुलबुजुर्ग आदि गांवों के करीब 30 हजार लोग अपनी जान जोखिम में डालकर लकड़ी के पुल से यात्रा करते हैं।

इन गांवों के लोगों को तहसील और जिला मुख्यालय तक पहुंचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। राजेश जायसवाल, पतिराम, पंकज मिश्र, मल्हू, सईद अहमद, रक्षाराम, शकील अहमद ने बताया कि पुल के निर्माण न होने से इस क्षेत्र का विकास बाधित हो रहा है। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने इस गंभीर समस्या के समाधान की कोई पहल नहीं की है, जिससे ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं।

# आईजीआरएस पोर्टल पर भी गलत तत्थ भरते हैं अधिकारी, कर्मचारी

## भाजपा नेता डीपी सिंह बैस ने उच्चाधिकारियों एवं शासन से सन्दर्भो की विधवत जांच कराने मांग की

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

तुलसीपुर विकास खण्ड के ग्राम ननुहापुर निवासिनी सकीना ने



आवास के लिए आवेदन किया था प्रधान व सचिव ने पच्चास हजार की मांग पूरी न होने पर सचिव ने आवेदन के भाई के घर का फोटो लगाकर और बगल में टीन छाया घर का फोटो काट कर निरस्त करा दिया गया।


भाजपा नेता डीपी सिंह बैस ने कहा कि ऐसे ही पूरे जनपद में चल रहा है मनमानी पैसा नहीं मिलता तो कुछ भी लिख कर डाल देंगे अधिकारियों कर्मचारियों में नियम का डर रहा ही नहीं सब मनमानी हो रहा है। जांच के बजाय उसी की आख्या लेकर निस्तारण कर दिया जाता है।

## सींग का अवैध व्यापार अस्तित्व के लिए खतरा

गैंडों के सींग का अवैध व्यापार दुनिया में मौजूद गैंडों की सभी पांच प्रजातियों के लिए एक गंभीर खतरा बन गया है। वास्तव में, जितने भी गैंडों का अवैध शिकार होता है, उसका मुख्य कारण उनके सींग होते हैं। गैंडों के सींगों की मांग एशिया, खासकर चीन में, अत्यधिक है। चीनी लोग गैंडों के लिए शत्रु बनकर उभरे हैं, क्योंकि वे काम शक्ति बढ़ाने, पारंपरिक बीमारियों से मुक्ति, और धन–संपत्ति के लिए अंधविश्वासों के आधार पर गैंडों के सींग खरीदने को तैयार रहते हैं। इस कारण, चाहे अफ्रीका के गैंडे हों या भारत के, इन पर खतरा हमेशा बना रहता है। गैंडों के सींग को चमत्कारिक औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। लोग इन्हें किसी भी कीमत पर खरीदकर पीसकर बारीक पाउडर बनाते हैं या छोटे–छोटे टुकड़ों में काटकर उबालते हैं और उसका उबला हुआ पानी पीते हैं। गैंडों के इकोलॉजिकल महत्व और उनके लुप्त होने की आशंका को उजागर करने के लिए, साल 2010 में अंतर्राष्ट्रीय गैर–सरकारी संगठन वर्ल्ड वाइड फॉर नेचर के दक्षिण अफ्रीकी चौप्टर ने हर साल 22 सितंबर को विश्व गैंडा दिवस मनाने की घोषणा की। यह दिन गैंडों को बचाने और उनके लिए किए जा रहे बचाव कार्यों का जश्न मनाने का है। इस दिन पूरी दुनिया में गैंडों के अस्तित्व के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन, स्कूलों और कॉलेजों में कक्षा परियोजनाएं, धन उगाहने वाले रात्रिभोज, नीलामी और पोस्टर प्रदर्शन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। दुनिया में गैंडों की पांच प्रजातियां हैं रू काला गैंडा, सफेद गैंडा, एक बड़े सींग वाला गैंडा, सुमात्रा गैंडा और जावन गैंडा। इनमें सबसे महत्वपूर्ण एक सींग वाला भारतीय गैंडा है, जो अपनी सींगों की उच्च मांग के कारण अवैध शिकारियों के खतरे में है। चीन में गैंडों के सींग का उपयोग केवल कामोत्तेजना बढ़ाने के लिए ही नहीं, बल्कि पारंपरिक चिकित्सा में भी किया जाता है। बुखार, गठिया, सिरदर्द, भोजन की विषाक्तता, टाइफाइड जैसी बीमारियों, और उल्टियों के इलाज में गैंडों के सींग का उपयोग किया जाता है। इसके अलावा, गैंडे के सींग को धन और समृद्धि का प्रतीक भी माना जाता है। जबकि साल 1993 से गैंडे के सींग का चिकित्सीय उपयोग अवैध है। 22 सितंबर को गैंडा दिवस मनाना भारत के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि वर्तमान में दुनिया के सभी गैंडों में से 70 प्रतिशत केवल भारतीय गैंडे हैं। भारत में गैंडे मुख्य रूप से असम, पश्चिम बंगाल आदि में पाए जाते हैं, जिनमें सबसे अधिक संख्या असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में है। भारतीय गैंडे को वैज्ञानिक रूप से राइनोसेरस यूनिकॉर्निस कहा जाता है। भारतीय गैंडे शाकाहारी होते हैं और ये घास, पत्तियां, फल और पेड़ों की शाखाएं खाते हैं। यह ध्यान देने योग्य है कि भारतीय गैंडे औसतन 55 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकते हैं। 20वीं सदी की शुरुआत में, जब भारत में केवल 200 गैंडे बचे थे, संरक्षण के प्रयास किए गए, और अब उनकी संख्या 2000 प्रतिशत बढ़ चुकी है। वर्तमान में भारत में लगभग 3,800 गैंडे हैं, जिनमें से वयस्क गैंडों की संख्या 2,400 से 2,600 के बीच है। भारतीय गैंडे की प्रजनन दर धीमी है, और मादा गैंडा 15 से 16 महीने गर्भधारण करने के बाद दो या तीन बच्चों को जन्म देती है। भारतीय गैंडों की दृष्टि कमजोर होती है, जिससे वे अपनी दैनिक गतिविधियों के लिए सुनने और सूंघने पर निर्भर होते हैं। कुल मिलाकर, इंसानी लालच की तलवार गैंडों पर लटक रही है, और हर साल गैंडा दिवस मनाना आवश्यक है ताकि पूरी दुनिया में गैंडों के प्रति जागरूकता बढ़ सके।

# देश की जरूरत है समान नागरिक संहिता और चुनाव-सुधार

गिरीश्वर मिश्र



**चुनाव संसदीय प्रजातंत्र की हमारी बहुदलीय राजनैतिक व्यवस्था की एक बड़ी खूबी है जिसके सहारे आम जनता देश के शासन में अपनी भागीदारी मह्सूस करती है। सामान्यत॰ प्रदेश और देश के स्तर पर ये चुनाव पांच साल के अंतराल पर आयोजित होते हैं। आज़ादी मिलने के बाद दोनों साथ होते थे पर अब आज की स्थिति यह हो गई है कि इन चुनावों का केलेंडर अलग ही हुआ करता है । इन चुनावों के दौरान हो रही उठा-पटक के साथ पूरे देश का माहौल गर्माता रहा है। चुनावी खेल का महोत्सव लगभग साल भर चलता ही रहता है और इसे देख देख जनता ऊब चुकी है और नेता गण भी थक जाते हैं । हर चुनाव कोई एक क्षणिक घटना न हो कर कुछ महीनों तक खिंचने वाली लम्बी प्रक्रिया होती है। इसमें न केवल राजनैतिक दल अपनी जोर आजमाइश करते हैं बल्कि चुनाव आयोग और सरकारी प्रशासन तंत्र को लम्बी चौड़ी व्यवस्था को भी चाक-चौबंद रखना पड़ता है। चुनाव कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने पर हज़ारों करोड़ का खर्च बैठता है जिसका भार जनता ही उठाती है।**

भा 'गण' समूह की इकाई का बोधक प्राचीन शब्द है। वह एक ऐसी इकाई जो सुपरिभाषित हो और जिसका परिगणन संभव हो। गण 'संघ' का पर्याय है और गणों का समूह भी। देवताओं में विघ्न विनाशक गणेश जी 'गणपति' के रूप में विख्यात हैं। अभी-अभी पूरे देश में उनकी वंदना का उत्सव मनाया गया। स्वयं गणपति तो सेकुलर हैं पर सेकुलर राजनीति उनको ग़ैर-सेकुलर मानती है। भारत की संसद ने एक संविधान को अंगीकार किया जो सामाजिक विषमताओं और असमानताओं को दूर करने और नागरिक जीवन के विधिसम्मत संचालन की व्यवस्था करता है। उल्लेखनीय है कि देश की सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता और बहुलता उस समय भी मौजूद थी जब संविधान बन रहा था। परंतु उस दौरान सब के बीच देश की एकता मुखर थी और उसके प्रति एकल प्रतिबद्धता थी देश को स्वतंत्रता मिली और 'स्वराज' यानी अपने ऊपर अपना राज स्थापित करने का अवसर मिला।

स्वराज का भाव जिम्मेदारी भी सौंपता है। हमने स्वतंत्रता का स्वाद तो चखा पर उसके साथ की जिम्मेदारी उठाने में कतराते गए। देश को देने की जगह क्या क्या पा लें इस चक्कर में भ्रष्टाचार, भेदभाव, द्वेष, संघर्ष तथा अवसरवादिता बढ़ने लगी। अब नैतिक मानकों से परे हट कर धनबल, बाहुबल और जाति बल के साथ दबंग-बल राजनीति में प्रभावी हो रहा है। बेरोजगारी और मंहगाई आम लोगों के लिए विकट समस्या है। अब लोकसभा और राज्यसभा में भी अभद्र व्यवहार बढ़ रहा है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर निरंकुश अराजकता के चलते संसद न चले यह लोकतंत्र के लिए घातक है। देश और समाज की चिंताओं पर आज सत्ता की लालसा हावी हो रही है। राजनीति कमाऊ व्यवसाय का रूप लेती जा रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश की स्वतंत्रता को रचनात्मक कार्यक्रमों से जोड़ने की कोशिश की थी परंतु राजनीति आडंबरों में फँसती गई। देश और राष्ट्र की चिंता पृष्ठभूमि में जाती रही और हम भूल गए कि हम देश के ऋणी हैं। हमने उसे उपभोग की वस्तु बना दिया। पृथ्वी को मातृभूमि मान कर पुत्र की तरह उसकी सेवा सुश्रूषा और रक्षा करने की बात अटपटी लगने लगी। अपना हक़ जताते हुए हम दोहन करने लगे। पर नागरिक होने का अर्थ सभी भारतीयों के लिए क्या हो इसे सवाल बनाया जा रहा है और सबके लिए एक नागरिक संहिता या यूसीसी को कुछ लोगों के नागरिक होने के अधिकार की स्वतंत्रता पर आघात के रूप में देखा जा रहा है। गौरतलब है कि नागरिक होने के नाते सभी भारतीय कुछ मूल अधिकारों को पाने और कुछ कर्तव्यों का पालन करने के अनिवार्य दायित्व से खुद ब खुद स्वाभाविक रूप से जुड़ जाते हैं। सामान्य जीवन निर्बाध रूप से चल सके इसके लिए एक देश में एक तरह के नागरिकता बोध को व्यवहार में लाना जरूरी है। गौरतलब है कि यूसीसी सेकुलर दृष्टि से सबको एक नागरिक का दर्जा देता है। समानता और समता के उद्देश्य को पाने के लिए यह एक निर्णायक कदम होगा।

चुनाव संसदीय प्रजातंत्र की हमारी बहुदलीय राजनैतिक व्यवस्था की एक बड़ी खूबी है जिसके सहारे आम जनता देश के शासन में अपनी भागीदारी मह्सूस करती है। सामान्यत॰ प्रदेश और देश के स्तर पर ये चुनाव पांच साल के अंतराल पर आयोजित होते हैं। आज़ादी मिलने के बाद दोनों साथ होते थे पर अब आज की स्थिति यह हो गई है कि इन चुनावों का केलेंडर अलग ही हुआ करता है । इन चुनावों के दौरान हो रही उठा-पटक के साथ पूरे देश का माहौल गर्माता रहा है। चुनावी खेल का महोत्सव लगभग साल भर चलता ही रहता है और इसे देख देख जनता ऊब चुकी है और नेता गण भी थक जाते हैं । हर चुनाव कोई एक क्षणिक घटना न हो कर कुछ महीनों तक खिंचने वाली लम्बी प्रक्रिया होती है। इसमें न केवल राजनैतिक दल अपनी जोर आजमाइश करते हैं बल्कि चुनाव आयोग और सरकारी प्रशासन तंत्र को लम्बी चौड़ी व्यवस्था को भी चाक-चौबंद रखना पड़ता है। चुनाव कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने पर हज़ारों करोड़ का खर्च बैठता है जिसका भार जनता ही उठाती है। सरकार भी राजनैतिक पार्टी से जुड़ी होती है इसलिए उसके काम बाधित होते हैं ख़ास तौर पर आचार संहिता का ग्रहण लगने पर सब काम ठप हो जाता है। चुनावी दंगल का लगातार होते रहना पक्ष और प्रतिपक्ष किसी के भी हित में नहीं दिखता।

वस्तुतः निरंतर चल रहे चुनाव का खामियाजा देश में हर किसी को भुगतना पड़ता है। सरकारी काम का हर्जा तो होता ही है सरकारी खर्च बढ़ता है, महंगाई बढ़ती है और साथ में प्रशासनिक मुश्किलें भी बढ़ती हैं। परन्तु इन सबसे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण यह है की सतत चुनाव के चलते राजनैतिक राग-द्वेष की सतत गूंज सामाजिक परिवेश को प्रदूषित करती है । राजनैतिक दल एक दूसरे पर सच्चे झूठे आरोप प्रत्यारोप लगाने पर उतारू रहते हैं। मीडिया चुनावी घमासान में इस कदर मशगूल होता है कि और सारे मुद्दे धरे रह जाते हैं। चुनाव कहीं भी हो मीडिया का खटराग पूरे देश को जगाए रखता है। अपने -अपने पक्ष में सत्य रचने की कवायद देख-देख जनता बुरी तरह थकती जा रही है। पार्टियों की बढती प्रतिद्वंदिता के चलते प्रत्याशियों और समर्थकों के बीच खतरनाक हद तक पहुँच जाते हैं। अपनी बढत के लिए कुछ भी करने पर लोग आमादा रहते हैं। लगातार बजती चुनावी घंटी बजते सुन आम आदमी की मुश्किलें कई तरह से बढ़ती हैं। थकान के बीच उसकी बढ़ती चुनावी उदासीनता प्रजातंत्र के स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं होगी। लोक सभा और प्रदेश की विधान सभाओं के चुनावों के अलग -अलग आयोजित होने का एक अनपेक्षित किन्तु देश के लिए निश्चित रूप से एक अहितकर परिणाम यह होता है कि स्थानीय मुद्दों और समग्र देश के लिए सोचने के बारे में अस्पष्टता रहती है। अत॰ राजनैतिक दलों को इस विकल्प पर गम्भीरता से विचार करना चाहिए कि देश में लोकसभा और प्रदेशों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएं। इससे राजनीति में जन भागीदारी बढ़ेगी, चुनावी खर्च भी कम होगा और प्रशासनिक तंत्र के लिए भी सुविधा होगी। यह चुनावी बेहद सुधार जरूरी है। राजनीति में शुचिता लाए बिना देश की तरक्की को गति नहीं मिल सकती न ही जन कल्याण का वह स्वप्न ही पूरा हो सकेगा। भारत का संविधान एक अद्भुत राष्ट्रीय दस्तावेज है जो अपनी विशालता और आन्तरिक संगठनात्मक परिपक्वता की दृष्टि से अन्य देशों के संविधानों की अपेक्षा अधिक व्यवस्थित माना जाता है।

## विचार

# डिजिटल वॉर से सकते में दुनिया

ऋतुपर्ण दवे



संचार क्रांति के दौर में चौतरफा और रोजाना नित नई तकनीकों से दुनिया रू-ब-रू हो रही है। मोबाइल, जीपीएस, इण्टरनेट, बिना ड्राइवर की गाड़ियों से लेकर अब कृत्रिम मेधा यानी एआई (आर्टीफीसियल इण्टेलीजेन्स) के युग में 1950 के जमाने में न्यूयॉर्क से निकले पेजर, 74 वर्षों के बाद पहली बार और एक साथ सीरियल ब्लास्ट में तब्दील हो जाएंगे, भला किसने सोचा था? रेडियो फ्रिक्वेंसी पर चलने वाले पेजर का क्रेज अब न के बराबर है। लेकिन किसी पकड़ या सुराग के लिहाज से बेहद सुरक्षित पेजर का उपयोग आतंकी गतिविधियों में जरूर थोक में होने लगा।

इसमें न जीपीएस होता है और न ही कोई आईपी एड्रेस, इसलिए लोकेशन ट्रेस का सवाल ही नहीं। इसका नंबर भी बदला जा सकता है। इसीलिए इसका पता लगाना आसान नहीं होता। बस इसी चलते एक बड़ी साजिश को अंजाम देकर बड़े षड्यंत्र के तहत 9/11 जैसी बल्कि उससे भी बहुत बड़े दायरे में लेबनान में हर वो शख्स विस्फोट का शिकार हुआ जो साजिश के पेजर रखे था। चिन्ता की बात यह कि मामला पेजर तक नहीं रुका बल्कि रेडियो वॉकीटॉकी जैसे दूसरी कम्युनिकेशन डिवाइस यहां तक कि घरों में लगे सोलर सिस्टम भी फटने की बातें सामने आईं। धमाकों का शक इजराइल पर जताया जा रहा है। इन विस्फोटों को लेकर पूरी दुनिया हैरान है। इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी तनाव और बढ़ गया है। पूरे मिडिल ईस्ट में युद्ध के खतरे की स्थिति बन चुकी है। वायरलेस उपकरणों में सीरियल विस्फोटों के बाद कई घरों, दुकानों, बाइक और दूसरे वाहनों में भी आग लग गई। एक तरह से पूरा क्षेत्र विस्फोटों की जद में आ गया। वहां अब लोग इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के उपयोग को लेकर डरे हुए हैं।

हर कोई हैरान है कि पेजर जैसा साधारण उपकरण बम में कैसे बदल गया? इसको लेकर पुख्ता तौर पर तो अभी किसी तरह की सच्चाई सामने नहीं है लेकिन विस्फोट को लेकर तरह-तरह के कयास जरूर हैं। संभावनाओं में पेजर में लगी लीथियम बैटरी शक में है जो अत्याधिक गर्म होने पर फट सकती है। लेकिन इस थ्योरी पर भी ज्यादा भरोसा नहीं है। वहीं, दूसरी दमदार संभावना साजिश के पेजरों को बनाने के वक्त ही इनमें विस्फोटक छुपाने की है जिससे सप्लायर अन्जान हो?

यकीनन साजिश बहुत बड़ी रही जिसको लेकर किसी नतीजे पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। बैटरियों में खराबी या गुणवत्ता की कमी के चलते मोबाइल में विस्फोट तो हो जाते हैं लेकिन एक तयशुदा वक्त पर रेडियो फ्रिक्वेंसी आधारित छोटे से उपकरण में सीरियल ब्लास्ट का ट्रिगर दबना-दबाना, हैरान कर रहा है। क्या किसी कोडिंग से ऐसा हो पाया? या वजह कुछ और है? ऐसी तमाम बातों की पर्तों को खुलने में वक्त लगेगा। आखिर ऐसी कौन सी रासायनिक श्रृंखला प्रतिक्रिया को अंजाम दिया गया जो अलग-अलग और काफी दूर-दूर तक ट्रिगर में बदल गईं? हैकर ने ट्रिगरिंग सिग्नल भेजने के लिए कौन सा तरीका अपनाया? फिलहाल केवल कयास हैं। रेडियो नेटवर्क से संचालित पेजर पर ऐसा कौन-सा सिग्नल भेजा गया जो बैटरियां गर्म हुईं और इतनी कि कथित तौर पर साथ रखे घातक विस्फोटक फटे जिन्हें लॉट विशेष में छिपाने की संभावना कही जा रही है। एक सच जरूर है कि कुछ महीने पहले थोक में खरीदे पेजर ही फटे ऐसे में उनमें खतरनाक ज्वलनशील विस्फोटक को छुपाने की थ्योरी जरूर बनती है। सच के लिए इंतजार करना होगा। लेकिन एक सवाल हर किसी के दिमाग में कौंधने लगा है कि मोबाइल या दूसरे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स कितने सुरक्षित?

कभी लिंक क्लिक करने से खाते खाली होना तो कभी हैक हो जाना, कभी क्लोनिंग के जरिए पूरा डेटा चुरा लेने जैसी घटनाओं को लेकर दुनिया भर में सायबर सिक्योरिटी पर न केवल जोर है बल्कि पूरी गंभीरता है। इसी बीच इतना बड़ा डिजिटल अटैक बहुत बड़ी चुनौती है। इस घटना को चाहे जो नाम दें, दो देशों की दुश्मनी या दुनिया में अशांति का जिम्मेदार बताएं लेकिन इसने संचार क्रान्ति के दौर में बड़े दुरुपयोग का बहुत ही बड़ा मैसेज जरूर दे दिया। युध्द की नई तकनीक रूपी पेजर अटैक ने दुनिया भर के कम्युनिकेशन सिस्टम को बहुत बड़ी चुनौती दे डाली। छोटा सा पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जिसे बीपर भी कहते हैं, इतना खतरनाक..! बेहद हैरानी वाली बात है।

अब इसे इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर कहें, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सिग्नल का इस्तेमाल या कुछ भी, रेडियो वेव से चलने वाले हजरों पेजर्स फिर वॉकी-टॉकी और सोलर सिस्टम में थोक में हुए विस्फोट संचार क्रान्ति के लिए बड़ी चुनौती जरूर हैं। ऐसी घटनाओं की सूचनाएं कब कहां से आने लगे इसका भी डर है। दुनिया भर में घर-घर उपयोग हो रहे तमाम इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स वजह-बेवजह शक के दायरे में आ गए। यह नई चुनौती मुंह बाए एकाएक आ खड़ी हुई। क्या पता आगे ऐसे गैजेट्स को बनाने की चंद देशों की हुनरमंदी और बदनीयती दुनिया भर में नई तबाही का कारण भी बनें? भगवान करे आगे ऐसा न हो। सच में दुनिया उस मोड़ पर आ खड़ी हुई है जहां समूची मानवता पर मंडरा रहे इस खतरे से बचाव खातिर तुरंत सुरक्षित रास्ते तलाशने ही होंगे।

## सुपरपावर साबित होगा चन्द्रयान चार

प्रेम शर्मा

बुनियादी जरूरतों की बॉत को किनारे कर दिया जाए तो यह कहा जा सकता है कि जमीन से लेकर आसमान तक भारत का कद लगातार बढ़ रहा है। हालाकि जिन क्षेत्रों में भारत का दबदबा वैश्विक स्तर पर बढ़ रहा है उसमें एक क्षेत्र सेना तो दूसरा क्षेत्र वैज्ञानिको जुड़ा है। इससे स्पष्ट है कि इन दोनों ही क्षेत्र में ताकतवर राजनीति और नौकरशाही की दखलदांजी न के बराबर है। गत दिवस भारतीय नौ सेना में स्वदेशी आईएनएस विक्रांत शामिल कर लिया गया है।

अब भारतीय नौ सेना के पास पश्चिमी मोर्चे पर दो विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य शामिल हो गए है। इसके बाद भारत की अरब सागर समुद्री शक्ति में बढ़ोत्तरी होगी। इसके अलावा केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने चंद्रयान चार मिशन को मंजूरी दे दी है। इस मिशन के तहत चन्द्रयान को चॉद की सतह पर उतरा जाएगा। चंद्रयान चार के लिए 2,104 करोड़ रूपये मंजूर किए गए है। इसे 2040 तक लॉच करने का लक्ष्य निर्धारित है। ज्ञातहो कि 2008 में चन्द्रयान एक लॉच किया गया था जिसने चॉद की परिक्रमा करते हुए अनेक आकड़े एकत्र किए थे। 2019 में चन्द्रयान दो लॉच हुए लेकिन असफल रहा। वर्ष 2023 में चन्द्रयान तीन लॉच हो गया यह सफल रहा। भारत ने पिछले कुछ वर्षो में जल,वायु थल सेना के क्षेत्र में बडी उपलब्धियॉ दर्ज कराई है। लेकिन आर्तरिक्ष में उसकी उपलब्धि बेशकीमती है। अगर आर्तरिक्ष में भारतीय वैज्ञानिकों की सोच के मुताबिक सबकुछ सच हुआ तो चॉद में आम इंसान का बसना अलौकिक होगा। यही नही दक्षिणी धुव की चट्टानों में लोहे के अलावा मैग्नीशियम, कैल्शियम और हीलियम-3 जैसा बहुमूल्य खनिज मिलने की आशा ने भारत को आर्तरिक्ष में सुपरपावर बनाने की ओर अग्रसर किया है। भारत सरकार का एक आकलन है कि अगले कुछ वर्षो में देश अंतरिक्ष क्षेत्र में एक ट्रिलियन (एक लाख करोड़) डालर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इस क्षेत्र के ज्यादातर विशेषज्ञों का मानना है कि चंद्रयान-3 की अभूतपूर्व सफलता के बाद भारत के लिए ऐसा करना मुश्किल नहीं है। भारत में जगते इस भरोसे की नींव असल में पिछले वर्ष 23 अगस्त, 2023 को रखी गई थी। उस दिन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के मून मिशन की कड़ी में चंद्रयान-3 चंद्रमा के उस दक्षिणी ध्रुव पर उतरा था, जो इससे पहले अछूता रहा था। इस सफलता में एक और अहम चीज जुड़ी थी कि चंद्रयान-3 ने चांद पर साफ्ट लैंडिंग की थी, जो इससे पहले सिर्फ तीन देशों (रूस, अमेरिका और चीन) के खाते में दर्ज है। इस अहम पड़ाव पर पहुंचने के महत्त्व को दर्शाने के लिए इस वर्ष भारत ने प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन किया गया था। अब इसरो का ध्यान चंद्रयान-4 और चंद्रयान-5 के प्रक्षेपण पर है। इसे इस रूप में भी देखा जाना चाहिए कि चंद्रयान, मंगलयान और भावी गगनयान जैसी परियोजनाएं देश को आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करेंगी। इस क्षेत्र में मिलने वाली हर कामयाबी देश की युवा पीढ़ी को अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति प्रोत्साहित करेगी और वे इसे एक सम्मानजनक पेशे के तौर पर अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। मगर, मामला सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है। चंद्रयान की सफलता भारत को लूनर जियोपालिटिक्स (चंद्र भू-राजनीतिक) परिदृश्य के एक बड़े खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर रही है। भारत बेहद सस्ती दरों पर राकेट और अंतरिक्ष यानों के प्रक्षेपण के बाजार में खुद को एक बड़े खिलाड़ी के रूप में पेश कर रहा है। वह अंतरिक्ष में खनन की उन संभावनाओं को साकार करने की दिशा में बढ़ सकता है, जहां पृथ्वी पर कम पड़ते संसाधनों की भरपाई के लिए वह चंद्रमा और क्षुद्रग्रहों से खनिजों की ढुलाई कर भारी मुद्रा अर्जित कर सकता है। मानवता के इतिहास में यह पहली बार है कि भारत और चीन जैसे देश चंद्रमा के जटिल हिस्से में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।



## राशिफल

**मेष:-** आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा।

**वृषभ:-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं।

**मिथुन:-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा।

**कर्क :-** गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

**सिंह:-** आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी मध्याह्न के बाद आप आर्थिक योजनाओं पर विचार कर सकते हैं।

**कन्या :-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**तुला :-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**वृश्चिक:-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**धनु :-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**मकर :-** सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है। मध्याह्न के बाद सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी देते हैं।

**कुंभ:-** आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा।

**मीन:-** व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातरूकाल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा।

# बॉलीवुड के अनकहे किस्से : सार्थक फिल्मों की पहचान थे बिमल राय

अजय कुमार शर्मा



**सलील चौधरी की कहानी रिक्शावाला पर आधारित इस फिल्म की भारत सहित पूरे विश्व में व्यापक चर्चा हुई और खूब मान सम्मान मिला। बलराज साहनी द्वारा निभाया गया किसान शंभू महतो का किरदार अपने आप में खुद मिसाल बन गया। फिल्म ने भारतीय फिल्म समाज को प्रभावित किया और इस तरह की फिल्म बनाने को प्रेरित किया इसमें सत्यजित राय का भी नाम लिया जाता है। 2 जनवरी 1953 को मुंबई के मेट्रो सिनेमा में यह फिल्म रिलीज हुई थी। इससे पहले 1 जनवरी को फिल्म का प्रीमियर किया गया था। इसमें पूरा फिल्म उद्योग उपस्थित था राज कपूर, मीना कुमारी नरगिस, दिलीप कुमार, बीआर चोपड़ा और देवानंद आदि। राज कपूर ने फिल्म देखकर कहा था काश, ऐसी कोई यथार्थवादी फिल्म मैं भी बना पाता।**

बिमल राय ने अपने सिनेमा का आधार उन सामाजिक सरोकारों को बनाया जो उस समय देश की उन्नति के लिए आवश्यक थे। उन्होंने अपनी हर फिल्म में समाज के किसी न किसी मुद्दे को जोरदार तरीके से सामने रखा। बिमल राय उस दौर के सिनेमाकारों में रहे जिनका समाज के साथ गहरा रिश्ता था और यही रिश्ता उनकी फिल्मों के माध्यम से परदे पर नजर आता था। बिमल राय ने अपना कैरियर कलकत्ता की प्रतिष्ठित फिल्म कंपनी न्यू थियेटर्स में सहायक कैमरामैन के रूप में शुरू किया था। पी. सी. बरुआ के निर्देशन में 1937 में बनी न्यू थिएटर्स की फिल्म मुक्ति में वे मुख्य कैमरामैन बने। 1944 में आई बांग्ला फिल्म उदय पाथे से उन्होंने निर्देशन आरंभ किया। इसकी पटकथा भी उन्होंने ही लिखी थी। 1947 में हुए विभाजन के कारण बंगाल का पूर्वी हिस्सा पाकिस्तान में चला गया इसके कारण बांग्ला फिल्म उद्योग को काफी झटका लगा।

बदली हुई स्थिति के कारण न्यू थियेटर्स की आर्थिक स्थिति भी प्रभावित हुई और लोगों को वेतन मिलना भी बंद हो गया। मजबूरन बिमल राय को बंबई आना पड़ा। बंबई आने में उनका सहयोग दिया उनके मित्र हितेन चौधरी ने जो उन दिनों बॉम्बे टॉकीज में काम किया करते थे। चौधरी ने उन्हें अशोक कुमार से मिलवाया और पहली मुलाकात में अशोक कुमार उनकी विशिष्ठता समझ गए और उन्हें बॉम्बे टॉकीज की फिल्म मां का निर्देशन करने का मौका दे दिया। बिमल राय ने तब अपने चार सहयोगियों को भी कलकत्ता से अपने पास बुला लिया। यह सहयोगी थे ऋषिकेश मुखर्जी, असित सेन, नवेंदु घोष और पॉल महेंद्र। ऋषिकेश मुखर्जी संपादक और सहायक निर्देशक थे। असित सेन अभिनय के साथ ही निर्देशन में भी सहयोग करते थे। नवेंदु घोष पटकथा लेखन में और पॉल महेंद्र संवाद लेखक थे। मां के बाद अशोक कुमार बॉम्बे टॉकीज से अलग हो गए और अपना प्रोडक्शन हाउस खोला। उनके प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म परिणीता का निर्देशन उन्होंने बिमल राय को ही सौंपा। बिमल राय बहुत ही संकोची और कम बोलने वाले निर्देशक थे। इस कारण फिल्मों में बहुत सारी चीज़ें वह अपने मन मुताबिक नहीं कर पाते थे। अपने मन मुताबिक काम करने के लिए उन्होंने हिम्मत करके अपना प्रोडक्शन हाउस बिमल राय प्रोडक्शन खोला और उसके अंतर्गत पहली फिल्म दो बीघा जमीन बनाने का निर्णय लिया।

सलील चौधरी की कहानी रिक्शावाला पर आधारित इस फिल्म की भारत सहित पूरे विश्व में व्यापक चर्चा हुई और खूब मान सम्मान मिला। बलराज साहनी द्वारा निभाया गया किसान शंभू महतो का किरदार अपने आप में खुद मिसाल बन गया। फिल्म ने भारतीय फिल्म समाज को प्रभावित किया और इस तरह की फिल्म बनाने को प्रेरित किया इसमें सत्यजित राय का भी नाम लिया जाता है। 2 जनवरी 1953 को मुंबई के मेट्रो सिनेमा में यह फिल्म रिलीज हुई थी। इससे पहले 1 जनवरी को फिल्म का प्रीमियर किया गया था। इसमें पूरा फिल्म उद्योग उपस्थित था राज कपूर, मीना कुमारी नरगिस, दिलीप कुमार, बीआर चोपड़ा और देवानंद आदि। राज कपूर ने फिल्म देखकर कहा था काश, ऐसी कोई यथार्थवादी फिल्म मैं भी बना पाता। फिल्म को उसी वर्ष यानी 1954 में शुरू हुए फिल्मफेयर अवार्ड में बिमल राय को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का और फिल्म को सर्वोत्तम फिल्म पुरस्कार दिया गया। फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। फिल्म ने कान और कार्लोवी वेरी जैसे अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में भी पुरस्कार पाए। इसके बाद तो परख, बंदिनी, मधुमति और सुजाता आदि एक से बढ़कर एक फिल्मों का निर्माण और निर्देशन उन्होंने किया। सिनेमा में सामाजिक रंगों को दिखाने वाले इस पुरोधा के बारे में वैजयंती माला कहती हैं, ÷बिमल दा का सिनेमा समाज में रचता और बसता था। यही उनकी सबसे बड़ी पूंजी थी। भारतीय समाज को सच्चे स्वरूप में परदे पर प्रस्तुत करने वाला यह समर्थ फिल्मकार बहुत जल्दी मात्र 55 वर्ष की आयु में 8 जनवरी 1964 को हम सबको अलविदा कह गया। बिमल राय ने अपनी फिल्मों में देवदास को सबसे चुनौती भरी फिल्म माना क्योंकि यह फिल्म इससे पहले दो बार बन चुकी थी और दोनों बार हिट रही। जब उन्होंने देवदास बनाने का फैसला किया तो दिलीप कुमार बहुत आशंकित थे। दिलीप कुमार को देवदास की भूमिका देने के बाद उन्होंने चंद्रमुखी के लिए नरगिस और पारो के लिए मीना कुमारी से संपर्क किया। नरगिस और मीना कुमारी ने कभी किसी फिल्म में साथ काम नहीं किया था।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# किसानों का दलहनी फसलों से हो गया मोह भंग

विनोद शुक्ला।

**खरीफ में केवल पच्चीस फीसदी जमीन पर बोयी जाती है दलहनी फसलें, धान व गेहूं ने ले लिया दलहनी क्षेत्र का स्थान, पूरे सूबे का पेट भरने वाला अन्नदाता स्वयं खरीदकर खाता है दाल**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** बुंदेलखंड क्षेत्र जो दाल का कटोरा कहा जाता था, यानी पूरे प्रदेश में अकेले दाल की आपूर्ति करने वाला बुंदेलखंड के किसानों का दलहनो फसलो से पूरी तरह मोह भंग होकर पूरा ध्यान धान व गेहूं की फसलों में चला गया है,यही कारण है कि अब यहां के किसानों को खुद दाल खरीदकर पेट भरना पड़ता है। किसानों ने इस खरीफफसल में धान का कम तीस हजार हेक्टेअर धान की फसल बोयी है जब कि सरकार ने जिले में धान की फसल का लक्ष्य केवल 69 हेक्टेअर रखा था।

जानकारी के मुताबिक बीस साल पहले बुंदेलखंड पूरे प्रदेश को दाल की आपूर्ति करने वाला क्षेत्र के नाम से जाना जाता था,सिचाई के अभाव में यह क्षेत्र खरीफ फसल में सत्तर फीसदी भूमि में दलहन की खेती करता था। जिले में बर्तमान में तीन लाख हेक्टेएअर जमीन में खरीफ की फसल बोने का लक्ष्य रखा गया है जिसमे करीब दो लाख हेक्टेएअर भूमि में फसल की बोआयी की जाती है। बाकी जमीन खाली पडी रहती है। शासन के लक्ष्य के अनुसार बुंदेलखंड में कम पानी की फसले बोई जाने का सख्त आदेश है जिसमे धान का लक्ष्य केवल 69 हेक्टेअर है, मगर किसान इसके विपरीत कम से कम तीस हजार हेक्टएअर धान की फसल की बोआई करता है, इसी प्रकार ज्वार की फसल बोने का लक्ष्य 11,543 हे. है जबकि किसानों ने केवल 11हजार हेक्टेएअर फसल की बोआयी की है। बाजरा का लक्ष्य केवल 94 हेक्टेएअर है जिसमे किसानों नें 98 हजार हेक्टेएअर फसल बोयी है। मिलेट्स फसल का लक्ष्य 321 हेक्टे. का लक्ष्य रखा गया था। जिसमे किसानों ने बहुत ही कम फसल की बोआई की है। उपकृषि निदेशक हरिशंकर भार्गव ने बताया कि शासन ने दलहनी फसलों में उर्द की फसल 20922 हेक्टे, के विपरीत 21 हजार हेक्टे, मूंग लक्ष्य तीन हजार के विपरीत तीन हजार सात सौ व अरहर की फसल बोने का लक्ष्य 20165 हेक्टेएअर रखा गया था जिसमे किसानो ने 21 हजार हेक्टेएअर बोने का दावा किया है। कुल मिलाकर केवल 46 हजार हेक्टेएअर में दलहनी फसल किसानों ने बोया है। जब कि दो दशक पहले केवल दलहनी फसल डेढ़ लाख हेक्टेएअर में फसल बोयी जाती थी। घटते घटते केवल पहले की अपेक्षा पच्चीस फीसदी भूमि में दलहनी फसले बोयी जाती है। चालू वर्ष में किसानों ने रिकार्ड तोड़ धान की बोआई की है। यही नही इसमे जमीन में पिछले साल की अपेक्षा कम से कम पचास फीसदी ज्यादा उर्वरक का प्रयोग भी किया गया है। किसान नेता बलराम दादी व निरंजन सिंह राजपूत,महेश तिवारी,भगवान दास दीक्षित का कहना है कि बुंदेलखंड का किसान गरीबी के चलते कम फसलों वाली फसले भुलाकर अधिक उत्पादन वाली फसले बोने के लिये आतुर है क्योकि वह कम सिचाई वाली फसले तो बोवे मगर उसे वाजिब दाम नही मिल पाता है। कृषि विभाग के अफसरों का कहना है कि धीरे धीरे बुंदेलखंड दाल का कटोरा वाली कहावत समाप्त होती जाती है क्योकि जो किसान पूरे सूबे को दाल की आपूर्ति करता था वह स्वयं दाल खरीद कर खा रहा है इसके लिये किसान व नीति बनाने वाले भी दोषी है।

### तिल की फसल में किसानों की बढ़ रही रुचि

हमीरपुर। जिले में किसानों का तिल की फसल के प्रति काफी जागरूकता आयी है। जिले में 46,894 हेक्टेएअर भूमि में तिल की फसल बोयी गयी है। जबकि मूंगफली की फसल केवल 872 हेक्टेएअर में बोयी गयी है सोयाबीन की फसल केवल तेरह हेक्टेएअर में ही बोयी गयी है।डीडी कृषि हरिशंकर भार्गव का कहना है कि तिल की खेती मेंज्यादा पानी बरसने से नष्ट हो जाती है दो साल से किसानों को इस फसल में काफी नुकसान हो रहा है। हालाकि शासन पूरे बुंदेलखंड की फसलों की समय समय पर रिपोर्ट लेता रहता है,कम सिचाई की फसल किसानों द्वारा न बोयेजाने से शासन ने चिंता व्यक्त की है।

### पराली जलाने पर होगी जेल, चेतावनी

उपकृषि निदेशक ने साफकहा है कि धान की फसल इस साल किसानों ने बहुतायत में बोयी है। यदि पराली जलायी जाती है तो किसानों को इसके लिये जुर्माना भरना पड़ेगा। जिसमे दो एकड़ में ढाई हजाररुपये,दो से पांच एकड़ में पाच हजार,पांच से ज्यादा एकड़ से ज्यादा भूमि में पराली जलाने पर 15 हजार रुपये देना होगा यदि दोबारा किसानों ने पराली जलायी तो उसे जेल की हवा खानी पडेगी। इसके लिये किसानों को पहले भी सावधान कर दिया गया था।

# भगवान चिंतन मनन स्मरण भजन से होते हैं प्राप्त : किशोर महाराज

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

कुलपहाड़ श्री श्री 1008 किशोर महाराज मेला जल बिहार महोत्सव में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में श्रीधाम वृंदावन से पधारे श्री कृष्ण महाराज कथा व्यास ने कहा कि महाराज उत्तानपाद के यहां ध्रुव जी ने जन्म लिया तथा 5 वर्ष की अवस्था में भगवान की भक्ति करके भगवान को प्राप्त किया।



कहा कि भगवान को पाने के लिए कोई आयु नहीं होती है। ध्रुव जी की कथा से हमें संदेश मिलता है कि भगवान का चिंतन मनन स्मरण भजन से ठाकुर प्राप्त होते हैं। बालपन से हरि भजै जग से रहत उदास सब तीरथ आशा करें कब आबै हरिदास, कहा कि बाल्यावस्था की भक्ति उगता सूर्य की भांति है, इसी से ठाकुर जी प्राप्त होते हैं। कथा में आगे कहा कि 24 मन मंतर होते हैं, उसी में चाक्षुसी मन मंतर मैं भगवान ने हरि अवतार लिया। आपने गाज ग्राह की कथा कहीं तत्पश्चात प्रहलाद भक्त की कथा में बताया कि भगवान ने नरसिंह रूप धारण कर हिरण्यकश्यप का वध किया।

इस कथा से यही संदेश जाता है कि भगवान की भक्ति करना है, तो भक्त प्रहलाद जैसी करना चाहिए। इसके साथ ही समुद्र मंथन की कथा का श्रवण कराया। जिसमें भगवान ने कच्छप अवतार बावन अवतार आदि अनेक अवतार लिए। इसके साथ ही उन्होंने भगवान श्री राम जन्म की कथा, भगवान श्री कृष्ण की कथा का विस्तृत का वर्णन करते हुए, भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें बधाई गीत में श्रोता भक्तगण नाचने को मजबूर हो गए।

इस मौके पर मां-बाघ बिराजन धाम मां पीतांबरा मां अन्नपूर्णा मंदिर के पुजारी पंडित नरेंद्र दुबे, महाराज अमित चतुर्वेदी, किशोर मेला के संरक्षक राकेश अडजरिया, जागेश्वर प्रसाद, कंचन, सुधीर सोनी अध्यापक, अशोक अग्रवाल, सुरेंद्र बहादुर सक्सेना, ग्या प्रसाद पाल सहित भारी संख्या में भक्तगणों ने श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर रसपान किया। कथा के यजमान महेंद्र पाठक, सपत्नीक श्रीमती कमलेश पाठक सभासद रहीं। संगीत में माधव राजपूत आरगन, अरुण नामदेव बैंजो, संदीप ढोलक तथा पटेरिया ने पैड पर संगति से समां को बांधे रखा।

## खबरें एक नजर में

### दुष्कर्म मामले में दो गिरफ्तार



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** थाना कोतवाली नगर में एक व्यक्ति द्वारा उसकी पुत्री के साथ बहला-फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म कर वीडियो बनाये जाने तथा धमकी व गालीगलौज किये जाने सम्बन्धी शिकायत प्रदान की गयी, इस शिकायत पर प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर महोबा में मु.अ.स. 481/2024 धारा 64(1)/87/351(3) बीएनएस व 3(2)5 व 3(2)5क एससी/एसटी एक्ट व 67 आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा इस घटना का तत्काल संज्ञान लिया गया, इस घटना में संलिप्त सम्बन्धित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 श्रीनारायण मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटना से सम्बन्धित 02 नफर वाँछित अभियुक्तगण क्रमश:आदित्य सिंह पुत्र दिनेश सिंह उम्र करीब 20 वर्ष 2. समीर उर्फ आमिर अली पुत्र मोहम्मद लतीफ सौदागर उम्र करीब 19 वर्ष को छतरपुर रोड पुलिस लाइन मोड़ के पास रेलवे ब्रिज के नीचे से गिरफ्तार किया गया। इन गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित कर माननीय न्यायालय महोबा के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया है।

### युवक ने चाकू मार कर महिला को किया घायल

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** नगर में शनिवार की रात एक युवक ने चाकू की नोक पर महिला के घर आधी रात में कूद कर जान से मारने की नीयत से घायल कर दिया जबकि कोतवाली पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज कर अपना पल्ला झाड़ने हुए नजर आ रही है। मौदहा कस्बे की मंगी पुरवा निवासी एक महिला ने कोतवाली में पुलिस को बताया कि उसका पड़ोस का रहने वाला युवक अशोक निषाद पुत्र कल्लू निषाद बुरी नियत से शनिवार की रात में उसके घर कूद कर सोई हुई महिला के गले में चाकू रख कर जान से करने का प्रयास किया तभी महिला की अचानक आंख खुल जाने से शोर शराबा के बीच आरोपी युवक ने महिला का मंगलसूत्र ले गया और अपना मोबाइल चप्पल 1050 रुपए छोड़कर भाग गया। वही कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी का मुकदमा पंजीकृत करते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया जबकि इस पूरे मामले में नगर में तरह.तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म हैए कुछ लोगों का मानना है कि कोतवाली पुलिस ने पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर बदल दी गई है। वहीं कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### गैस सिलेंडर में आग लगने से पांच लोग झुलसे



**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** रविवार को खाना बनाने के लिए जलाई जा रही घरेलू गैस सिलेंडर में आग लग गई। इस दौरान दो महिलाओं सहित पांच लोग झुलस गए। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने दो महिलाओं को मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। सूचना पर तहसीलदार कुमार भूपेंद्र ने सीएचसी में पहुंच आग से झुलसे लोगों से जानकारी ली। मुस्करा थाने के भैसाएं गांव निवासी सत्येन्द्र ने बताया कि रविवार की सुबह करीब नौ बजे उसकी पत्नी रेखा खाना बनाने के लिए गैस चूल्हा जला रही थी। तभी सिलेंडर लीकेज होने पर आग लग गई। आग से उसकी पत्नी झुलस गई। जब वह व उसका भाई अमित, रेखा पत्नी दयाशंकर बचाने गए तो वह भी आग से झुलस गए। वहीं उसका पांच वर्षीय पुत्र राजा भी आग की चपेट में आकर झुलस गया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। डॉ अखिलेश सिंह ने बताया कि रेखा पत्नी सत्येन्द्र रेखा पत्नी दयाशंकर 40 फीसदी झुलस गए हैं। जिन्हें मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। बताया कि सत्येन्द्रए अमितए राजा 30 फीसदी झुलसे हुए हैं। सूचना पर तहसीलदार कुमार भूपेंद्र ने सीएचसी पहुंच आग से झुलसे लोगों का हालचाल पूछा।

### दबंगों ने दुकानदार को मारपीट कर किया जख्मी, पुलिस ने शुरु की जांच

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** चाय समोसा बेचने के बाद दुकान में सो रहे दुकानदार को दबंगो ने देर रात अपने साथियों के साथ पहुंचकर लाठी डंडों से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया पीड़ित थाने में लिखित शिकायत की है।सिसोलर थाना क्षेत्र निवासी शिव धनी प्रजापति निवासी भभई ने पुलिस को बताया कि बस स्टैंड पर चाय समोसा की दुकान है दुकान में समोसा बेचने के बाद में रात में दुकान में सो गया तभी मनीष पुत्र मुल्लू सिंह अपने तीन साथियों के साथ दुकान पर अचानक आ गया और मारपीट करने लगा मारपीट के दौरान बेहोश हो गया होश आने पर देखा की दुकान में रखे 21 हजार रुपये गायब है पीड़ित ने रात में ही112 नंबर फोन कर सूचना दी लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर से थाना पहुंच तहरीर सौंपी है सिसोलर थाना प्रभारी कल्पना सिंह ने बताया कि मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।

# किसान ने बैंक के दलाल पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

**अजनर/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



**धोखाधड़ी से परेशान अन्नदाता ने थाने में शिकायत कर लगाई न्याय की गुहार**

**किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के नाम पर किसान से बैंक में की गई धोखाधड़ी**

जनपद में सीधे-साधे बुजुर्ग किसानों के साथ बैंकों में धोखाधड़ी के मामले थमने का नाम नही ले रहे है हालात यह है कि किसान क्रेडिट बनवाने के दौरान गरीब किसानों का बैंक के दलालों द्वारा जमकर शोषण किया जा रहा है मामले से परेशान किसान ने बैंक के किसान क्रेडिट से 1,95,000 के एवज में महज 40 हजार रुपये मिलने का आरोप लगाया है । पीड़ित किसान ने स्थानीय थाने में दलाल के खिलाफ शिकायत कर पैसा दिलाए जाने सहित कार्यवाही की मांग की है। मामला अजनर थाना क्षेत्र के बुधवारा गांव का है जहां के रहने वाले रमोला अहिरवार ने आरोप लगाया कि वर्ष 2018 के पहले उसके आर्यावर्त बैंक में ? दो लाख जमा किए थे । इसके बाद बैंक के दलाल गुरदयाल राजपूत ने मुझे धोखाधड़ी कर किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के नाम पर आर्यावर्त बैंक ले जाकर साइन करा दिए थे। गुरदयाल राजपूत नामक बैंक के दलाल ने बैंक मैनेजर से मिलकर मेरे किसान क्रेडिट कार्ड से लाखों रुपए निकाल लिए और मुझे महज ?40 हजार दिए हैं। बैंक में मेरे द्वारा पैसा जमा करने पर वह पूरा पैसा किसान क्रेडिट कार्ड के नाम पर लिए गए लोन में जमा हो गया इससे मैं बेहद परेशान हो जाता हूं ।यही वजह है कि थाने में पहुंचकर पीड़ित किसान ने आरोपी दलाल गुरुदयाल के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

### करंट की चपेट में आकर प्राइवेट शिक्षक की मौत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** टेबिल फैन के पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से प्राइवेट शिक्षक की मौत हो गई। स्वजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को घर ले गए। युवक की मौत पर स्वजनों में मातम छा गया है। कोतवाली के अमगांव निवासी विनोद रैकवार ने बताया कि उसका भाई 27 वर्षीय देवीदयाल रैकवार प्राइवेट स्कूल में शिक्षक थे । साथ में खेती किसानी में हाथ बटवाते थे। रविवार की दोपहर उसका भाई खेत से घर आया और हवा लेने के टेबिल फैन पंखे को घुमाने लगा। उसी दौरान पंखे में उतरे करंट की चपेट में आकर उसका भाई झुलस गया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां डॉ अखिलेश सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉ अखिलेश सिंह ने बताया कि शव बिना पोस्टमार्टम कराए शव को घर ले गए।

# आवासीय मदरसा आया छात्र लापता

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला मुख्यालय से कस्बे में दीनी तालीम हासिल करने आवासीय मदरसे में आया छात्र लापता हो गया छात्र के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

हमीरपुर के मोहल्ला खालेपुरा निवासी अहमद खां का तेरह वर्षीय पुत्र सुहेल खां कस्बे के मदरसा यादगार मोहम्मदी हुसैनी में रहकर दीनी तालीम हासिल कर रहा था।लेकिन शनिवार को वह हमीरपुर से मदरसा आया और अपना बैग रखने और नमाज़ अदा करने के बाद दोपहर में रहस्यमय तरीक़े से गायब हो गया।गायब छात्र के भाई उवैस खान ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है वहीं मदरसे के प्रधानाचार्य नसीम आलम ने बताया कि बच्चा बजे मदरसे से निकलता हुआ सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दे रहा है और फिर बच्चा इतना छोटा भी नहीं है कि खो गया हो।



छात्र सुहेल खान की फाइल फोटो



### गौरा पत्थर कारीगर को केंद्रीय मंत्री ने किया सम्मानित, निर्मित कलाकृतियों को सराहा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** क्राफ्ट टूरिज्म विलेज नैनी प्रयागराज तथा कॉमन फैसिलिटी सेंटर फाफामऊ प्रयागराज में आयोजित इनॉग्रेशन सेरिमनी में विभिन्न क्राफ्ट की स्टाल की कलाकृतियों का अवलोकन गिरिराज सिंह केंद्रीय वस्त्र मंत्री एवं राकेश सचान उद्योग मंत्री तथा विजय लक्ष्मी केंद्रीय मंत्री द्वारा किया गया । साथ ही केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह तथा राकेश सचान उद्योग मंत्री द्वारा जनपद के निवासी कालीदीन विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हस्तशिल्पी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और गोरा पत्थर से निर्मित कलाकृतियों को सराहा। जिसमें विकास आयुक्त अमृतराज तथा क्षेत्रीय निदेशक बीपी ठाकुर एवं सहायक निदेशक तान्या बनर्जी तथा हस्तशिल्प संवर्धन विकास अधिकारी विशाल वर्मा राम प्रकाश मौर्या तथा जिलाधिकारी प्रयागराज उपस्थित रहे। कालीदीन विश्वकर्मा ने कहा कि ये हमारी मेहनत और लगन का प्रयास है। गौरा पत्थर से निर्मित मंदिर, मस्जिद की मूर्तियां व कलाकृति के बारे में मंत्री ने खूब सराहना की।

### चोर ने एटीएम का ताला तोड़कर निकाले एक लाख रुपये

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** कल रात सुमेरपुर कस्वे में एटीएम तोड़कर एक लाख रुपये चोरी कर ली है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस के मुताबिक दो दिन पहले सुमेरपुर कस्वे में एटीएम चोर ने ताला तोड़कर एक लाख रुपये निकाल लिये सीसीटीवी कैमरे मे कैद होने के बाद बैंक में हड़कंप मच गया है। पुलिस का कहना है कि एटीएम में कोई वस्तु फंसी होने के कारण ग्राहकों का पैसा बाहर नही निकल पा रहा था बाद में पुलिस व बैंक कर्मियो ने एटीएम को ठीक कराया,पुलिस का कहना है कि चोर का पता लगाया जा रहा है उधर ग्राहकों का कहना है कि जब बैंक के एटीएम सुरक्षित नही है तो पैसा कहा रखा जाये। इसके पहले भी सुमेरपुर कस्वे में कई स्थानों में चोरियां हो चुकी है मगर उनका खुलासा नही हो पा रहा है पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है।

# आल्हा प्राइवेट एजुकेशन एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**तीसरी बार फिर मनोनीत हुए जिला अध्यक्ष सुबोध बिदुआ**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



आल्हा प्राइवेट एजुकेशन एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन संदीप कुमार मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल, बीजा नगर रोड, में किया गया। इस बैठक में संगठन के सभी पदाधिकारी एवं प्रबंधकगण ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक का उद्देश्य संगठन के आगामी योजनाओं और दिशा-निर्देशों पर चर्चा करना था।

विदित हो कि बैठक में संगठन के पदाधिकारियों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया का सफल आयोजन संगठन के संरक्षक गजराज सिंह पटेल के निर्देशन में किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से सुबोध बिदुआ को तीसरी बार अध्यक्ष, एवं भरत लाल तिवारी को महामंत्री और शशिकांत सोनी को उपाध्यक्ष पद के लिए भी लगातार तीसरी बार निर्विरोध चुना गया। यह निर्णय सभी सदस्यों की एकमत सहमति से लिया गया, जो संगठन में इनके गतिशील नेतृत्व और कार्यकुशलता का प्रमाण है।

वही बैठक के मुख्य बिंदु शिक्षा के स्तर में सुधार, प्राइवेट स्कूलों की चुनौतियों, और क्षेत्रीय विकास को लेकर व्यापक चर्चा की गई। महामंत्री भरत लाल तिवारी ने बुंदेलखंड क्षेत्र के समग्र विकास और इसे पृथक राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए प्रबंधकों से मिलकर संगठित प्रयास करने की बात कही। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार के लिए नए कदम उठाने की योजना पर भी विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला साथ ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सभी उपस्थित प्रबंधकों द्वारा हार्दिक बधाई दी गई।

अंत में तीसरी बार पुनः अध्यक्ष पद ग्रहण करने के बाद सुबोध बिदुआ ने संगठन के पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया और कहा कि जिस प्रकार संगठन ने मेरे कार्य पर भरोसा करके मुझे तीसरी बार निर्वाचित किया मैं उनके इस विश्वास और भरोसे को भविष्य में कायम रखूंगा और तन मन धन से इससे भी अधिक कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा।

# फर्म संचालक ने डीपीआरओ से लगाई भुगतान की गुहार

**जातिवादी सोच से ग्रसित सचिव नहीं कर रहे आपूर्ति सामग्री की धनराशि का भुगतान : फर्म संचालक**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



कबरई विकासखंड में ग्राम सचिव की मनमानी के चलते सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्म का बीते वर्षों का भुगतान न कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जहां फर्म संचालक ने जिला पंचायत राज अधिकारी, महोबा को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर तिंदौली बसौरा व मामना के ग्राम सचिव द्वारा भुगतान न किए जाने को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। यूपी के महोबा में ग्राम सचिव की मनमानी से प्रताड़ित होकर पीड़ित फर्म संचालक ने डीपीआआरओ महोबा चंद्रकिशोर वर्मा को शिकायती पत्र सौंपकर भुगतान की गुहार लगाई है। दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ित फर्म संचालक ने बताया कि छतरपुर रोड श्याम पैलेस के सामने पीड़ित की फर्म मेसर्स लालचंद इंटरप्राइजेज एवं हार्डवेयर द्वारा बीते वर्षों में कबरई ब्लॉक की ग्राम की तीन पंचायतों तिंदौली बसौरा व मामना में विभिन्न कार्यों हेतु पाइप, पेंट, हार्डवेयर व अन्य सामग्री की आपूर्ति की गई थी है। लेकिन वर्तमान ग्राम सचिव केपी वर्मा अपनी जातिवादी मानसिकता के चलते पीड़ित की फर्म के बीते सालों में आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान जानबूझकर रोके हुए हैं। फर्म संचालक लालचंद्र का आरोप है कि मिलीभगत व भ्रष्टाचार करके सचिव केपी वर्मा ने अपनी चहेती अस्तित्वहीन काल्पनिक फर्म मां पीतम्बरा एंटरप्राइजेज के नाम पर 15 अगस्त 2024 के दिन लाखों रुपए के फर्जी भुगतान कर दिए हैं। जबकि पीड़ित का रुपए 8 लाख 74 हज़ार का भुगतान ग्राम सचिव अपनी दूषित मानसिकता व मनमानी के चलते रोककर बेवजह परेशान करने में लगे हुए हैं।

### दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली के कैंथा गांव निवासी रतनलाल खंगार ने बताया कि 15 सितंबर की शाम 7 बजे घर पर खाना खा रहे थे। तभी पुरानी रंजिश को लेकर गांव के हीरालाल पुत्र छतियाए मुन्नू सुट्टी विशाल मोहन पुत्र खेमराज विनीता पत्नी सुट्टी सहित सात लोग घर के अंदर घुस गए और गाली गलौज कर जमीन पर पटक दिया। लाठी डंडों से मारने लगे। शोर मचने पत्नी राजकुमारीए पुत्र दीपक ए पुत्री विनीता बीच बचाव करने पहुंचे तो आरोपी हीरालाल ने सिर पर डंडा मार दिया। जिससे वह बेहोश होकर गिर गया। आरोपी ने पुत्र को लाठी डंडे से पीट कर घायल कर दिया। ग्रामीणों के आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज है।

# स्कूली छात्रों की सुरक्षा हेतु चलाया यातायात जागरुकता अभियान

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में स्कूली बच्चों (नौनिहालों) की सुरक्षा के दृष्टिगत एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने व यातायात व्यवस्था को गतिमान बनाये रखने तथा जनपदवासियों में यातायात नियमों के प्रति जनजागरुकता के उद्देश्य से प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा निरन्तर सघन चेकिंग/जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में विशेष अभियान के तहत प्रभारी यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम जनपद के विभिन्न स्थलों में ऐसे स्कूली छात्र जो बिना हेलमेट



पहने हुए तथा तीन सवारी के साथ अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करते पाये गये ऐसे छात्रों की जीवनरक्षा को ध्यान में रखकर चेकिंग अभियान चलाया गया है, इस दौरान यातायात पुलिस टीम द्वारा सम्बन्धित छात्रों को यातायात नियमों के साथ छेडछाड़ न किये जाने व यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील की गयी साथ ही छात्रों के परिजनों को सूचित कर भविष्य में ऐसी गलती न करने की सलाह दी गयी है।

# डॉक्टर भीमराव अंबेडकर समिति का हुआ गठन

**पनवाड़ी, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्रीय स्तर पर दलित समाज के उत्थान के लिए रविवार को डॉक्टर भीम राव अंबेडकर समिति का गठन किया गया। समिति के संरक्षक नंद राम ठेकेदार की संस्तुति पर समाज द्वारा सौरा प्रधान प्रतिनिधि रामाधीन अहिरवार को समिति का अध्यक्ष चुना गया। कस्बा स्थित अंबेडकर पार्क में आहूत बैठक में अध्यक्ष के साथ राजबहादुर कारीगर व मुन्ना मिनिट को समिति उपाध्यक्ष, महामंत्री हरगोविंद खुराना, कोषाध्यक्ष महेश कुमार शिक्षक, संगठन मंत्री लाल दिवान यादव, प्रचार मंत्री नंदराम भास्कर, ऑडिटर कोहनिया प्रधान जयराम अहिरवार को बनाया गया। इसके अलावा उप मंत्री शिक्षक विजय



विक्रम सिंह एवम मकुंदीलाल मनकी को नियुक्त किया गया। समिति के प्रबंधक गोविंद अहिरवार, उप प्रबंधक रमेश चंद कुशवाहा को बनाया गया है। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवक राम स्वरूप दद्दा के साथ, शिक्षक रत्न कुमार, शिक्षक मोतीलाल, शिक्षक हीरा लाल, शिक्षक नंद राम अहिरवार, मदन पाल बिजरारी, बृज गोपाल सिंह, बृज गोपाल शिक्षक बिजरारी, परमेश्वर दयाल बाबू जी, भगवानदास, परमेश्वर दयाल कुशवाहा, कपिल सिंह राजगंज, पप्पू मिस्त्री, रामेश्वर लेखपाल, रामनाथ रायपुरा, मनमोहन वर्मा, शिक्षक ललित किशोर समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### महिला ने देवर पर लगाया छेड़छाड़ करने का आरोप

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** घर में सो रही महिला के साथ देवर ने छेड़छाड़ की और महिला द्वारा मना करने पर सास ससुर ने भी उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि रात में जब वह अपने घर में सो रही थी तभी उसके कमरे में सूरज पुत्र लल्लू प्रसाद आ गया और छेड़छाड़ करने लगा।महिला ने बताया कि जब उसने छेड़छाड़ का विरोध किया तो उसकी सास और ससुर ने भी उसका पक्ष लेकर मारपीट की और रात में ही घर से निर्वस्त्र निकाल दिया तब उसने अपनी बहिन के घर जाकर कपड़े पहने।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खेत में रखवाली कर रहे किसान की सर्पदंश से मौत

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

बुन्देलखण्ड के महोबा जिले में खेत की रखवाली कर रहे किसान को जहरीले सर्प ने डंस लिया जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन उसे झांसी मेडिकल कॉलेज लेकर जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची



पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।दरअसल मामला श्रीनगर थाना क्षेत्र के ननौरा गांव का है जहां के रहने वाले गुलाब यादव पुत्र गणेश यादव उम्र 45 वर्ष अपने खेत की रखवाली कर रहा था देर रात लघु शंका के लिए उठा तभी खेतों में घुसे अन्ना जानवरों को भगाने के दौरान जहरीले सर्प ने उसे अपना शिकार बना लिया जहरीले सर्प के डँसने से उसकी हालत खराब हो गई। परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया परिजन एम्बुलेंस की मदद से उसे मेडिकल कॉलेज झांसी लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है और अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। किसान की असामयिक मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# तालाब में नहाने गये दो किशोरों की पानी में डूबने से मौत

- आधा घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किशोरों के शवों को निकाला बाहर
- एसडीएम, सीओ, कोतवाल ने अस्पताल पहुंच ली जानकारी





**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**

मोहल्ले में स्थित तालाब में नहाने गए दो किशोर तालाब में गहराई में जाने से डूब गए। लगभग आधा घंटे के बाद मोहल्ले के लोगों के सहयोग से किशोरों को तालाब से बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर एसडीएम, सीओ, कोतवाल आदि मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

मोहल्ला चुर्खीबाल निवासी कल्लू का पुत्र सोहेल (10) व नाजिर अली का पुत्र अकरम (12) रविवार की सुबह मोहल्ले में खेल रहे थे। उनके साथ उनका साथी आसिफ (12) भी था। खेलते हुए तीनों दोस्तो के बीच तालाब में नहाने की बात हुई। जिसके बाद तीनों मोहल्ले में ही स्थित चुर्खीबाल तालाब पर पहुंच गए। तालाब पर पहुंचने के बाद तीनों तालाब के किनारे पर नहाने लगे। बारिश के बाद तालाब में पानी अधिक था। जिस पर नहाते हुए तीनों आगे की ओर बढ़ने लगे। आसिफ को पानी अधिक लगा तो वह अधिक अंदर तक नहीं गया। जबकि सोहेल व अकरम नहाते हुए आगे पहुंच गए। जब उनका सिर पानी की अंदर जाने लगा तो वह बाहर आने की कोशिश करने लगे। लेकिन बाहर निकल नहीं सके और पानी के अंदर डूबने लगे। जब आसिफ ने उन्हें डूबता हुआ देखा तो उसने दौड़कर परिजनों को इसकी जानकारी दी। आनन फानन में जब तक परिजन तालाब पर पहुंचे तो दोनों किशोर डूब चुके थे। किशोरों के तालाब में डूबने की सूचना पर तालाब पर लोगों की भीड़ जुट गई। मोहल्ले के कुछ गोताखोर तालाब में उतरे और किशोरों को ढूंढा। करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद दोनों किशोरों को बाहर निकाला गया। परिजन उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह जानकारी जब प्रशासन को मिली एसडीएम विनय मौर्य, सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाल वीरेंद्र पटेल, नायब तहसीलदार गौरव कुमार भी मौके पर पहुंच गए और घटना के संबंध में जानकारी ली और परिजनों को ढांढस बंधाया। पुलिस ने दोनों किशोरों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। किशोरों की मौत के बाद उनके पिता कल्लू व नाजिर अली रो रोकर बेहाल थे। खुदा को याद कर कह रहे थे कि उन्हें पता होता तो बच्चे नहाने के लिए तालाब पर जा रहे हैं तो वह उन्हें जाने ही नहीं देते। खेलते हुए बच्चे तालाब पर पहुंच गए और नहाने लगे।

# पहली पुण्यतिथि पर प्रेमा अवस्थी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



**ग्राम्यांचल** सेवा समिति की अध्यक्षा, क्षेत्र के पूर्व विधायक पंडित सुरेंद्रनाथ अवस्थी की धर्मपत्नी एवं स्नेहमयी व्यवहार के लिए मशहूर स्वर्गीय प्रेमा अवस्थी की प्रथम पुण्यतिथि परिसर स्थित स्मृति उपवन में मनाई गई। जिसमें राजनीतिक बंदिशें से ऊपर उठकर सभी दलों के नेताओं, ग्राम्यांचल सेवा संस्थान से जुड़े सभी पदाधिकारियो और कर्मचारियों ने पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय पूर्व विधायक सुरेंद्रनाथ अवस्थी के निधन के पश्चात प्रेमा अवस्थी ने अपने परिवार के साथ-साथ अपने संस्थान को भी संभाले रखा अवस्थी जी के नक्शे कदम पर चलते हुए अपने परिवार के साथ-साथ अपने संस्थान को भी निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करती रही। राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने संस्थान के लिए हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। इसके अलावा बाराबंकी जनपद के सांसद तनुज पूनिया पूर्व सांसद बैजनाथ रावत क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप पूर्व विधायक राम मगन रावत पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी सरवर सिद्दीकी गंगा बक्श सिंह वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया आदि ने अपने-अपने विचार प्रकट किया।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज

**कोंच (जालौन)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव निवासी 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गत शनिवार की रात करीब 7 बजे वह अपने भाई के साथ उरई से लौट रही थी। ग्राम कैंथी के समीप सड़क किनारे खेत में उसका भाई शौच क्रिया करने चला गया। इसी दौरान मौके पर आए सगे भाई मोहन और सोनू पुत्र कैलाश निवासी ग्राम गायर थाना जालौन ने जबरन उसके साथ छेड़छाड़ की और विरोध करने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर दोनों भाई मौके से भाग गए।

# दवाई,पढ़ाई, कृषि की महंगाई ने जनता की तोड़ दी कमरः गोप



**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**किसानों** की खेती किसानी में उपयोग होने वाले कृषि यंत्रों दवाइयों खाद बीज पर मौजूदा दौर में बढीं महंगाई ने किसानों की कमर तोड़ दी है इसीलिए दिन रात मेहनत करने के बावजूद भी किसान खेती से घर परिवार बच्चों की पढ़ाई लिखाई शादी विवाह सहित रोजमर्रा की जरूरत को पूरा नहीं कर पा रहा है।

उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने हैदरगढ़ पोखरा चीनी मिल के सभागार में यूनियन के राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी लाल बहादुर सिंह की अध्यक्षता में भारतीय किसान यूनियन ÷कमेरा÷ के जिला अध्यक्ष पंडित सुशील दीक्षित द्वारा आयोजित किसान चिंतिन शिविर मे किसानोंन को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। पूर्व मंत्री ने आगे कहा कि किसान हमारे देश का स्तंभ हैं देशवासियों को अनाज उपलब्ध कराने के लिए दिन रात कडीं मेहनत करते हैं परंतु फसलों के उचित दाम न मिलने से आज हमारे किसान भाइयों को बच्चों की पढ़ाई शादी विवाह दवाई के लिए तमाम दुश्वारियां उठानी पड़ रही हैं। चिंतन शिविर को मुख्य रूप से डॉ ओम प्रकाश पूर्व प्रमुख सचिव गन्न एवं चकबंदी, बी डी नकवी पूर्व न्यायाधीश, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, ओपी यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रमिला यादव कार्यकारिणी राष्ट्रीय अध्यक्ष, राम शंकर राष्ट्रीय महासचिव आदि पदाधिकारियों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सपा जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, राजेश तोमर राष्ट्रीय प्रवक्ता, नबी अहमद प्रदेश अध्यक्ष, इंद्रसेन शास्त्री प्रांतीय अध्यक्ष अवध, सर्वेश पाल प्रदेश महामंत्री उत्तर प्रदेश, एडवोकेट संजय सिंह पूर्व चेयरमैन अखिलेश सिंह, महेश वर्मा प्रधान, अय्यूब कुरैशी आदि सैकड़ों प्रधान एवम बीडीसी उपस्थित रहे।

# बाढ़ पीड़ितों को तहसीलदार ने वितरित किया राहत सामग्री



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

तहसील क्षेत्र में सरयू नदी की बाढ़ ने ग्रामीणों को परेशान कर दिया है। खाने पीने की समस्याओं का सामना कर रहे ग्रामीणों के लिए तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा ने राहत सामग्री वितरण किया। घाघरा नदी के उत्तरी छोर पर बसे गांव पारा ,बेहटा, मांझा ,रायपुर और परसावल के 800 बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को राहत सामग्री किट वितरण की गई। तहसीलदार नरसिंह नारायण ने बताया कि रविवार को वितरण के दौरान ग्रामीणों को आटा, चावल, आलू, मोमबत्ती, माचिस, और पानी पीने के लिए पिपिया जैसी जरूरत की चीज दी गई है। राहत सामग्री वितरण निरंतर जारी रहेगा। कोई भी बाढ़ पीड़ित राहत सामग्री पाने से वंचित नहीं रहेगा। लेखपाल को बाढ़ पीड़ितों के चिनांकन के लिए तैनात किया गया।

### लाखों रुपये से बने रैन बसेरा का अभी तक नहीं हुआ शुभारंभ

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लाखों रूपये की लागत से मरीज के तीमारदारों के ठहरने व आराम करने के लिए नगर पंचायत कार्यालय द्वारा रैनबसेरे का निर्माण कार्य कराया जा रहा। पिछले दो साल से बन रहा रैन बसरे को अभी तक चालू नही कराया गया है। जिससे अस्पताल आने वाले मरीजों के साथ तीमारदारों को बारिश और रात्रि में रूकने के लिए काफी परेशानी हो रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैदपुर परिसर में नगर पंचायत कार्यालय द्वारा रैनबसरे का निर्माण कार्य कराया जारहा है। पिछले दो वर्ष पूर्व से रैनबसरे का मिर्नाण कार्य होना शुरू हुआ था। लेकिन दो साल बाद भी रैन बसेरा बन कर पूरी तरह से तैयार नही हो पाया है। इस लिए नगर पंचायत द्वारा जैदपुर सीएचसी को रैन बसेरा हैंडओवर नही किया जारहा है। रैनबसेरा चालू नही होने से अस्पताल आने वाले मरीज के तीमारद को दिन में पेड़ के नीचे व रात्रि में खुले में बैठना और लेटना पड़ता है।

## खबरें एक नजर में

### भारत साक्षर परीक्षा में शामिल हुए 95 प्रतिशत असाक्षर

**बाराबंकी।** रविवार को जिले में सम्पन्न हुई नव भारत साक्षर परीक्षा में 95 प्रतिशत असाक्षरों ने परीक्षा दी, जिसमें महिलाओं की भागीदारी 70 फीसदी रही। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी व जिला समन्वयकों ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। प्रौढ़ शिक्षा ब्यूरो स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष उल्लास-नव भारत साक्षता कार्यक्रम में अन्तर्गत 15.वयवर्ग के असाक्षरों की परीक्षा आयोजित की जाती है। उल्लास सर्वे ऐप के माध्यम से चिन्हित 15: वयवर्ग के नव चयनित साक्षरों के लिए दिनांक 22 सितम्बर को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालयों में सम्पन्न हुई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री सन्तोष कुमार देव पाण्डेय ने बताया कि जनपद में साक्षरता परीक्षा रविवार को सकुशल सम्पन्न हुई। उल्लास सर्वे एप के माध्यम से चिन्हित 3100 नव साक्षरों के सापेक्ष 2948 ने परीक्षा दी। इस बार सम्पन्न हुई परीक्षा में महिलाओं की संख्या 2071 रहीं। परीक्षा के दौरान समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयकों ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता श्री नन्दन पाण्डेय ने बताया कि बंकी विकास खण्ड में सर्वाधिक 495 नव चयनित साक्षर पंजीकृत हुए, जिनमें से 482 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। पूरे जिले में सकुलश परीक्षा सम्पन्न हुई है। मूल्यांकन शीट साक्षरता निदेशालय को प्रेषित की जाएंगी, जिसके उपरांत परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को एनआईओएस द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा।

### कोटेदार ने की गड़बड़ी, कोटा हुआ निलंबित

**जैदपुर बाराबंकी।** गरीबों के मुंह का निवाला हजम करने वाले एक कोटेदार की शिकायत पर नायब तहसीलदार गरिमा भार्गव व पूर्ति निरिक्षक संजय कुमार की जांच में आरोप सही मिलने पर जिलाधिकारी के आदेश? पर कोटेदार के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये कोटे को निलंबित कर थाना जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया। बताते चलें कि सरकार द्वारा हर संभव गरीबों को पूरा राशन देने के लिये लगातार कोशिश जारी रहती है। फिर कोटेदार अपनी मनमानी व दबंगई करने से बाज नहीं आते हैं। ताजा मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के विकास खण्ड सिद्धौर के न्यौछना ग्राम पंचायत का है ।जहां की कोटेदार ताजमुल निशा की लगातार शिकायत मिलने उपजिलाधिकारी के आदेशानुसार पर गठित टीम की जांच में तमाम आरोप सही पाए गये। जिसमें 136 कार्ड धारकों को राशन नहीं दिया गया। और अनाज भी स्टाक में मौजूद नहीं पाया गया। जिसे लेकर कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी गयी। और दुकान को छतौनी गांव के कोटे की दुकान से जोड़ दिया गया। पूर्ति निरिक्षक संजय कुमार ने बताया भारी तदाद में चावल गेहूं, शकर की कालाबाजारी सामने आयी? है। कोटे की जांच के दौरान अंगूठा लगवा कर गरीबों को राशन न देने के मामले के साथ संयुक्त टीम ने तमाम कमियां कमियां मिली है।जिलाधिकारी के आदेश? पर जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पीएचसी पर आयोजित किये गए आरोग्य मेला

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** शासन की मंशा के अनुरूप सीएचसी सिरौलीगौसपुर अधीक्षक के नेतृत्व में तीनों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया । जहां पर मरीजों की जांचें करके उन्हें दवाओं का वितरण किया गया ।कस्बा बदोसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर फार्मासिस्ट राम प्रताप मिश्रा वार्ड बॉय त्रिभुवन सिंह एएनएम कौशल्या देवी की मौजूदगी में कुल 46 मरीजों की जांच करके उनमें सर्दी जुकाम बुखार से संबंधित दवाओं का वितरण किया गया।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में डॉ अन्विता पांडे वार्ड बॉय राजबहादुर की मौजूदगी में 44 मरीज देख कर के उनमें दवाओं का वितरण हुआ। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनपुर में डॉक्टर जगदीश फार्मासिस्ट वीरेन्द्र कुमार श्री वास्तव वार्ड ब्वाय शिवाकान्त सिंह स्वास्थ्य सलाहकार अनूप कुमार जायसवाल की मौजूदगी में 81 मरीज देखे गए।

### मरई माता मंदिर के आसपास रहने वाले बाढ़ पीड़ित भूखे पेट सोने को विवश

**कोंच (जालौन)।** बाढ़ से अभी भी मुहल्ला गांधीनगर, मालवीय नगर और गोखले नगर की स्थिति सुधर नहीं सकी है। रविवार को करीब एक से डेढ़ फुट पानी उतरा हुआ देखा जा रहा है। मुहल्लों के सभी रास्तों के अलावा घरों के आसपास पानी भरा हुआ है जिससे लोग घरों के अंदर रहने पर मजबूर हैं। पानी के चलते मच्छरों का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। मरईं माता मंदिर के आसपास रहने वाले लोग लंच पैकेट न मिलने से परेशान हैं। यहां रहने वाले कुछ लोगों ने बताया की अभी तक एक भी लंच पैकेट नहीं मिल सका है जबकि कुछ लोगों का कहना है कि परिवार में सदस्यों की संख्या के हिसाब से आधे लंच पैकेट ही मिल पा रहे हैं.जिससे भूखों रहना पड़ रहा है। पीने की साफपानी की भी कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है।

### बाढ़ में फंसी वृद्ध की उपचार के दौरान हुई मौत

**कोंच (जालौन)।** गोखले नगर में बाढ़ के पानी में अपने घर के अंदर फंसी महिला मोहिनी पत्नी मानसिंह की तबियत खराब होने पर उसे 2-3 दिन पहले नाव के सहारे पानी में से निकाल कर झाँसी में भर्ती कराया गया था। शनिवार की रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। पति ने बताया कि 2 माह पहले पत्नी मोहिनी को उरई के एक अस्पताल में ऑपरेशन से एक बेटा हुआ था। ऑपरेशन में डॉक्टर द्वारा लापरवाही बरती गयी थी जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी थी और फिर उसने झाँसी में पत्नी का इलाज कराया था। कुछ दिन पहले ही अस्पताल से पत्नी की छुट्टी कराकर घर लाया था लेकिन फिर से पत्नी की तबियत बिगड़ गयी थी।

# पुनिया ने बैठक कर किया संगठन विस्तार



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**कांग्रेस** पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद पीएल पूनिया ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर अनुसूचित जाति विभाग संगठन का विस्तार किया। उन्होंने न्याय पंचायत प्रभारियों को मनोनयनपत्र दिया। रविवार को अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष विजयपाल गौतम की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व सांसद पीएल पुनिया ने अनुसूचित जाति विभाग में सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के कोटवाधाम न्याय पंचायत से शैलेंद्र कुमार, मैलारायगंज से सुरेश गौतम ,मरकामऊ दुर्गेश गौतम, किंतूर से विजय गौतम, बदोसराय से संजय गौतम, चौखंडी से बुधराम गौतम, ददरौली भवानीपुर से केशव राम गौतम को न्याय पंचायत प्रभारी बनाया गया।पूर्व सांसद पीएल पूनिया ने कहा कि आप लोगों से अपेक्षा की जाती है कि आप इस संगठन को सुसंगठित करके इसके माध्यम से अनुसूचित जाति समाज के लोगों को कांग्रेस पार्टी में जोड़ने का कार्य करेंगे। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष अमित त्रिवेदी सोशल मीडिया प्रभारी औन मियां, मोहम्मद वैश, पंकज यादव, संजय यादव, शिबू, शैलेन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।

# अवैध स्वास्थ्य व्यवसाईयों के छुटे पसीने सीज और जांच के नाम से हुए भयभीत

- डायग्नोस्टिक सेंटर व पैथोलॉजी के आड़ में हॉस्पिटलों का होता है संचालन
- खबर चलने के बाद अवैध पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड सेंटरो व प्राइवेट हॉस्पिटलों के संचालकों में मचा हड़कंप



**सहजनवा गोरखपुर। समृद्धि न्यूज**

**मुख्यमंत्री** के गृह जनपद गोरखपुर के सहजनवा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत पाली ब्लॉक, पिपरौली ब्लॉक,सहजनवा ब्लॉक, क्षेत्रो में,अवैध तरह से संचालित होने वाले डायग्नोस्टिक सेंटर के आड़ में प्राइवेट हॉस्पिटल सहजनवा तहसील रोड सहित अन्य जगहों पर धड़ल्ले से हो रहा है संचालित। वहीं सूत्रों के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार कुछ ऐसे भी पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक है जो स्वास्थ्य व्यापार को बढ़ाने के लिए 50त्र कमीशन का लालच देकर हॉस्पिटल के इर्द-गिर्द गिद्धों की तरह आए हुए मरीजों को अपने सेंटरों पर लाने के फिराक लगे रहते हैं जैसे कोई मरीज इनके चंगुल में फसता है। उसके बाद जांच के नाम पर अच्छा खासा उनका शोषण करते हैं। और अवैध स्वास्थ्य कारोबारी स्वास्थ्य विभाग के आंखों में सरेआम धूल झोंक कर पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 का खुला उल्लंघन भी करते हैं अगर देखा जाए सहजनवा तहसील क्षेत्र में कुल मिलाकर कुछ ही संख्या में कुछ संस्थाएं रजिस्टर्ड मिलेगी और बाकी जितना भी धड़ल्ले से संचालित हो रहा है। वह मानक विहीन है। बात करें अवैध अल्ट्रासाउंड पैथोलॉजी लैब की,और प्राइवेट अस्पतालों का तो हैरानी वाली बात यह है की इन्हें स्वास्थ्य विभाग के नियमों का उल्लंघन करने में जरा सा भी डर नहीं लगता आखिरकार किनके संरक्षण के द्वारा इनका हौसला इतना बुलंद है। की किसके सह पर फर्जी पैथोलॉजी, प्राइवेट अस्पताल, पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाने में सफल दिखाई देते हैं। वही इस संदर्भ में गोरखपुर के स्वास्थ्य विभाग के एडी हेल्थ ने बताया की इन अवैध स्वास्थ्य कारोबारी के खिलाफ गोरखपुर सीएमओ को कार्रवाई के लिए निर्देशित कर दिया गया है जल्द बड़ी कार्यवाही हो गी।

# 43वें रामायण मेला की बैठक में सर्वसम्मति से पारित किए गए कई प्रस्ताव

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**



**43वें** रामायण मेला की बैठक रविवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।इस वर्ष रामायण मेला 5 दिसंबर से 8 दिसंबर तक प्रस्तावित है।समिति के संरक्षक डॉ निर्मल खत्री ने कहा कि रामायण मेला अपनी नई ऊंचाइयों को छू रहा है।इस वर्ष से प्रवचन सत्र को एक नई रूपरेखा प्रदान की जाएगी जिसकी रूपरेखा जगतगुरु राम दिनेश आचार्य की अध्यक्षता में तैयार की जाए जिससे प्रवचन सत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके।डॉ जनार्दन उपाध्याय ने प्रस्ताव रखा कि पत्रिका के स्तर को और सुधार कर उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बनाया जाएगा तथा इसको भारत के प्रमुख विश्वविद्यालय, संस्थाओं एवं वृहद स्तर पर मंत्रालय को भेजा जाए।समिति संयोजक आशीष मिश्रा ने प्रस्ताव रखा कि इस वर्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रण एवं प्रथम पोस्ट अनावरण करने के लिए महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी की अध्यक्षता में सभी सदस्य मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से मुलाकात करें जहां प्रथम पोस्टर का अनावरण कराया जाए जिसे महापौर ने सहर्ष स्वीकार कर लिया।इसके लिए पूरी समिति ने उनका आभार व्यक्त किया।इसके अलावा समिति के पिछले वर्षों के व्यय पर चर्चा की गई तथा आगामी वर्ष में होने वाले व्यय का प्रस्ताव भी रखा गया जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मत से पास किया और यह निर्देश दिया गया कि सभी टेंडर तत्काल निकाल दिए जाएं जिससे समय पर कार्य पूर्ण हो सकें।इसी क्रम में समिति के मंत्री नंदकुमार मिश्र ने प्रस्ताव रखा की स्व.सरदार महेंद्र सिंह के निधन के बाद एक पद रिक्त हुआ है।उनके स्थान पर सरदार सुरेंद्र सिंह को सदस्य बनाया जाए जिसे समिति में सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया और समिति के लोगों ने यह उम्मीद जताई कि सरदार सुरेंद्र सिंह एक सक्रिय सदस्य के रूप में समिति को सहयोग प्रदान करते रहेंगे।इसी क्रम में समिति के सभी सदस्यों को आगामी रामायण मेला की अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई।इस वर्ष नगर निगम ने रामायण मेला में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए महापौर ने भरोसा दिलाया और बताया कि नगर निगम पूर्ण रूप से कार्यक्रम में आपका सहयोग प्रदान करेगा।बैठक में मुख्य रूप से जगतगुरु रामदिनेशाचार्य, सुनीता शास्त्री,डॉ निर्मल खत्री, कमलेश सिंह,जनार्दन उपाध्याय शरद पति त्रिपाठी,आलोक बंसल,शरद कपूर,नागा राम लखन दास,शैलेंद्र मिश्र,एस.एन. सिंह,श्री निवास शास्त्री,सुरेंद्र सिंह व उमेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### भाजपा ने बूथ अतिथि बैठक का किया गया आयोजन

**जैदपुर बाराबंकी।** विधानसभा ज़ैदपुर क्षेत्र अंतर्गत चांद पुरवा गांव स्थित एसएलवी डिग्री कॉलेज में आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ अतिथि बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय महामंत्री बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विजय प्रताप सिंह शामिल हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विजय प्रताप सिंह ने कहा की पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी ही ऐसे प्रधानमंत्री रहे जो तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें। उन्होंने कहा की विपक्ष की मानसिकता से अराजकता फैलाने वालों का हौसला बढ़ा हैं। जिसपर लगातार अंकुश लगाने का कार्य भाजपा सरकार कर रही है। उन्होंने बताया की अवध क्षेत्र में 18 लाख का आंकड़ा पूरा हो गया। आगामी 25 सितंबर को पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि करके एक एक घर जाकर सदस्यता अभियान चलाना हैं। सभी सदस्यगण अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए पूरे उत्साह पूर्वक कार्य करें। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष बृजेश रावत, हरख ब्लॉक प्रमुख रवि रावत, सिद्धौर ब्लॉक प्रमुख आरती रावत, सीताशरण वर्मा, विधान सभा जैदपुर के सभी मंडल अध्यक्ष, पूर्व सांसद उपेंद्र रावत, जितेंद्र, डीएम वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## भाजपा नेता ने लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** भाजपा नेता नीरज वर्मा ने ग्राम थानाडीह रसूलपुर सहित कई गांव में पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान अंतर्गत लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। उन्होंने लोगों से कहा कि केंद्र व प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार लगातार गरीबों के लिए कार्य कर रही है। सरकार निशुल्क राशन का वितरण कर रही है। निशुल्क प्रधानमंत्री आवास दे रही है।आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड से निशुल्क इलाज किया जा रहा है। किसान सम्मन निधि दी जा रही है। उज्ज्वला योजना अंतर्गत गैस सिलेंडर जैसी तमाम योजनाओं का लाभ सीधे गरीबों को मिल रहा है। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता अभियान भी चलाया और एक पौध रोपित किया।

**सूचना**

मेरा पुत्र Vishesh Pratap Singh कक्षा 12वीं का छात्र है। विद्यालय के प्रवेश फार्म में त्रुटिवश माता का नाम Babli गलत दर्ज हो गया है। जबकि माता का सही नाम Babli Sisodia व आधार संख्या 3353 4805 0961 है। प्रपत्रों के आधार पर मेरे पुत्र के प्रवेश फार्म में माता का सही नाम रिकार्ड में दर्ज किया जाये।

**विवेक कुमार सिंह पुत्र स्व0 दिलीप सिंह निवासी 16/61 कुटरा कालोनी, फतेहगढ़, जिला फर्रु0**

# जिला कारागार में नव भारत साक्षरता परीक्षा संपन्न

▶ परीक्षा में 05 महिला बंदी तथा 45 पुरुष साक्षर बंदी हुए शामिल

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**जेल में** सम्पूर्ण साक्षरता मिशन चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य है। कि कोई भी बंदी निरक्षर नहीं रहेगा। कारागार में प्रतिदिन साक्षरता कक्षायें दो घण्टे तक लगती है। इन कक्षाओं में निरक्षर बंदियों को पढ़ना लिखना सिखाया जाता है। भारत सरकार की उल्लास योजना के तहत अनौगी स्थित जिला कारागार में ''नव भारत साक्षरता परीक्षा कार्यक्रम'' के अवसर पर निरूद्व बंदियों में से 50 नव साक्षर बंदियों की परीक्षा का आयोजन कराया गया। जिसमें 05 महिला बंदी तथा 45 पुरूष बंदी सम्मिलित हुये। प्रश्न पुस्तिकायें बीएसए द्वारा कारागार को



जेल में परीक्षा देते बंदी समृद्धि न्यूज

उपलब्ध करायी गयी। बीएसए द्वारा नामित जिला समन्वयक शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विषय विशेषज्ञ सत्यपाल सिंह के पर्यवेक्षण में परीक्षा कार्यक्रम संम्पादित किया गया। उक्त परीक्षा के लिये समय तीन घण्टा निर्धारित किया गया। बीएसए द्वारा नामित समिति द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जायेगा। परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले बंदियों का प्रमाणीकरण एनआईओएस द्वारा किया जायेगा। कारागार स्तर से परीक्षा में अच्छे अंक पाने वाले नव साक्षर बंदियों में से प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेता को पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ द्वारा नव साक्षर बंदियों को शिक्षित किए जाने आदि पर विचार-विमर्श कर प्रेरित किया गया।

इस दौरान कार्यालय लिपिक बिजेन्द्र सिंह, अनुज कुमार, उपकारापाल रामबहाल दुवे, शिक्षाध्यापक मनोज कुमार कटियार, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, भूपेन्द्र कुमार जेल वार्डर सहित प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डॉटर्स डेः सोशल मीडिया पर छायी रहीं बेटियां

▶ दिन भर शुभकामनाएं, बधाई का चलता रहा सिलसिला

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**



**बेटियां किसी** भी परिवार का एक अहम हिस्सा होती हैं। भारत में बेटियों को देवी लक्ष्मी (धन और समृद्धि की देवता) के रूप में देखा जाता है। प्रत्येक वर्ष बेटियों को विशेष महसूस कराने और अपने जीवन में उनके महत्त्व को समझने- समझाने के लिए एक दिन बेटी दिवस (डॉटर डे) के रूप में मनाया जाता है।

ब्लॉक क्षेत्र के जसपुरापुर सरैया स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय प्रथम की प्रधानाध्यापिका रेनू कमल ने फेसबुक पर बेटियों के साथ वीडियो साझा कर सोशल मीडिया पर बधाई दी। वही होनहार बेटियों को माता पिता ने आशीर्वाद देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाध्यापिका रेनू कमल ने बताया कि उनके विद्यालय में बेटियों को आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया जाता है। और सभी बेटियां अच्छे स्वभाव और शिक्षा के प्रति जागरूक है। कहा कि बेटा और बेटी में कोई फर्क नही होता दोनों को ही समान समझना चाहिए। उन्होंने बताया कि बेटी दिवस पर सरकार से चाहते है। कि बेटियों के लिए अच्छे से अच्छा कानून बनाया जाए। और उनकी सुरक्षा और शिक्षा के प्रति जागरूक करने के ठोस कदम उठाए जाएं। ताकि बेटियां भविष्य में आगे बढ़कर अपने माता-पिता के साथ देश का नाम रोशन कर सकें। सोशल मीडिया पर दिन भर बेटियां छाई रही। लोगों ने जमकर शुभकामनाएं और बधाईयां दी। और उनके उज्वल भविष्य की ईश्वर से कामना की।

# खबरें चलते-चलते

## नन्हे मुन्ने बच्चों ने ब्लू डे सेलिब्रेट किया




**छिबरामऊ।** ताजपुर रोड स्थित भदोरिया एजुकेशन सेंटर में नन्हे मुन्ने बच्चों ने ब्लू दे पर रगों के बारे में सीखना बच्चों को विभिन्न समूह से परिचित कराता है। और रघु के नाम और पहचान में मदद करता है। रचनात्मकता को बढ़ावा देना बच्चों को अपनी कल्पना शक्ति का उपयोग करने और नई चीज बनाने का मौका मिलता है। अवलोकन कौशल का विकास बच्चे अपने आसपास नीले रंग की चीजों को ढूंढने और उनका अवलोकन करने लगते हैं। भाषा विकास नीले रंग से संबंधित शब्दावली और वाक्य सीखने का मौका मिलता है। सामाजिक कौशल का विकास समूह गतिविधियों के माध्यम के बच्चे एक दूसरे के साथ बातचीत करते हैं और सहयोग करना सिखाते हैं ब्लू दे 1 मजेदार और सीखने का अनुभव होता है जो बच्चों को लंबे समय तक याद रहता है इस मौके पर संस्थान डायरेक्टर सुधांशु यादव ने बताया कि इस तरीके के कार्यक्रमों से बच्चों को रंगों के विषय में जानकारी मिलती है बच्चों का तेजी से बुद्धि का विकास होता है।

## मृतक के घर पहुंचे पूर्व विधायक बोरवेल में दम घुटने से हुई थी मौत



**छिबरामऊ कन्नौज।** पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ग्राम ब्राहिमपुर में कुछ दिन पूर्व किसान राधे श्याम यादव की एक बोर वेल मैं घुस कर दम घुटने के कारण मौत हो गई थी। उनके परिवार से मिलने पहुंच पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव परिवार से मिल कर शोक संवेदना व्यक्त किया एवं सरकार से 10 लाख की मदद की मांग की इस मौके पर अमन खान डॉ सुमित विवेक भोला यादव तस्लीम बारसी संजय अंकुर सिंह यादव मिडिया प्रभारी रामबीर सिंह मैजूद रहे।

# गांधी जयंती पर मोहल्ले के सफाई कर्मियों का होगा सम्मान

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**मेरा शहर** मेरी ज़िम्मेदारी मुहिम के अंतर्गत गठित नगर विकास परिषद् की बनवारी नगर में हुई बैठक में तय हुआ कि अपने मोहल्ले और वार्ड की समस्याओ को नगर मित्र के द्वारा चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी तक पहुंचाया जायेगा। आवास विकास कल्याण समिति के अध्यक्ष अजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में हुई बैठक में संयोजक गौरव त्रिपाठी अमर ने कहा कि छोटी लेकिन गंभीर समस्याओ तक जनप्रतिनिधियों की नजर नही पहुंच पाती ऐसे में नगर मित्र उन समस्याओ को प्रशासन तक पहुंचाएंगे इसके अलावा कार्ययोजना सहित सुझाव नगर पालिका चेयरमेन को सौंपेंगे।



इस अवसर पर गुंजन अवस्थी ने कहा कि मुख्य मार्ग के अतिक्रमण को रोकने ठोस नियमावली तय हो। प्रवेश खंडेलवाल ने कहा कि टीनशेड के लिए नियमावली तय हो। सचिन गुप्ता और फैजान ने कहा नगर पालिका द्वारा ई रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट बनाये जाये ताकि गलियों में अनावश्यक रिक्शे न खड़े हो। शैलेंद्र दुबे लालू ने कहा कि समस्याओ को उठाना नागरिको का हक है। ब्रजेश राठौर और पीयूष गुप्ता ने वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने की मांग की। अंत में सभी ने सर्वसम्मति से अनुभवी अजय चतुर्वेदी को परिषद का संरक्षक चुना। एवम प्रस्ताव पारित किया गया कि गांधी जयंती को सभी अपनी अपनी गली के सफाईकर्मियों को कार्य स्थल पर ही सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर संत कुमार, गुड्डू, शीलू ठाकुर, दुर्गेश शर्मा इत्यादि ने भी अपने विचार रखे।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों ने राहुल गांधी का फूंका पुतला



▶ राहुल गांधी के आरक्षण खत्म करने वाले बयान को लेकर गुस्साए भाजपाई

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**भाजपा ओबीसी** मोर्चा के पदाधिकारियों ने कन्नौज- तिर्वा हाईवे स्थित गोल कुंआ पर राहुल गांधी का पुतला फूंका।राहुल गांधी ने हाल ही में अपने अमेरिका दौरे के दौरान देश में चल रहे ओबीसी और स्ट आरक्षण को खत्म करने की बात की थी? उसी वयान के विरोध में पुतला फूंका गया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा, ब्लॉक प्रमुख पुष्पेद्र शाक्य, भाजपा आईटी सेल के जिला प्रभारी अभिषेक पाण्डेय, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुभाष वर्मा, ब्लॉक प्रमुख कमलेश बाथम, सौरभ पटेल, मनोज बाथम सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# बिजली के विभाग के मनमाने रवैए से ग्रामीण त्रस्त

**सलखन/ चोपन /सोनभद्र।** विकासखंड के गुरदह ग्राम सभा में बुढी खाड़ टोले से लेकर अलऊर तक विद्युत आपूर्ति लगभग 1 महीने से ठप है बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे नाराज होकर के ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विद्युत उपकेंद्र सलखन पर प्रदर्शन किया तथा विद्युत बहाली के लिए ज्ञापन सौपा

जानकारी के अनुसार ग्राम सभा गुरदह में लगभग 30 वर्ष पूर्व में जी आई वायर द्वारा निर्मित 11000 की लाइन खींची गई थी जो अब जर्जर स्थिति में पहुंच गई है आए दिन तार टूटने की वजह से विद्युत आपूर्ति बाधित होती है इस संदर्भ में प्रार्थना पत्र के माध्यम से गुरदह प्रधान प्रतिनिधि दिनेश यादव के द्वारा बताया कि विगत एक माह पूर्व भारी बारिश के दौरान वन विभाग के क्षेत्र में तार टूट कर गिर गया जिसके वजह से पूरा गांव अंधेरे में डूब गया सूचना देने के 15 दिन के पश्चात लाइनमैन ने ग्रामीणों के सहयोग से तार को जोड़ दिया लेकिन फिर भी कभी फ्यूज मार देने की वजह से कभी डिस पंचर के हो जाने तो कभी तार टूट कर गिर जाने की वजह से लाइट का चले जाना रोज की बात हो गई है यही नहीं चलती लाइन में तार टूट कर गिरने की वजह से पुर्व में अनेक पशुओं की मौत हो चुकी है तथा एक व्यक्ति की भी जीवन लीला समाप्त हो चुकी है।जिससे ग्रामीण बुरी तरह से परेशान हो गए हैं ग्रामीणों का कहना है कि गुरदह ग्राम सभा में सौभाग्य योजना के द्वारा 11000 की नई लाइन का निर्माण हुआ है जो अच्छी स्थिति में है पुराने जर्जर तारों को खोलकर यदि विभाग द्वारा केवल लगभग 100 मीटर तक नई लाइन में जोड़ दिया जाता है तो विद्युत की स्थिति गांव में सुधर जाएगी और रोज-रोज की परेशानियों से निजात मिल जाएगी।

## एक्सप्रेस- वे पर हादसे रोकने के लिए उतरी यातायात पुलिस

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में यातायात प्रभारी आफाक खां द्वारा अपनी टीम के साथ स्पीड लेजर गन के माध्यम से आगरा दिल्ली से लखनऊ की ओर आने वाली डबल डेकर/स्लीपर बसों के ओवर स्पीडिंग में चालान की कार्यवाई शुरू कर दी। यातायात प्रभारी द्वारा बताया गया कि यदि हमारे पास इंटरसेप्टर वाहन होता तो इनकी रफ्तार पर पूर्ण रूप से लगाम लगाई जा सकती थी। कहा कि उच्च अधिकारियों से यातायात पुलिस के लिए एक इंटरसेप्टर वाहन प्रदान करने के लिए, अनुरोध किया जाएगा। प्रभारी द्वारा बताया गया कि एक्सप्रेस वे में आई टी एम एस (स्पीड लेजर डिवाइस) लगा हुआ है। परंतु वाहन चालक उसके पास पहुंचते ही अपनी गति को कम कर लेते हैं। और चालान से बच जाते हैं। उसके आगे फिर ओवर स्पीडिंग करते हैं।

# डिप्टी सीएमओ ने जन आरोग्य मेले का किया औचक निरीक्षण




**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

▶ पीएचसी औसेर में निरीक्षण करने पहुंचे डिप्टी सीएमओ
▶ डॉक्टर व कर्मचारी मिले मौजूद

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र औसेर में रविवार को लगे प्रधानमंत्री जन आरोग्य मेले का डिप्टी सीएमओ ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में डॉक्टर व कर्मचारी मौजूद मिले।

डिप्टी सीएमओ दोपहर 12 बजे के करीब औसेर स्थित पीएचसी पहुंचे। यहां चल रहे जन आरोग्य मेले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने मौजूद मरीजों से जानकारियां ली। इसके बाद उन्होने परिसर भी निरीक्षण किया। छुटपुट मिली खामियों को दूर करने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.शशिकांत चैहान, चीफ फार्मास्टि वेदप्रकाश, स्टाफ नर्स दिव्या शर्मा, सौम्या कश्यप, अरूण कुमार के अलावा कई चिकित्सक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# नुक्कड़ सभा कर बच्चों को सिखाई जीवन जीने की कला किरण सेठ

**छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज**

**स्पिक मैके** के संस्थापक डॉक्टर किरण सेठ की देशव्यापी साइकिल यात्रा से प्रेरित होकर सिटी चिल्ड्रेन्स एकेडमी के बच्चों ने बाईपास मार्ग पर एक किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाकर अपनी अभिव्यक्ति दी।

वहीं ,आवास विकास तिराहे पर बच्चों की एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए डॉक्टर सेठ ने कहा कि %एकाग्रता% व %धैर्य% किसी भी क्षेत्र में सफलता की कुंजी हैं। योग व शास्त्रीय संगीत को अपनी नियमित जीवन शैली में सम्मिलित करने से इन्हें पाया जा सकता है। उन्होंने भारत की आत्मा से जुड़ने के लिए महात्मा गांधी के जीवन दर्शन को समझने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। विद्यालय प्रबंधक प्रदीप प्रधान ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बलराज कपूर, एकेडमिक हेड प्रेमानंद नायक, कोऑर्डिनेटर राम यादव, लायना सीएस, प्रीथा एमडी, मनोज सिंह, आज़ाद खां, निमित्त,श्रीजित जेपी आदि शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।




# नवोदय विद्यालय में हिंदी पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम संपन्न

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**जवाहर नवोदय** विद्यालय अनौगी में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम हुए। इसीक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों का कवियों के नाम पर छः समूहों बनाकर प्रश्न पूछे गए। हिंदी पखवाड़ा के संयोजक डॉ0 संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुकाबला बड़ा ही रोचक रहा जिसमें कृष्णा सोबती दल विजयी रहा। ऐसे कार्यक्रम सरकार के उद्देश्य को पूरा करते हैं।हमारी मातृभाषा हिंदी को और सशक्त बनाते हुए राष्ट्रभाषा के सिंहासन पर आसीन करने में सहयोग प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रभार विद्यालय में प्रशिक्षु शिक्षिका कु0मितुशी शर्मा, कु0नफीसा, कु0प्रिया पांडेय, कु0प्रियंका यादव ने संभाला। विद्यालय के उप प्राचार्य ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों और शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक सी पी राम, अवनीश राजपूत, कुंजन कुसुम, डी के कन्नौजिया, एस के सिंह, विपिन कुमार, उपदेश चंदेल मौजूद रहे।




## पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों ने किया विरोध

सोनभद्र। विकास खंड नगवां ग्राम पंचायत सिकरवार के सड़ सोत में करीब दर्जनों से अधिक घरों को प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन नल जल योजना से पेयजल नहीं मिल रहा है लोग नदी नालों और कुआं का दूषित पानी पीने को मजबूर है कही दूर हैंडपंप भी है अक्सर खराब ही रहता है कुआं का दूषित पानी पीने से कई प्रकार की संक्रामक बीमारियों के होने का खतरा बढ़ जाता है ऐसे में जिम्मेदार जल निगम के अधिकारी कागजों में खानापूर्ति कर मामले का इतिश्री कर लेते है। ग्रामीण जालिम ने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नल जल का पाइप बिछाया गया है लोगों के घरों में टोटी भी लग गई लेकिन अभी तक पानी की एक बूंद भी नसीब नहीं हुआ दूर हैंडपंप और कुआं से पानी लाकर किसी तरह गुजर बसर करना पड़ता है और दूषित पानी पीने से आए दिन लोग विभिन्न प्रकार की संक्रामक बीमारियों का शिकार होते रहते हैं।

मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़





# सपा की बैठक में कायमगंज चीनी मिल के चुनाव एवं बाढ़ पीड़ितों का मुद्दा गरमाया

## नेताओं द्वारा रखे गये कई सुझावों को जिलाध्यक्ष ने सर्वसम्मति से किया पास

## कल से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भ्रमण कर वितरित करेंगे राशन व दवाई: डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

▸ बैठक में न आने वाले पूर्व जनप्रतिनिधियों की सूचना प्रदेश कार्यालय भेजी जायेगी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

जिला समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक रविवार को सपा मुख्यालय आवास विकास स्थित लोहियापुरम में जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के प्रमुख एजेंडे में किसान सहकारी गन्ना मिल के चुनाव पर विस्तृत चर्चा हुई व बाढ़ पीड़ितों की मदद करना शामिल रहा और साथ ही गत कार्रवाई की पुष्टि की गई। इस अवसर पर जनपद से आए हुए कई नेताओं एवं पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के समक्ष अपने सुझाव रखे। उन सुझावों को सुनने के बाद जिला अध्यक्ष द्वारा अनुमन्य सुझावों को प्रस्तावित कर सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमारे जनपद में पिछले कई दिनों से तराई क्षेत्र में सैकड़ों गांव बाढ़ की चपेट में है और पीड़ितों को सरकार की तरफ से सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। इसको ध्यान में रखते हुए जिला अध्यक्ष ने संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारियों के साथ विधानसभा प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी है कि वह बाढ़ पीड़ितों के क्षेत्र में जाकर प्रतिदिन जनता को राशन सामग्री और दवाई की मदद करें। साथ ही उन्होंने जिला महासचिव जहान सिंह लोधी को बैठक में लगातार अनुपस्थित हो रहे लोगों को नोटिस जारी कर जवाब तलब करने को कहा और कहा जो पूर्व सांसद, पूर्व विधायक एवं जनप्रतिनिधि महत्वपूर्ण बैठकों में नहीं आते हैं उनकी सूचना प्रदेश कार्यालय को भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि जो लोग पार्टी एवं समय-समय पर जनता के बीच जाकर पार्टी के नाम से लोगों की मदद करेंगे उन्हीं लोगों के चुनाव लड़ने हेतु आवेदन भविष्य में स्वीकार किए जाएंगे।



बैठक को संबोधित करते डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव — समृद्धि न्यूज

उन्होंने प्रस्ताव रखा की कायमगंज की गन्ना मिल के चुनाव के आवेदन 25 सितंबर तक प्रत्येक विधानसभा प्रभारी तक जो चुनाव लड़ने की इच्छुक लोग हैं वह आवेदन कर दें। उन्होंने कहा अब से जितनी भी मीटिंग अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित होगी उन मीटिंगों को विधानसभा प्रभारी विधानसभा अध्यक्ष से चर्चा करने के उपरांत बैठक का आयोजन करेंगे। किसी भी बैठक से पहले विधानसभा अध्यक्ष को उनकी विधानसभा के प्रभारियों से अनुमति लेने के बाद ही कोई मीटिंग करनी होगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार अभी हाल में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पुतला फतेहगढ़ में जलाया गया है इससे साफ जाहिर है कि भाजपा वाले पीडीए के लोगों का सम्मान नहीं करते हैं। हमें यह बात जन-जन तक और गांव में जाकर को बतानी होगी। जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने सौरभ कटियार को यादव, मुस्लिम के अलावा पीडीए के लोगों को जोड़ने का प्रभारी बनाते हुए कहा कि उन्हें समाजवादी पार्टी से जुड़ने वाले पीडीए के लोगों को पार्टी कार्यालय में बुलवाकर जिलाध्यक्ष द्वारा सम्मानित करवाएंगे। जिलाध्यक्ष ने अभी वोट बढ़ाने का जो काम चल रहा है वह कार्य विधानसभा प्रभारियों को संगठन के लोगों को साथ में लेकर के जल्द से जल्द पूरा करने के लिए निर्देशित किया। समाजवादी पार्टी कार्यालय में तीन प्रभारियों की नियुक्ति की गई जो लगातार मौजूद रहेंगे। जिसमें मुजीबुल हसन, शिव शंकर शर्मा एवं करण सिंह यादव का नाम शामिल है। अमृतपुर से प्रभारी एवं प्रदेश सचिव डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि सहकारिता के चुनाव और बाढ़ का मुद्दा बहुत अहम है वह कल से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में विधिवत भ्रमण करेंगे और जिन-जिन गांवों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है वह वहां जाकर राशन एवं दवाइयां को पार्टी की ओर से वितरण करेंगे। कायमगंज प्रभारी एवं प्रदेश सचिव सर्वेश अंबेडकर ने कहा कि पार्टी में अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है एवं पार्टी के लोगों को जिला अध्यक्ष के अनुरूप ही कार्य करना आवश्यक होता है। उन्होंने बताया कि वह दिनांक 24 सितंबर को शमशाबाद क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों को पार्टी पदाधिकारियों के साथ राहत सामग्री वितरित करेंगे । इस अवसर पर उन्होंने चीनी मिल के होने वाले चुनाव में पूरा सहयोग करने की बात कही। पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि हम हर समाज को साथ लेकर चलने वाले लोग हैं। हम लोग काम करने वाले लोग हैं हर जगह भाजपा की तरह झूठा प्रचार प्रसार नहीं करते हैं। हम लोगों के दुख सुख में साथ देते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के लोगों को एक दूसरे पर दोषारोपण करने से अच्छा है स्वयं आगे आकर पार्टी के भले के लिए काम करना चाहिए। इस अवसर पर विजय यादव ने पार्टी कार्यालय में दस हजार का अंशदान भी दिया। जिला उपाध्यक्ष मुन्ना यादव ने सहकारिता के चुनाव में पुराने माहिर खिलाड़ी पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव से परामर्श लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वह इस क्षेत्र में बहुत ही पारंगत है अथवा आने वाले गन्ना मिल के चुनाव में उनका दिशा निर्देश लेकर ही पार्टी विजय प्राप्त कर सकती है। उन्होंने संघर्षशील नेताओं को सम्मानित करने का भी सुझाव दिया। इस मौके पर जिला महासचिव जहान सिंह लोधी ने कहा भाजपा गुंडों की पार्टी है वह पुलिस प्रशासन के माध्यम से लोगों को प्रताड़ित कर रही है। जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव ने भाजपा द्वारा भोलेपुर पुल का खराब निर्माण करने की बात कही। इस मौके पर जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव ने कहा की पार्टी नेतृत्व द्वारा जो विभिन्न बिंदुओं की जानकारी जनपद से प्राप्त की जा रही है उससे बेशक फर्रुखाबाद जनपद में हमारी पार्टी एकजुट होकर के मजबूत होगी। हमें एक दूसरे पर दोषारोपण से अच्छा है कि जिला अध्यक्ष द्वारा दी गई जिम्मेदारियों पर कार्य करें तभी पार्टी मजबूत होगी। प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य समीर यादव, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, सर्वेश अम्बेडकर, भोला यादव, सौरभ कटियार, डॉक्टर नवरंग सिंह, नीलम सिंह चौहान, अकील खान, यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष इजहार खान, नफीस अहमद, अल्पसंख्यक सभा के साजिद अली, रंजीत चक, शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष अरविंद यादव, शिव शंकर शर्मा, रामपाल सिंह यादव, रूकमंगल सिंह, राजपाल यादव, विधानसभा अध्यक्ष कायमगंज सोमेंद्र यादव, विधानसभा अध्यक्ष भोजपुर नरेंद्र सिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष सदर चंद्रेश राजपूत, विधानसभा अध्यक्ष अमृतपुर भोला यादव, मोहम्मद चांद खाँ, मनोज मिश्रा जिला पंचायत सदस्य आदि लोगों ने महत्वपूर्ण विचार पार्टी फोरम पर रखे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा जितेंद्र सिंह यादव, राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी बंटी यादव, जिला उपाध्यक्ष शशांक सक्सेना, पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सचिव सुभाष चंद्र पाल, शिव शंकर शर्मा, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद खान, विजय अनुरागी, मोहम्मद इजहार खान, रामपाल सिंह यादव, ईश्वर दयाल यादव, सुमित शाक्य, अभिषेक शाक्य, मनोज यादव, नरेश, चंद्रपाल दुबे, अफजाल अंसारी, प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग सुभाष चंद्र पाल, अमीर सिंह यादव, रफी अंसारी, अरविंद यादव, अनुज यादव, उदय भान पाल, अजय यादव, प्रदेश सचिव मोहम्मद मतीन खान, पूजा कठेरिया, मनोज मिश्रा, विशाल यादव, योगेंद्र यादव, अश्विनी यादव, मुन्ना यादव, रवि यादव, मोहित यादव, बबलू यादव, मोहम्मद नफीस, नन्दकिशोर दुबे, योगेंद्र नाथ मिश्रा, मुजीबुल हसन, निजाम अंसारी, इरफान सिद्दीकी, अतुल खरे, अरविंद प्रताप सिंह, बलराम सिंह यादव, पिंटू, सहदेव, शमीउद्दीन, दीपक यादव, राजीव यादव, रियाज मंसूरी, विनीत परमार, चंद्रेश राजपूत, अखिल कठेरिया, नीलू आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने किया।



सपा नेताओं के साथ डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव — समृद्धि न्यूज

# साडों को पकड़ने में नगर पंचायत कर्मियों के छूट रहे पसीने



सांड को पकड़ते नगर पंचायतकर्मी — समृद्धि न्यूज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**नगर पंचायत** कर्मियों की कड़ी मेहनत के बाद लगभग सोलह साडों को अलग-अलग स्थान से पकड़ा गया। वहीं सांडों को खुला छोड़ने पर दो लोगों पर जुर्माना लगाया गया है।

जानकारी के अनुसार कमालगंज नगर क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर साडों के द्वारा काफी तबाही मचाई जा रही थी। जिसके चलते शासन व प्रशासन से कई बार शिकायत भी की गई। उसके बाद प्रशासन की नींद टूटी, तो उसने नगर पंचायत कर्मियों को सांड पकड़ने के काम पर लगाया। जिस पर नगर पंचायत कर्मियों ने रविवार से सांडों को पकड़ने का काम शुरु किया। सांडों को पकड़ने में नगर पंचायत कर्मियों के पसीने छूट गये। जिसमें नगर में स्थित सब्जी मंडी से आठ सांडों को पकड़ गया तथा गंगा गली से चार सांडों को पकड़ा गया। रामलीला मैदान से तीन सांडों को पकड़ा गया तथा एक सांड को थाने के सामने से पकड़ा गया। वहीं नगर पंचायत कर्मी श्याम कुमार ने बताया सांडों को पकड़ने के लिए हमारी पूरी टीम लगी हुई है। जिसमें 8 से 10 आदमी होते हैं। सभी को पकड़कर गौशाला में ले जाया जा रहा है तथा नगर के दो लोगों पर जुर्माना भी लगाया गया। जिसमें विशाल गुप्ता तथा दुर्गा देवी निवासी शास्त्री नगर तथा आजाद नगर पर ढाई-ढाई हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

# आलू लेकर लौट रहे युवक को गाली-गलौज कर पीटा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम भटपुरा निवासी प्रमोद कुमार पुत्र नत्थू सिंह में शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा 19 सितंबर की शाम 5 बजे के करीब वह आलू लेकर घर आ रहा था। इस दौरान रास्ते में आरोपियों द्वारा गाली-गलौज किया गया। विरोध करने पर लाठी-डंडा से मारपीट की। जिससे पीड़ित घायल हो गया। पीड़ित के अनुसार कुछ दूरी पर स्थित मंदिर जहां उसका भतीजा शिवांशु खड़ा था। आरोपियों द्वारा उसके साथ भी गाली-गलौज कर मारपीट की गई। इस मारपीट की घटना में भतीजा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित के अनुसार भतीजे का पिता बाहर है और मेहनत मजदूरी करता है। आरोपियों ने उसके मोबाइल पर भतीजे को जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में पीड़ित ने आरोपियों में राजीव पुत्र जयपाल, राखी, भगवान देवी पत्नी जयपाल, रीना पत्नी राजीव आदि लोगों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित के अनुसार आरोपी दबंग है और जानमाल की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने जानमाल की आशंका जताते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# दो दुकानों से चोरों ने पार किया सामान व नकदी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**थाना क्षेत्र** में इन दिनों चोरों का काफी आतंक है। पुलिस गश्त के बाद भी चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। बीते दिनों ही चोर थाना क्षेत्र के गांव भगौरा के सचिवालय से कंप्यूटर, इन्वर्टर, बैटरा चोरी कर ले गए थे। जिसका पुलिस खुलासा तक नहीं कर पाई थी कि उससे पहले ही चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए बीती रात मंझना मार्केट में स्थित दो दुकानों को निशाना बनाकर नकदी सहित सामान पार कर दिया। सुबह जब जानकारी दुकानदारों को लगी, तो वह आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। बताते चलें कि नवाबगंज निवासी अतुल मिश्रा मंझना बाजार में कबाड़ की दुकान किए हुए हैं। बीती शनिवार की रात दुकान के पीछे से ताला तोड़कर चोर दुकान के अंदर दाखिल हो गए और दुकान में तांबा, पीतल सहित नकदी पार कर दी। साथ ही पड़ोस में डॉ0 तरुण की भी दुकान से गोलक में रखी नकदी सहित पूजास्थल में पर रखे चांदी के सिक्के भी ले गए। स्थानीय दुकानदारों ने बताया की पूर्व में भी कई चोरियां हो चुकी हैं। जिनका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। जबकि मुख्य बाजार में सुरक्षा के मद्देनजर दो होमगार्ड की तैनाती है। जिसके बाद भी चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने से नहीं चूकते हैं। चोरी की सूचना पर पहुंचे हल्का इंचार्ज इंद्रजीत सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है।



जांच पड़ताल करती पुलिस — समृद्धि न्यूज

## श्रीरामलीला कमेटी की बैठक में दस लाख चंदा एकत्र करने का दिया गया लक्ष्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**श्री रामलीला** कमेटी फतेहगढ़ की बैठक संरक्षक मुन्नालाल वार्ष्णेय की अध्यक्षता में कमेटी के अध्यक्ष रवीश द्विवेदी एडवोकेट के निवास पर सम्पन्न हुई। जिसमें कोषाध्यक्ष चमन टंडन ने आगामी श्री रामलीला हेतु सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों से अधिक से अधिक चंदा कराने में सहयोग कर लगभग 10 लाख रुपये एकत्र करने का लक्ष्य दिया। महामंत्री पंकज अग्रवाल ने सभी पदाधिकारियों को व्यक्तिगत रुप से सजग रहकर अधिक से अधिक जिम्मेदारी लेने के लिए कहा। अध्यक्ष रवीश द्विवेदी ने आये हुए सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मुन्नालाल वार्ष्णेय, आनन्द अग्रवाल, हाजी अल्लादीन, अतुल मिश्रा, पुष्कर मिश्रा, अमन गुप्ता, अनिल तिवारी (सभासद), शशांक शेखर मिश्रा (सभासद), रवींद्र वैश्य, अतुल गुप्ता, दिनेशचंद्र दुबे, दुर्गेश मिश्रा, राजू मिश्रा, अभिषेक श्रीवास्तव, ग्रीशबाबू बाथम, मनीश अग्रवाल, अम्बरीश चौरसिया, धीरज दुबे, जितेंद्र शुक्ला, सोनू मिश्रा, वरुण प्रताप सिंह, संजय रस्तोगी, आशीष मिश्रा, कार्तिक शुक्ला, श्रवण कुमार चक, दिनेशचंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## घरों में लगे कूड़े के अंबार, नगरवासी परेशान

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत मोहम्मदाबाद में कूड़ा ढोने वाली गाड़ी पिछले माह से खराब है। जिससे घरों में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं और नगरवासियों को कूड़ा डालने की जगह नहीं मिल रही है। जिससे घरों में संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं। वहीं मौसम के बदलाव से भी कई बीमारियां पैर पसारने लगी हैं। नगर पंचायत ईओ मोहम्मदाबाद अखलेश कुमार ने कई बार दो-दो दिन का आश्वासन देकर बात को टाल दिया। बताया कि गाड़ी खराब हो गई है। उसे ठीक करने के लिए एजेंसी भेज दिया गया है 15 दिन पूर्व ईओ मोहम्मदाबाद अखलेश कुमार ने बताया था कि एक गाड़ी बनकर तैयार हो गई है उसे दो दिन लगेंगे आने में, लेकिन गाड़ी नहीं आई। राजीव नगर निवासी रागनी गुप्ता ने बताया कूड़ा डालने की जगह नहीं है। लगभग एक माह से कूड़े वाली गाड़ी नहीं आ रही है। जिससे घर में लगे कूड़े से बदबू आने लगी है। राजीव नगर निवासी शिवकुमार सक्सेना ने बताया लगभग एक माह से कूड़े लेने वाली गाड़ी नहीं आ रही है और कूड़ा डालने के लिए जगह भी नही है। अगर किसी के खेत में कूड़ा डालने के लिए जाओ तो फिर लड़ाई होती है।

## आयुर्वेदिक चिकित्सा स्वास्थ्य बाढ़ राहत शिविर में वितरित की गयीं दवाइयां

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के निर्देशन में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय आयुष स्वास्थ्य विभाग अमृतपुर द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सा स्वास्थ्य बाढ़ राहत शिविर का आयोजन बलीपट्टी रानीगांव में किया गया। जिसमें कुल 55 रोगियों को चिकित्सीय परामर्श के साथ आवश्यक जाँच की गई व औषधियों का वितरण किया गया। जिसमें 10 पुरुष तथा 23 महिलाएं तथा 22 बच्चों थे। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाकर दवाइयां वितरित की जा रहीं हैं। जिसके अंतर्गत कैंप लगाकर दवाइयों का वितरण किया गया। जिसमें चिकित्सा अधिकारी डॉ0 शैफाली भदौरिया द्वारा मरीजों को निःशुल्क दवाइओं का वितरण किया गया। योग प्रशिक्षक रंजीत यादव द्वारा उनका भरपूर सहयोग किया गया। लोगों को अधिक से अधिक आयुर्वेदिक के प्रति जागरूक भी किया गया। योग प्रशिक्षक रंजीत यादव ने योग से होने वाले लाभों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया।

## कोटा चयन में विजयी नीलम ने जिलाधिकारी को सौंपा प्रार्थना पत्र

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड ग्राम पंचायत नटवारा के उचित दर विक्रेता अनीता यादव की दुकान कार्डधारकों की शिकायत पर अधिकारी द्वारा निरस्त कर दी गई थी और जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी कायमगंज, बीडीओ शमशाबाद तथा क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान व लेखपाल द्वारा राशन दुकान के चयन हेतु चुनाव कराया गया। चुनाव में नीलम पुत्री तेजराम निवासी ग्राम नटवारा ने जीत हासिल की। नीलम की जीत होने पर उक्त वहां पर मौजूद सभी अधिकारियों ने नीलम को तीन बार चयन समिति की तरफ से पत्र जारी कर अलग-अलग तारीखों पर बुलाया गया, लेकिन आज तक राशन दुकान का चयन नहीं किया गया। नीलम द्वारा जमा कराई गई धनराशि की कोई रसीद उसे प्राप्त नहीं कराई गई और किसी भी चयन समिति में गठित अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। जिसको लेकर चयनित नीलम ने जिला अधिकारी को लिखित प्रार्थना पत्र देकर उक्त राशन दुकान पर चयन करने हेतु समिति को निर्देशित करने की मांग की।

## रंजिशन बेटे के साथ जा रही महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम जरारी खलासपुर निवासी सीतेश कुमारी पत्नी संजीव कुमार ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया कि वह अपने 13 वर्षीय पुत्र मयंक के साथ अपने गांव खलासपुर से श्रंगीरामपुर जल चढ़ाने के लिए जा रही थी, तभी पुराने विवाद को लेकर ईसापुर मस्जिद के पास मेरे पति संजीव पुत्र रामदास एवं जेठ जवर सिंह पुत्र झुनकू एवं जेठ श्रीपाल पुत्र रामेश्वर दयाल, मनोज पुत्र जबर सिंह उपरोक्त लोगों ने मेरे साथ लाठी-डंडों से मारपीट एवं गाली-गलौज की। बीच बचाव करने आए मेरे पुत्र मयंक के साथ भी उपरोक्त लोगों द्वारा मारपीट की गई। जिससे हम लोग घायल हो गए। हम लोग को घायल अवस्था में वहीं छोड़कर उपरोक्त लोग फरार हो गए। वहां से कमालगंज स्वास्थ्य केंद्र आए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# प्रतिबंध के बावजूद भी क्षतिग्रस्त तथा जल सैलाब युक्त मार्ग पर दौड़ रहीं गाड़ियां

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बाढ़ का** प्रकोप अभी भी आम लोगों के लिए परेशानियों का कारण बना हुआ है। हालांकि गंगा में जल सैलाब कुछ काम हुआ। इसके बावजूद भी ढाईघाट शमशाबाद तथा शाहजहांपुर मार्ग पर बाढ़ के बुरे हालात देखे जा रहे हैं। बताते हैं ग्राम चौराहार के पास आज भी लगभग 10-15 फिट की लंबाई में मार्ग कटा हुआ है। हालांकि पुलिस प्रशासन ने भविष्य के खतरे को देखते हुए जहां एक ओर इस मार्ग पर छोटे बड़े वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी है, वहीं सुरक्षा की दृष्टि से दोनों तरफ पुलिस फोर्स भी लगा दिया है, ताकि कोई भी व्यक्ति खतरे को ताक पर रखकर आवाजाही ना करें, लेकिन यहां तो हर रोज लोग जान की बाजी लगाकर वाहन दौड़ा रहे हैं। खतरे को देखते हुए लाल झंडियां भी लगायी गयी हैं। बाढ़ के कारण जगह-जगह गड्ढे भी हो गये हैं। जो लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं, लेकिन इसके बावजूद लोग मान नहीं रहे हैं और जान जोखिम में डालकर क्षतिग्रस्त मार्ग से गुजर रहे हैं। लोगों का कहना है निजी वाहनों के जरिए आवागमन करने वाले लोगों से यही वाहन स्वामी बैलगाड़ी, बुग्गी तथा ट्रैक्टर चालक, पैदल सवार लोगों से 20 रूपये, साइकिल सवार लोगों से 30 रूपये, बाइक सवार लोगों से 50 रूपये और बाइक सवार लोगों के साथ कोई और है तो 70 रूपये वसूल करते हैं। रविवार को शाहजहांपुर जाने वाली कार जब जलमग्न मार्ग से गुजर रही थी तो गहरे गड्ढों में फंस गई। सवार चिल्लाने लगे तो मौके पर पहुंचे लोगों ने जैसे तैसे गड्ढों में फंसी कार को बाहर निकलवाया।



क्षतिग्रस्त मार्ग से गुजर रहे लोग — समृद्धि न्यूज

# नाव पलटने से पानी में डूबे तीसरे युवक का 21 घंटे बाद निकला शव

▸ बीते दिन चारा लेकर लौट रहे तीन युवक नाव पलटने से डूब गये थे

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

चारा लेकर घर आ रहे तीन युवक नाव पलटने से डूब गए। दो युवकों को ग्रामीणों ने बचा लिया था। एक युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गयी। पुलिस ने इक्कीस घण्टे बाद कड़ी मशक्कत के बाद शव बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव पीएम हेतु भेज दिया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव बहबलपुर निवासी नीतेश राजपूत अपने दो साथियों हरदौल व प्रताप सिंह के साथ शनिवार सुबह नाव से चारा लेने खेतों की तरफ गए थे। चारा लेकर आते समय अचानक नाव पलट गयी। जिससे तीनों युवक डूब गए। वहां मौजूद ग्रामीणों ने हरदौल व प्रताप सिंह को बचा लिया। जबकि नीतेश की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गयी। नायब तहसीलदार मनीष वर्मा ने मौके पर पहुंचकर स्वजनों से घटना के बारे में जानकारी ली। रविवार सुबह दस बजे पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को कड़ी मशक्कत के बाद निकाल लिया। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। पुलिस ने शव पीएम हेतु भेज दिया। मृतक की पत्नी अर्चना का रो रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक की एक छः माह की पुत्री है। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया शव पीएम हेतु भेज दिया गया है।



मृतक का फाइल फोटो

# पीड़ित परिवार को न्याय न मिला तो मुख्यालय पर करेंगे आत्मदाह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

> जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए लड़ेगी हर लड़ाई

**किशोरी के** साथ छेड़छाड़ व घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर तमंचे की बट मारने के मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने के विरोध में जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने बैठक कर पीड़िता को न्याय दिलाने की रणनीति बनायी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 जून को रात्रि 2 बजे थाना मेरापुर के ग्राम दिउरा मासौना की एक पीड़ित की 16 वर्षीय पुत्री को गांव के दबंग रवेन्द्र पुत्र राकेश घर में घुस आया और उसकी पुत्री को बुरी नियत से दबोच लिया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर तमंचा की बट मारकर जमीन पर गिरा लिया। चीखपुकार की आवाज सुनकर परिजन जाग गये। आरोपी रवेन्द्र धमकी देकर भाग गया। शिकायत पुलिस से की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। 26 जून को छत पर रात्रि के समय चढ़ आया और पुत्री को डंडे से पीटने लगा। रोने की आवाज सुनकर सभी लोग जाग गये और देखा आरोपी उसे पीट रहा था। उसे सभी ने पकड़ने का प्रयास किया, तो उसने तमंचा तान दिया और फरार हो गया। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक, मुख्यमंत्री, डीजीपी, जिलाधिकारी, सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष आदि भाजपा नेताओं से भी



बैठक में मौजूद पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

शिकायत की, लेकिन पीड़ित ब्राह्मण की पुलिस से लेकर भाजपा प्रतिनिधियों ने एक नहीं सुनी। जिससे दबंगों के हौसले बुलंद हो गये। उसने 10 अगस्त को दिन के 2 बजे धारदार हथियार, सरिया, लाठी-डंडे आदि लेकर आया और उसके साथ उसका भाई अनिल व श्रीकृष्ण पुत्र फतेह सिंह जबरन घर में घुस आये और मारपीट करने लगे और कहा कि तूने समझौता नहीं किया तो जान से मार देगें। पुलिस द्वारा कार्यवाही न किये जाने से दबंगों के हौसले बुलंद है। जिसके चलते पीड़ित परिवार भयभीत है। पुलिस टालमटोल कर रही है और पीड़ित परिवार पर समझौते का दबाव बना रही है। संगठन के लोगों ने यह तक कह दिया कि अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की बेटी के साथ ऐसा होता क्या वह लोग चुप बैठते। अगर पीड़िता को न्याय न मिला तो पूरा परिवार डीएम कार्यालय के सामन अमरण अनशन पर बैठ जायेगा और आग लगाकर आत्महत्या कर लेगा। जिसकी जिम्मेदारी समस्त अधिकारियों की होगी। बैठक में मुख्य रुप से राष्ट्रीय सचिव कन्हैया लाल श्रीवास्तव, कुलभूषण श्रीवास्तव, राजेश मिश्रा, दुर्वेश दुबे, राकेशानंद, नरेन्द्र कुमार शर्मा, भैरोनाथ त्रिवेदी, अवधेश दीक्षित, पृथ्वीनारायन, रामनारायन मिश्रा, अभिषेक द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# नौ अक्टूबर को मनाया जायेगा काशीराम का परिनिर्वाण दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बसपा की** विधानसभा स्तरीय बैठक कायमगंज में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि मण्डल प्रभारी विजय भास्कर सहित बड़ी संख्या में नेताओं ने भाग लिया।

विजय भास्कर ने कहा कि आगामी 9 अक्टूबर को कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस को हम लोग एक जुट होकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और आगामी चुनाव में बीएसपी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेंगे। बीएसपी सरकार बनाने का संकल्प लिया गया। जिलाध्यक्ष आरडी बौद्ध ने कहा हम लोग बूथ बूथ जाकर सभी



बैठक में मौजूद पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

बहुजन समाज के लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे और बीएसपी की सरकार बनाएंगे। संचालन विजय सिंह गौतम ने किया। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष उपेन्द्र लोधी ने की। इस मौके पर जिला प्रभारी रामरतन गौतम, सर्वेश भारती, रामऔतार, प्रेम सिंह, आयुषकांत, अजीत पाल, नेमसिंह गौतम, धर्मेन्द्र राणा, अमित गौतम, योगेन्द्र गौतम, अनुज गौतम, आनन्द बर्धन, अनुज वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी की बैठक सम्पन्न



अल्पसंख्यक कांग्रेस की बैठक में मौजूद नेता

> संगठन को मजबूती देने पर दिया गया बल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी की ओर से एक जन चौपाल बैठक विधानसभा भोजपुर के ग्राम जहांगीरपुर में आयोजित की गई। अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष खालिद उस्मानी द्वारा सलमान खुर्शीद को ऑल इंडिया इस्लामिक संगठन के चुनाव में अध्यक्ष चुने जाने की खुशी का इजहार किया गया और कहा कि आने वाले 2027 के चुनाव में मुस्लिम समाज को कांग्रेस पार्टी को मजबूती से कांग्रेस का साथ देना चाहिए, ताकि आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार बन सके। इस मौके पर अल्पसंखयक कांग्रेस प्रदेश महासचिव एवं जिला प्रभारी संजय पाल, हाजी वसीमज्मा खां, रिजवान अहमद ताज, तारीक बशीर, शमशाद अहमद, आफताब अहमद खां, खालिद खान, सानू खान आदि लोगों उपस्थित रहे।

### चारु यादव ने पति के साथ बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री



राहत सामग्री वितरित करते शुभम यादव हनी व चारु यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाढ़ पीड़ित गांव में चारु यादव ने अपने पति शुभम यादव हनी के साथ दौरा कर राहत सामग्री बांटी। बाढ़ पीड़ितों से उनके दुख दर्द सुने और उन्हे खाने पीने की वस्तुएं उपलब्ध करायी। शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम पट्टिया, मटन नगला, झम्मन नगला, रामसहाय नगला आदि गांव में राहत सामग्री बांटी गयी। हनी यादव ने कहा कि क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में हमेशा उनके साथ है। चारु यादव ने कहा कि बचपन से ही लोगों की सेवा की है। यह मेरा सौभाग्य है। ऐसी विषम परिस्थितियों में बाढ़ पीड़ितों की सेवा करने का मौका मिला है। उनके इस सुख-दुख में हम हमेशा खड़े है। उन्होंने बच्चों को बिस्कुट पैकेट वितरित किये। साथ ही राशन सामग्री एवं भोजन बांटा। लोगों ने उन्हे आशीर्वाद दिया। इस मौके पर पवन ठाकुर, प्रवीन यादव, धर्मेन्द्र राजपूत, रेनू यादव, बालकिशन यादव आदि लोगों ने सहयोग किया।

### होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में वितरित की गयीं निःशुल्क दवायें

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** आयुष विभाग द्वारा स्थानीय क्षेत्र के ग्राम पचरौली चौराहे पर निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। होम्योपैथिक डॉ0 नागेन्द्र सिंह ने ग्रामवासियों से होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का भरपूर लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि आयुष विभाग द्वारा प्राचीन चिकित्सा प्रद्धति के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए समय-समय पर निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया। उन्होंने खांसी, जुखाम, बुखार, मलेरिया सहित आदि मरीजो की बीमारियों का चेकअप कर उन्हें निःशुल्क दवा वितरण कीं। इस दौरान उनके साथ होम्योपैथिक सहयोगी ओमकार, अशोक मौजूद रहे।

### युवक की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पितौरा निवासी शिवकुमार उम्र 35 वर्षीय पुत्र राम भरोसे की हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में प्राइवेट चिकित्सक के यहाँ लेकर पहुँचे। जहाँ उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# स्वास्थ्य शिविर का सांसद ने किया उद्घाटन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह के अंतर्गत मुख्य चिकित्सालय डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के प्रांगण में सांसद मुकेश राजपूत ने फीता काटकर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्घाटन किया। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर जन्मदिन से 2 अक्टूबर महात्मा गांधी के जन्म जयंती तक पूरे देश में सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत दिव्यांग वृद्ध पुरुष, वृद्ध महिलाएं एवं हर गरीब व्यक्ति को उसके लिए स्वास्थ्य चिकित्सा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार संकल्प बंद है। डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में आयुष्मान भारत के कार्ड लाभार्थियों को वितरण किए गए और



आयुष्मान कार्ड वितरित करते सांसद — समृद्धि न्यूज

70 वर्ष से ऊपर के वृद्ध जनों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में मरीज मौजूद रहे। भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक व राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड के सदस्य अभिषेक त्रिवेदी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के नर सेवा नारायण सेवा के मूल मंत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने जीवन में वास्तविक रूप से पहुंचा रहे है। इस मौके पर सीएमओ अवनीन्द्र कुमार, सीएमएस अशोक कुमार प्रियदर्शी, भाजपा नेता अभिषेक बाजपेयी, अभिषेक बाथम व फार्मासिस्ट मौजूद रहे।

## अमृतपुर में डा. जितेन्द्र सिंह यादव आज बांटेगे राहत सामग्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अमृतपुर** में विधानसभा प्रभारी डा0 जितेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर, विधानसभा अध्यक्ष उदय प्रताप भोला यादव, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव, प्रदीप यादव टीटू, जिला सचिव निर्भान सिंह, सेक्टर प्रभारी कृपाल यादव, सेक्टर प्रभारी विनोद यादव, अशोक यादव फौजी आदि बूथ अध्यक्ष साथ रहकर राहत सामग्री वितरण कार्य करायेंगे। ग्राम रामप्रसाद नगला, माखन नगला, कालिका नगला, हमीरपुर, करनपुर घाट, वनारसीपुर, फकरपुर, करनपुर मंझा, सुभानपुर, किरानचन, पंचम नगला, खुशहाली नगला, मिगन नगला, धनी नगला के नाम शामिल है।

# 28 सितम्बर को मण्डलीय धरना में जनपद के शिक्षक लेगें भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**माध्यमिक** शिक्षक संघ की बैठक जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे की अध्यक्षता में रस्तोगी इंटर कालेज में सम्पन्न हुई। संचालन जिला मंत्री नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी ने किया। बैठक में पुरानी पेंशन बहाली व वर्ष 1981 से 2020 तक 43 वर्षों की जांच का आदेश दिये गये थे। कर्मचारियों के लिए यह अव्यवहारिक है। संगठन उसका विरोध करता है। दोनों बिन्दुओं को लेकर 28 सितम्बर को संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय कानपुर में मण्डलीय धरना होगा। प्रत्येक विद्यालय से पांच शिक्षक धरना प्रदर्शन में प्रतिभाग करेंगे। इस मौके पर नवलकांत अग्निहोत्री, सुधाकर चतुर्वेदी, प्रदीप कुमार जायसवाल, संतोष दुबे, सतेन्द्र सिंह, प्रशांत मिश्रा, बृजेश कुमार, कृष्ण कुमार अवस्थी, प्रभात कुमार दीक्षित, दिनेश मिश्रा ने विचार व्यक्त किये। इस दौरान सुधीर सिंह राठौर, भुवनेश मथुरिया, अमित कुमार, अखिलेश पाण्डेय, आशुतोष पाण्डेय, गौरव सक्सेना, चन्द्रपाल, संजीव सिंह चौहान, अनुराग मिश्रा, हेमेंत यादव, अतुल दास, विवेक सिंह चौहान, प्रशांत गुप्ता, सुभाष चन्द्र शुक्ला, शिवप्रताप सिंह, नरेश बाथम, मयंक रस्तोगी, अवधेश चन्द्र, बृजनंदन सिंह, अविनाश डेविड, रितु मिश्रा, प्रवीण कुमार, सुनील सिंह परमार, शोभित मिश्रा, दिनेश चन्द्र, राजेश कुमार पटेल, आनंद पाल, कृष्ण कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# भाकियू बलराज की बैठक में पदाधिकारियों को बांटे गये मनोनयन पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन बलराज की बैठक जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह पवन, महिला जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने नवनियुक्त



उज्जवलकांत का स्वागत करते भाकियू नेता

पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर यूनियन का प्रभार सौंपा। जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने समस्याओं को लेकर प्रशासन की सहायता से किसानों की समस्याओं का हल कराने का बाधा किया गया। साथ ही उज्जवलकांत उर्फ संकेत राजपूत को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी एनए खान, जिला कार्यालय प्रभारी अनुराग शाक्य के अलावा दिलीप कठेरिया, उज्जवलकांत, नदीमउल्ला खान, आनंद सिंह, गोविंद कुमार, अखिलेश यादव, रहीश खान आदि लोग मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल का जिलाध्यक्ष बनने की दौड़ में प्रमोद गुप्ता सबसे आगे

> सर्वसम्मति से व्यापारियों ने प्रस्ताव तैयार कर प्रदेश नेतृत्व को भेजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**उद्योग व्यापार** मण्डल की बैठक प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा व प्रदेश कार्यालय प्रभारी सुनील पाण्डेय के निर्देशन में रेलवे रोड स्थित एक होटल में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता संजीव मिश्रा बॉबी ने की। बैठक में चेयरमैन सर्वेश अग्रवाल ने जिलाध्यक्ष पद के लिए प्रमोद गुप्ता का नाम प्रस्तावित किया। जिस पर सभी सदन के सदस्यों ने समर्थन किया। विजय मिश्रा ने राजू गौतम के नाम का समर्थन किया। प्रमोद गुप्ता जिलाध्यक्ष का नाम भेजने पर



बैठक में मौजूद व्यापारी नेता — समृद्धि न्यूज

संस्तुति बनी। बैठक में मनोज राठौर, जितेन्द्र अग्रवाल, सुभाष बंसल, अशोक कनौजिया, रविकांत गुप्ता, संदेश अग्रवाल, अरविन्द गुप्ता, पंकज गुप्ता, द्रोण सिंह, आशुतोष अवस्थी, अजय महरोत्रा, आनंद वर्मा, मुकेश गुप्ता, वीरेन्द्र सिंह, जितेन्द्र राठौर, राजीव पुरवार, अर्चना वर्मा, ज्ञायत्री मिश्रा, निधि मिश्रा, प्रबल महेश्वरी, ममता अग्निहोत्री, ज्योति शर्मा, मनोज गुप्ता ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव रखा। साथ ही मनोज अग्रवाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाये जाने का समर्थन किया गया। महिला व्यापार मण्डल की जिलाध्यक्ष प्रीती तिवारी ने समर्थन किया। व्यापार मण्डल के युवा जिलाध्यक्ष बनने के लिए तीन पदाधिकारियों के नाम आये। जिसमें सिपाल शुक्ला, राहुल बंसल, संदेश अग्रवाल के नाम आये है। सर्वसम्मति से सभी ने तय किया जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी का नाम प्रदेश कमेटी में लिया जाता है तो उनके स्थान पर प्रमोद गुप्ता को ही जिलाध्यक्ष बनाया जाये।

# डॉ. ब्रह्मदत्त अवस्थी के जन्मदिन पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

डॉ0 ब्रह्मदत्त अवस्थी के जन्मदिवस पर तिर्वा कोठी फतेहगढ़ में विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। पूर्व प्राध्यापक डा0 राजकुमार सिंह ने कहा कि डा0 अवस्थी प्रखर राष्ट्रीय चिंतक और हिन्दी प्रचार-प्रसार में जीवन भर समर्पित रहे। क्योंकि उनका मानना था कि गंगा भी सनातन संस्कृति, यमुना भी सनातन संस्कृति और इसके बीच में जन्म लेने वाली संस्कृति भी सनातन संस्कृति अर्थात भारतीयता से रची बसी है।

प्राध्यापक डा0 आलोक बिहारी लाल शुक्ल ने उनका स्मरण करते हुए कहा कि उनके चिंतन में राष्ट्र और लोक सर्वोपरि रहा, वह कहते थे कि इसको कभी भी ओझल नहीं होने देना है। उनकी दृष्टि में राष्ट्र के सभी जन एक हैं, उनकी संस्कृति एक है, भारतीयता हर हृदय में धड़कती है और इसका प्राकट्य किसी न किसी स्तर पर जन मानस में व्यक्त भी होता है। ओमवीर सिंह ने डॉक्टर अवस्थी ने कहा कि राम मंदिर निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान है, जिसको याद करते हुए उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद में श्री राम मंदिर प्रकरण पर याचिका के प्रारूप को तैयार करने में ठा0 गुरुजन सिंह, अशोक सिंघल के साथ ब्रह्मदत्त अवस्थी की एक विधि विशेषज्ञ होने के कारण महत्वपूर्ण भूमिका रही। डा0 प्रभाकर अवस्थी ने कहा कि राष्ट्र प्रथम के मंत्र को सिद्ध करने वाले डॉ0 अवस्थी को जितनी ऊर्जा सुदूर कस्मिक तरंगों से प्राप्त होती रही, उससे कहीं अधिक प्रयाग विश्वविद्यालय में निरंतर प्रज्वलित रहने वाले गुरुजन रूपी विराट नक्षत्रों से भी प्राप्त हुई। इस विचार गोष्ठी में डॉ0 वीरेंद्र सिंह, संजीव सोमवंशी, डा0 प्रशांत सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र सिंह सोमवंशी, शुगर सिंह, सुशील चौहान, संतोष कुमार सिंह, संजय शुक्ला आदि उपस्थित रहे। संचालन प्रोफेसर डा0 आलोक बिहारी शुक्ला ने किया।

# आर्य समाज मंदिर में साप्ताहिक सत्संग का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**कमालगंज नगर** स्थित आर्य समाज मंदिर में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। नगरवासियों वेद कथा का श्रवण किया। सर्वप्रथम यज्ञ का आयोजन किया गया। आर्य समाज के पुरोहित आचार्य संदीप आर्य ने वैदिक ऋचाओं से यज्ञ समपन्न कराया। यज्ञ के उपरांत आचार्य ने अपने उपदेश में कहा माता-पिता का सन्तान के ऊपर बहुत बड़ा ऋण होता है। जिससे कभी कोई मुक्त नहीं हो सकता। ये हमारे मूल होते हैं इनसे अलग होकर संतान कभी सुखी नहीं रह सकती। माता पिता की सेवा सुश्रुता को ऋषियों ने पितृयज्ञ की संज्ञा दी है। जीवित माता-पिता की सेवा करना ही सच्चा श्राद्ध है। संतान की सेवा से तृप्त होकर जो पितर हमें आशीर्वाद देते हैं वही सच्चा तर्पण है। परन्तु आज अज्ञानतावश समाज में बहुत सारे अवैदिक कार्य प्रचलित हो गए जिनका हमारे जीवित पितरों से कोई सम्बंध नहीं। मृत्यु उपरांत किसी भी आडंबर की कोई आवश्यकता नहीं। इससे बड़ा कोई आश्चर्य नहीं होगा कि जिस देश में मृतक पूर्वजों को तो भोजन दिया जाता हो, परन्तु जीवित माता-



यज्ञ करते आर्य समाज के लोग

पिता के लिए निरंतर वृद्धाश्रम खुलते जा रहे हैं। जिसका जिम्मेदार भौतिवादी मानसिकता और समाज में व्याप्त अविद्या है यदि हमने अपने ऋषियों की बात मानी होती तो ऐसी परिस्थिति नहीं आती। आज आवश्यकता है कि हम संयुक्त परिवारों की व्यवस्था की ओर वापस लौटें तथा वेदों में वर्णित व्यवस्था का पालन करें। अशोक आर्य व साहिल कुमार ने यज्ञ महिमा के गीत सुनाए। समाज द्वारा संचालित एमडीएस लाइब्रेरी के छात्रों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में राहुल राजपूत, सुमित, सत्यभान, कमल सिंह, अहिलकार, संग्राम सिंह, सोनम आदि उपस्थित रहे।

# वीरपाल राजपूत बने लक्ष्य संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष, हुआ स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शिक्षा पर** आधारित लक्ष्य संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी के द्वारा ग्राम इकडरिया जहानगंज निवासी वीरपाल राजपूत को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वीरपाल राजपूत की निष्ठा को देखते हुए उन्हे यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

उन्होंने बच्चों को शिक्षित करने की बीड़ा उठाया। जिसके चलते उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जवाहर लाल वर्मा व राष्ट्रीय महामंत्री पूरन सिंह पटेल ने 16 सदस्यीय प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें जनपद फर्रुखाबाद के वीरपाल



वीरपाल राजपूत का स्वागत करते समाज के लोग

राजपूत को प्रदेश कमेटी में उपाध्यक्ष बनाया है। उनके उपाध्यक्ष बनने पर समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया और बधाई दी। वीरपाल राजपूत ने बताया कि प्रदेश कमेटी में मुझे शामिल किया गया है। मैं निष्ठा के साथ जिम्मेदारी को निभाऊंगा और बच्चों को शिक्षित करूंगा। इस मौके पर समर्थकों ने फूल मालाओं से स्वागत किया।

**पूजन** | सत्संग करने से पुण्य का फल प्राप्त होता है

# सूर्य पूजन के साथ छतीसवां मानस सम्मेलन शुरू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**छतीसवां** मानस सम्मेलन सत्संग भवन पंडाबाग में सूर्य पूजन के साथ शुरू हुआ। विद्वान पंडित रामेंद्र नाथ मिश्र ने वैदिक रीति वेद मंत्रों के साथ स्वस्ति वाचन मंगला चरण के साथ श्री गणेश एवं देवी देवताओं व सूर्य भगवान का पूजन किया। मुख्य यजमान विशेष पाठक, डा0 हेम सिंह उनकी पत्नी मालती देवी, डा0 रामबाबू पाठक, आलोक गौड़, अशोक रस्तोगी ने पूजन किया। मानस सम्मेलन में संत शिरोमणि स्वामी रामानंद सरस्वती, संपूर्णानंद सरस्वती, श्यामानंद महाराज, संपूर्णानंद महाराज, सुखदेवानंद, राजेश्वरानंद, रामेश्वरानंद महाराज, लक्ष्मीनारायण महाराज, देवीनंद महाराज, शिवानंद महाराज,



सूर्य पूजन करते भक्तगण — समृद्धि न्यूज

विद्यानंद महाराज आदि ग्यारह संतो ने मंच से आशीर्वाद दिया। मानस के संयोजक डा0 रामबाबू पाठक ने 36 वर्षो से मानस सम्मेलन की प्रगति, सत्संग की महिमा, सम्मेलन का उद्देश्य, रामचरित्र मानस का जनजीवन में प्रचार प्रसार पर अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि सूर्य का जीवन के अंधकार को दूर करने के लिए किया जाता है। सूर्य चंद्रमा से ज्यादा शक्तिशाली है इसलिए सूर्य का पूजन किया जाता है। सामाजिक समरसता का विकास हमारा मुख्य उद्देश्य है। वाणी हम मधुर बोले तभी समरसता का उद्देश्य पूरा होगा। सत्संग करने से पुण्य का फल प्राप्त होता है। सत्संग एक अविरल धारा है जो बराबर चलती रहती है। हम सत्य और मीठी वाणी बोले तभी हमे सत्संग का लाभ मिलता है। इस मौके पर सुरजीत पाठक उर्फ बंटू, अशोक रस्तोगी, आलोक गौड़, ब्रजकिशोर सिंह किशोर, भारत सिंह, नरेश दुबे, ब्रजेंद्र श्रीमाली ने रामदरबार की अंत में आरती उतारी और सभी संतो का आशीर्वाद लिया। संचालन पंडित रामेंद्रनाथ मिश्रा ने किया।

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ, सोमवार, 23 सितंबर 2024



# चेन्नई टेस्ट मैच के चौथे दिन रविचन्द्रन अश्विन का कहर, भारत ने बंगलादेश को 280 रन से हराया

एजेंसी



**चेन्नई।** रविचंद्रन अश्विन (छह विकेट) और रवींद्र जडेजा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को सुबह के सत्र में बंगलादेश की टीम को 234 के स्कोर पर ढ़ेर कर मुकाबला 280 रनों से जीत लिया है। इसी के साथ भारत ने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है।

चिन्नास्वामी स्टेडियम पर मैच के चौथे दिन बंगलादेश की टीम ने कल के चार विकेट पर 158 रन से आगे खेलना शुरु किया। 52वें ओवर में अश्विन ने शाकिब अल हसन (25) को आउट कर भारत को पांचवीं और आज के दिन की पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये लिटन कुमार दास (1) को जडेजा ने पवेलियन भेज दिया। मेहदी हसन मिराज (8) और तस्कीन अहमद (5) अविश्न का शिकार बने। 57वें ओवर में जडेजा ने कप्तान नजमुल शान्तो (82) रूपी दीवार को जडेजा ने ध्वस्त कर दिया।

63वें ओवर की पहली गेंद पर हसन महमूद (7) को बोल्ड कर बंगलादेश की दूसरी पारी का 234 के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत की ओर से आर अश्विन ने छह विकेट लिये। रवींद्र जडेजा को तीन विकेट मिले।

जसप्रीत बुमराह ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले कल शुभमन गिल (119 नाबाद) और रिषभ पंत (109) के बीच 167 रन की भागीदारी के बाद रविचंद्रन अश्विन (तीन विकेट) की फिरकी की बदौलत भारत ने बंगलादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में अपनी पकड़ मजबूत कर ली था। तीसरे दिन भारत ने भोजनावकाश के बाद अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 287 रन बना कर घोषित कर मेहमान टीम को जीत के लिये 515 रन का लक्ष्य दिया था। भारत ने अपनी पहली पारी में 376 रन बनाये थे और भारतीय गेंदबाजों ने बंगलादेश पहली पारी 149 रन पर ढेर कर दिया था। पहली पारी में 227 रन की बढ़त के साथ भारत ने अपनी दूसरी पारी में 287 रन बनाकर 514 रन बढ़त हासिल कर मेहमान टीम को जीत के लिये 515 रन का मजबूत लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में आज चौथे दिन बंगलादेश की टीम 234 के स्कोर पर सिमट गई।

अश्विन का पूरे मैच के दौरान शानदार प्रदर्शन रहा। अश्वनि ने भारत की पहली पारी में न केवल लड़खडाती पारी को संभाला और अपने टेस्ट करियर का छठा शतक (113) भी जड़ा। इसके बाद बंगलादेश की दूसरी पारी को समेटने में उन्होंने महत्वूपर्ण योगदान देते हुए 21 ओवर में 88 रन देते हुए छह विकेट चटकाए। अश्विन को हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।

### बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम का ऐलान, टीम में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट मैच में बांग्लादेश की टीम को 280 रनों से हरा दिया है और दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इसी बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। दोनों टीमों के बीच 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच खेला जाएगा। चयन समिति ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। जो टीम पहले मैच के लिए घोषित की गई थी, वही टीम दूसरे टेस्ट मैच के लिए भी बरकरार रखी है। प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इस मैच के लिए भी उपलब्ध रहेंगे। माना जा रहा था कि बुमराह को दूसरे टेस्ट से आराम दिया जा सकता है लेकिन चयनकर्ताओं ने उन्हें टीम में बरकरार रखा है। सरफराज खान, विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल, तेज गेंदबाज यश दयाल, स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल और स्पिनर कुलदीप यादव भी दूसरे टेस्ट के लिए टीम में बरकरार हैं। इन सभी को पहले मैच में खेलने का मौका नहीं मिल पाया था। अब देखना होगा कि कानपुर टेस्ट के लिए प्लेइंग 11 में कोई बदलाव होता है या इसी टीम के साथ भारतीय टीम उतरने का फैसला करेगी।

**दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।

# पीएम मोदी ने हमें जेल भेजने के लिए रचा षड्यंत्र : अरविंद केजरीवाल

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले दस साल के हमारे जनहित के कामों से घबराकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके खिलाफ़ षड्यंत्र रचकर जेल में डलवाया।

श्री केजरीवाल ने रविवार को यहाँ जंतर-मंतर पर जनता की अदालत कार्यक्रम में अपनी सरकार के दस साल के कामकाज का ब्यौरा दिया और केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, हमने पिछले दस सालों में ईमानदारी से सरकार चलाई। बिजली और पानी मुफ्त किया, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतरीन बनाया लेकिन श्री मोदी को लगा कि अगर उन्हें हमसे जीतना है तो हमारी ईमानदारी पर हमला करना होगा। उन्होंने साजिश रची कि हमें बेईमान साबित किया जाए और इसके तहत हमें, मनीष सिसोदिया और आप के कई नेताओं को जेल में डाला गया।

उन्होंने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, इन नेताओं पर आरोपों का कोई असर नहीं होता क्योंकि उनकी चमड़ी मोटी है। पर मैं नेता नहीं हूं, मैं एक आम आदमी हूं और मुझ पर लगे आरोप मुझे प्रभावित करते हैं। मैंने जनता की अदालत में आने का फैसला इसलिए किया क्योंकि मैं इस दाग के साथ नहीं जी सकता। अगर मैं बेईमान होता, तो बिजली मुफ्त नहीं करता, महिलाओं का किराया मुफ्त नहीं करता और बच्चों के लिए स्कूल नहीं बनवाता। उन्होंने कहा, 22 राज्यों में उनकी सरकार है, लेकिन कहीं भी बिजली मुफ्त नहीं है, महिलाओं के लिए यात्रा मुफ्त नहीं है।

### दिल्ली चुनाव मेरी ईमानदारी की अग्नि परीक्षा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की जमकर आलोचना की। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार पर ईडी, सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाया। साथ उन्होंने कहा कि दिल्ली के चुनाव उनकी ईमानदारी की अग्नि परीक्षा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद आज केजरीवाल ने दिल्ली के जंतर मंतर में जनता की अदालत लगाई। इसमें आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार ने आम आदमी पार्टी के दिल्ली में ईमानदारी से जनता के हित में किए गए कार्यों से परेशान होकर उन्हें जबरन झूठे मामले में फंसाने की कोशिश की है। उनका मकसद हमारी ईमानदारी पर चोट करना है। केजरीवाल ने कहा, मैं राजनीति में पैसे कमाने नहीं बल्कि देश और जनता की सेवा करने आया था और आज भी जनता की सेवा कर रहा हूं।आप भाषण में केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी के कार्य करने के तरीके को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी कुछ सवाल पूछे। उन्होंने इस दौरान उनके आवास को लेकर चल रहे विवाद पर भी टिप्पणी की। केजरीवाल ने कहा कि आज उनके पास रहने के लिए घर नहीं है। पिछले 10 सालों में उन्हें मिले जनता के प्यार से आज हर कोई उन्हें अपने घर में रहने के लिए आमंत्रित कर रहा है। वह श्राद्ध के बाद इन्हीं में से किसी के घर रहने जाएंगे। अपने दिल्ली के चुनावी अभियान की शुरुआत करते हुए केजरीवाल ने कहा कि इस बार का राज्य का चुनाव उन्हें ईमानदार साबित करने का मौका है। अगर जनता को लगता है कि वह ईमानदार हैं तो उन्हें वोट करें।

# ऐलान : तीन अक्टूबर को देशभर में रेलवे ट्रैक जाम करेंगे किसान

एजेंसी

> किसान अपनी मांगों को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे

**कैथल।** कुरुक्षेत्र के पिपली में रविवार को हुई महापंचायत में किसानों ने तीन अक्टूबर को देश भर में रेलवे ट्रैक जाम करने का ऐलान कर दिया।?महापंचायत में सरवन सिंह पंधेर, जगजीत सिंह दल्लेवाल, अमरजीत सिंह मोहड़ी सहित कई किसान नेताओं ने हिस्सा लिया। महापंचायत में महिला किसान भी भारी संख्या में पहुंची थी।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हरियाणा भर में किसानों द्वारा महापंचायत की जा रही है और भाजपा सरकार ने जिस प्रकार के अत्याचार किसानों पर किए हैं। अब हरियाणा में इसका बदला लेने का समय आ गया है। हम पंचायत कर हरियाणा के किसानों को याद दिला रहे है कि किस प्रकार से पीपली में किसानों पर बल का प्रयोग किया गया और किस प्रकार से किसान शुभकरण को शहीद किया गया। उन्होंने बताया कि 3 अक्टूबर को भारत भर में 2 घंटे के लिए रेलवे ट्रैक जाम किए जाएंगे और आने वाले समय में आंदोलन को और भी गति दी जाएगी।?

भाजपा सरकार ने जिस प्रकार के अत्याचार किसानों पर किए हैं, अब हरियाणा में इसका बदला लेने का समय आ गया है। अमरजीत सिंह मोहड़ी ने कहा कि हमारे आंदोलन का उद्देश्य दूसरे राजनीतिक दलों को भी सचेत करना है कि अगर सत्ता में आने के बाद वह किसानों के साथ इस प्रकार का दुर्व्यवहार करेंगे तो कि कैसे एक होकर उनके खिलाफ भी लड़ाई लड़ी जाएगी। किसान अपनी मांगों को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं और आने वाले समय में इस आंदोलन को और भी तेज किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### संसद 23-24 सितंबर को सीपीए भारत क्षेत्र सम्मेलन की मेजबान

**नई दिल्ली।** 10वां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र सम्मेलन 23 और 24 सितंबर 2024 को संसद भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, जो सीपीए भारत क्षेत्र के चेयरपर्सन भी हैं, इस सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के 46 पीठासीन अधिकारी-4 सभापति, 25 अध्यक्ष, 3 उपसभापति, 14 उपाध्यक्ष अपने राज्य के प्रधान सचिवों/सचिवों और अन्य अधिकारियों के साथ सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन से पहले सीपीए भारत क्षेत्र की कार्यकारी समिति की बैठक होगी। सम्मेलन का विषय है सतत और समावेशी विकास की प्राप्ति में विधायी निकायों की भूमिका। सीपीए भारत क्षेत्र का गठन 2004 में हुआ था। यह उन नौ सीपीए क्षेत्रों में शामिल है, जिन्हें तत्कालीन सीपीए एशिया क्षेत्र में से गठित किया गया था। इसमें भारत की संसद और 30 राज्य/संघ शासित प्रदेशों के विधानमंडलों सहित कुल 31 सदस्य शाखाएं हैं। सीपीए इंडिया क्षेत्र सम्मेलन दूसरी बार नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है।

### विश्व गैंडा दिवस पर मोदी ने काजीरंगा अभयारण्य को किया याद

**नयी दिल्ली।** प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व गैंडा दिवस पर रविवार को ओडिशा के काजीरंगा अभयारण्य को याद करते हुए लोगों से गैंडों की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराने की अपील की। श्री मोदी ने एक्स पर अपने ट्वीट में कहा,卐आज, विश्व गैंडा दिवस पर, आइए हम धरती पर प्राणियों की सबसे प्रतिष्ठित प्रजातियों में से एक- गैंडों की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराएँ। पिछले कई वर्षों से गैंडा संरक्षण प्रयासों में शामिल सभी लोगों को बधाई।

### ईरान : कोयला खदान में धमाका, 19 की मौत

**तेहरान।** पूर्वी ईरान की एक कोयला खदान में शनिवार देर रात हुए विस्फोट में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि मीथेन गैस के रिसाव के कारण यह धमाका हुआ। ईरान के सरकारी टेलीविजन के मुताबिक राजधानी तेहरान से लगभग 540 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में तबास स्थित कोयला खदान में विस्फोट हुआ। बचाव को लेकर कर्मचारियों का दल घटनास्थल पर भेजा गया है। धमाके के समय करीब 70 लोग वहां काम कर रहे थे।

### पुंछ से 35 वर्षीय पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

**पुंछ।** पुंछ जिले के मेंढर सेक्टर में नियंत्रण रेखा की सुरक्षा कर रहे भारतीय सेना के जवानों ने रविवार को 35 वर्षीय पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि घुसपैठिए को तड़के उस समय रोका गया जब वह सीमा पार से इस तरफ घुसने की कोशिश कर रहा था। गिरफ्तार घुसपैठिए से सेना पूछताछ कर पता लगाने का प्रयास कर रही है कि उसका मकसद क्या था।

### बीड में कार और कंटेनर की टक्कर में चार की मौत

**मुंबई।** बीड जिले में अंबाजोगाई-लातूर रोड पर नंदगांव पाटी के पास रविवार सुबह एक स्विफ्ट कार और कंटेनर के बीच टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। मौके पर पहुंची वर्दापुर पुलिस स्टेशन की टीम ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए अंबेजोगाई के शासकीय अस्पताल भेजा है। पुलिस के अनुसार आज तड़के जगलपुर से चार लोग स्विफ्ट कार से औरंगाबाद जा रहे थे। उनकी कार नंदगांव पाटी के पास अचानक सामने से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर से टकरा गई। इससे कार कंटेनर के नीचे घुस गई और कार में बैठे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वर्दापुर पुलिस स्टेशन के एपीआई ससाने ने बताया कि कार में सफर करने वाले सभी चार लोग जगलपुर के थे, लेकिन अभी तक उनके नाम नहीं बता चल सके हैं। पुलिस इस घटना की गहन छानबीन कर रही है।

### उद्धव से मिले मलिक, बोले- महाविकास आघाड़ी का करेंगे प्रचार

**मुंबई।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने रविवार को बांद्रा स्थित मातोश्री बंगले पर शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। इसके बाद सत्यपाल मलिक ने कहा कि वे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास आघाड़ी का प्रचार करेंगे। मलिक ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान दावा किया कि महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी को बढ़त मिलने वाली है। उद्धव ठाकरे राज्य में भाजपा को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। राज्य में महाराष्ट्र महाविकास आघाड़ी और देश में आईएनडीआईए गठबंधन की ताकत बढ़ रही है। मलिक पुलवामा हमले, अडानी, अंबानी समेत कई अहम मुद्दों पर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। मातोश्री बंगले पर उद्धव और मलिक के बीच करीब आधे घंटे तक बातचीत हुई। इस दौरान संजय राऊत भी मौजूद थे।

### 11 दिन के उपवास पर आंध्र के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं फिल्म अभिनेता पवन कल्याण ने आज गुंटूर के श्री दशावतार वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर से 11 दिनों की प्रायश्चित दीक्षा तपस्या शुरू की है। वह अगले 11 दिन व्रत रखेंगे और भगवान तिरुपति से क्षमा मांगेंगे। तिरुपति मंदिर के प्रसाद में उपयोग होने वाले घी में पशु वसा होने के चलते उन्होंने पिछली सरकार की गलतियों की क्षमा प्राप्ति के लिए यह तपस्या करने का फैसला किया है। एक एक्स पोस्ट में उप मुख्यमंत्री कल्याण ने कहा कि हमारी संस्कृति, आस्था, विश्वास और श्रद्धा की।

## इस सप्ताह 14 कंपनियों की लिस्टिंग बढ़ाएगी शेयर बाजार की हलचल

**नई दिल्ली।** सोमवार से शुरू हो रहे हैं कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में नई लिस्टिंग से भी हलचल बनी रहने वाली है। इस सप्ताह 14 कंपनियों के शेयरों की स्टॉक मार्केट में लिस्टिंग होने वाली है। इनमें से 24 सितंबर को सबसे अधिक 8 कंपनियों के शेयरों की लिस्टिंग होगी, जबकि 25 और 26 सितंबर को एक-एक कंपनी के शेयर लिस्ट होंगे। इसी तरह सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 27 सितंबर को 4 कंपनियों के शेयरों की लिस्टिंग होगी। 24 सितंबर को मेनबोर्ड सेगमेंट में आर्केड डेवलपर्स, वेस्टर्न कैरियर्स (इंडिया) और नॉर्दर्न आर्क कैपिटल के शेयरों की बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टिंग होने वाली है। इन तीनों कंपनियों के आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला। इनमें आर्केड डेवलपर्स और नॉर्दर्न आर्क कैपिटल का आईपीओ 16 सितंबर से 19 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था, जबकि वेस्टर्न कैरियर्स का आईपीओ 13 से 19 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला हुआ था।

# घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों के चलते अमेरिका ने भारत को 297 पुरावशेष लौटाए

एजेंसी

**न्यूयॉर्क/नयी दिल्ली।** अमेरिका ने घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों को ध्यान में रखते हुए और अधिक सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने के लिए भारत से चुराकर अमेरिका पहुंची 297 प्राचीन दुर्लभ कलाकृतियां और पूरा अवशेषों को भारत को सौंपे है। अमेरिका ने यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के बीच उठाया है। भारत और अमेरिका के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सहयोग बढ़ाने के लिए अमेरिकी विदेश विभाग के शैक्षिक और सांस्कृतिक मामलों के ब्यूरो और भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने इसे पूरा करने के लिए जुलाई 2024 में एक सांस्कृतिक संपत्ति समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए सहयोग बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा जून 2023 में जारी संयुक्त बयान में भी प्रतिबद्धताएं व्यक्त की गई थीं कार्यालय की रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी की वर्तमान अमेरिका यात्रा के अवसर पर अमेरिकी पक्ष ने भारत से चोरी या तस्करी की गई 297 पुरावशेषों की वापसी की सुविधा प्रदान की। इन्हें शीघ्र ही भारत वापस लाया जाएगा। एक प्रतीकात्मक प्रस्तुति में विलमिंगटन, डेलावेयर में उनकी द्विपक्षीय बैठक के मौके पर श्री मोदी और श्री बाइडेन को कुछ चुनिंदा टुकड़े दिखाए गए। प्रधानमंत्री ने इन कलाकृतियों की वापसी में समर्थन के लिए राष्ट्रपति श्री बाइडेन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ये वस्तुएं न केवल भारत की ऐतिहासिक भौतिक संस्कृति का हिस्सा थीं, बल्कि इसकी सभ्यता और चेतना के आंतरिक केंद्र का निर्माण करती थीं। विज्ञप्ति में बताया गया है कि ये पुरावशेष 2000 ईसा पूर्व से 1900 ईस्वी तक लगभग 4000 वर्षों की समयावधि के हैं और इनकी उत्पत्ति भारत के विभिन्न हिस्सों में हुई है। अधिकांश पुरावशेष पूर्वी भारत की टेराकोटा कलाकृतियाँ हैं, जबकि अन्य पत्थर, धातु, लकड़ी और हाथीदांत से बने हैं और देश के विभिन्न हिस्सों से संबंधित हैं।

# केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सिंगापुर में इवेंस्ट इंडिया कार्यालय का किया उद्घाटन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को सिंगापुर में इवेंस्ट इंडिया कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने यहां कुछ चुनिंदा उद्यमियों और निवेशकों के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। इस दौरान उन्होंने भारत में निवेश के अवसरों और इन कंपनियों की संभावित योजनाओं के बारे में चर्चा की। गोयल लाओस के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे से लौटते हुए सिंगापुर में रूके हुए थे।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री गोयल ने कहा कि सिंगापुर में इंवेस्ट इंडिया कार्यालय का उद्घाटन करते हुए गर्व हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह भारत और सिंगापुर के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और विशाल निवेश अवसरों को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि ये वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देने और साझा समृद्धि को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि उन्होंने सिंगापुर में सुरबाना जुरोंग के ग्रुप सीईओ सीन चियाओ से मुलाकात की। वाणिज्य मंत्री ने बताया कि भारत के तेजी से विकसित हो रहे शहरी और औद्योगिक बुनियादी ढांचे के क्षेत्र के लिए कंपनी की योजनाओं पर हमारी एक उपयोगी चर्चा हुई।

उन्होंने आगे कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे को आकार देने में सुरबाना जुरोंग के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद करता है। इससे पहले केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल ने सिंगापुर स्थित असबाबवाला फर्नीचर निर्माण कंपनी एचटीएल इंटरनेशनल की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुश्री फुआ मेई मिंग के साथ बैठक की। इस बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भारत के विनिर्माण क्षेत्र और विशाल खुदरा बाजार में अपार विकास के अवसरों के साथ-साथ कंपनी की विस्तार योजनाओं में भारत की भूमिका पर विचार-विमर्श किया। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 12वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के आर्थिक मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए लाओस के वियनतियाने के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर थे।

# प्रधानमंत्री मोदी 26 को नमो एप से देंगे जीत का मंत्र : सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत पक्की करने को लेकर भाजपा पूरी तरह मैदान में उतर चुकी है। पार्टी माइक्रो मैनजमेंट पर फोकस कर रही है। चुनावी बेला में कार्यकर्ताओं में नया जोश और ऊर्जा भरने के लिए अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 सितंबर को नमो एप के माध्यम से कार्यकर्ताओं से जुड़ेंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को जारी बयान में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नमो एप के माध्यम से पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे और जीत का मंत्र देंगे। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से भी नमो एप पर ज्यादा से ज्यादा जुड़कर प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को सुनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से डबल इंजन की सरकार को मजबूती और प्रदेश के विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव में बड़ी जीत के लिए उत्साह व समर्पण के साथ जुटे हुए हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन प्रदेश की राजनीति को नई दिशा देने का काम करेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज भाजपा प्रदेश में आम जन की आवाज बन चुकी है। हर तरफ सरकार के विकास कार्यों की गूंज है। सरकार ने ईमानदारी से लाखों युवाओं को बिना पर्ची व बिना खर्ची के सरकारी नौकरी देने का काम किया है।

आगे भी भाजपा की सरकार इसी नीति पर चलकर प्रदेश को और खुशहाल बनाने का कार्य करेगी। मुख्यमंत्री सैनी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टचार व पर्ची और खर्ची की पोल हर दिन खुल रही है जिसे प्रदेश की जनता देख रही है। फरीदाबाद एनआईटी से कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा, असंध से कांग्रेस प्रत्याशी शमशेर गोगी के बाद गन्नौर से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप शर्मा भी बईमानी से नौकरियां बांटने की बात कबूल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के ऐसे लोगों को प्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

# जम्मू-कश्मीर की बर्बादी के लिए कांग्रेस, पीडीपी जिम्मेदार

### भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने जम्मू विधानसभा क्षेत्र के बरनाई में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

> पीएम मोदी के नेतृत्व में आतंकी घटनाओं में काफी कमी आई

एजेंसी



**जम्मू।** भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने पाकिस्तानी रक्षामंत्री के बयान के हवाले से कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस को गैर-राष्ट्रवादी करार दिया है। नड्डा ने कहा कि पाकिस्तानी रक्षामंत्री ने दोनों दलों को जम्मू-कश्मीर में उसके एजेंडे को लागू करने की बात स्वीकारी है। भाजपा अध्यक्ष नड्डा रविवार को उत्तर जम्मू विधानसभा क्षेत्र के बरनाई में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस क्षेत्र से पार्टी ने पूर्व मंत्री शामलाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने और जम्मू-कश्मीर को बर्बाद करने का आरोप लगाया।

नड्डा ने कहा कि इन तीनों दलों ने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया और इस खूबसूरत राज्य को नष्ट कर दिया। ये तीनों चाहते हैं कि जम्मू-कश्मीर 1990 के दशक की स्थिति में लौट आए। वह नियंत्रण रेखा के पार व्यापार को फिर से शुरू करने की वकालत करते हैं लेकिन आप जानते हैं कि व्यापार की आड़ में आतंक को बढ़ावा दिया जा रहा था। नड्डा ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में परिवर्तन की लहर पर भी प्रकाश डाला और केंद्रशासित प्रदेश के साथ भाजपा के गहरे संबंध को रेखांकित किया।

नड्डा ने आतंकी हमलों में काफी कमी आने का दावा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आतंकियों का जीवनकाल केवल कुछ दिन है लेकिन यह दल उनके साथ वार्ता करने के पक्षधर हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और उनके साथ समझौता करने वाली पार्टियां गैर-राष्ट्रवादी हैं जो आतंकियों को रिहा करने और एलओसी पार व्यापार शुरू करने की बात करती हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के अलावा किसी और ने उन्हें प्रमाण पत्र नहीं दिया है और उन्होंने जो कहा है वह सभी को पता है। भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आतंकी घटनाओं में काफी कमी आई है। आतंकवादी की उम्र बस कुछ ही दिन होती है।

उन्होंने मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में परिवर्तन की लहर पर भी प्रकाश डाला और केंद्रशासित प्रदेश के साथ भाजपा के गहरे संबंध को रेखांकित किया। इस बदलाव की बदौलत जम्मू-कश्मीर शांति, प्रगति और विकास के मामले में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर में एक राष्ट्र, एक संविधान, एक प्रधानमंत्री के तहत विधानसभा चुनाव हो रहे हैं।

नड्डा ने जम्मू के साथ भाजपा के मजबूत ऐतिहासिक संबंधों पर जोर देते हुए कहा कि हम पंडित प्रेम नाथ डोगरा को शेर-ए-डुग्गर के रूप में जानते हैं। वह भारतीय जनसंघ के नेता थे और उन्होंने इसके अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। जम्मू के साथ भाजपा का रिश्ता गहरा है। उन्होंने जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा दो निशान, दो विधान, दो प्रधान के खिलाफ लड़ाई में दिए गए बलिदान को भी दोहराया। नड्डा ने लोगों से भाजपा को विजयी बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि भाजपा का समर्थन करना जम्मू-कश्मीर के हित में है और भाजपा दिल से जम्मू-कश्मीर के सर्वोत्तम हितों की कामना करती है।

# पीसीओडी के प्रति रन फॉर हर मैराथन से बढ़ेगी जागरुकता

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** पीसीओएस जागरूकता माह के उपलक्ष्य में, पीसीओडीस्टेग्मटाइज्ड फाउंडेशन ने वंशती फर्टिलिटी के साथ मिलकर 22 सितंबर 2024 को सुबह 6.00 बजे से 7.30 बजे तक सामाजिक परिवर्तन प्रतीक स्थल पर रन फॉर हर मैराथन का आयोजन किया, जिसमें 2,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ पद्मश्री अर्जुन पुरस्कार विजेता ओलंपियन सुधा सिंह, स्वामी मुक्तिनाथानंद जी महाराज, सचिव, रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम विवेकानंद पॉलीक्लिनिक और मेडिकल साइंसेज संस्थान, लखनऊ और कई अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया।

यह हाफ मैराथन तीन श्रेणियों में रहीं। इसमें तीन किलोमीटर(किमी), पांच किमी और 10 किमी की श्रेणियों वाली हाफ मैराथन की थीम रन फॉर हर थी। इसका उद्देश्य पीसीओडी के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। हर साल सितंबर को पीसीओएस जागरूकता माह के रूप मनाया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को पीसीओडी के बारे में बताना और शिक्षित करना था, साथ ही स्वस्थ जीवनशैली और उज्जवल भविष्य को बढ़ावा देना था। रन फॉर हर सिर्फ एक दौड़ से कहीं ज़्यादा है। यह महिलाओं को सशक्त बनाने, ज्ञान फैलाने और बदलाव को प्रेरित करने का एक आंदोलन है। प्रतिभागियों को एक प्रमाण पत्र मिला और विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए गए। पीसीओडीस्टेग्मटाइज़्ड फ़ाउंडेशन की संस्थापक डॉ. सीमा पांडेय ने पीसीओडी जागरूकता के महत्व पर जोर दिया कि पीसीओएस महिलाओं में सबसे आम हार्मोनल विकार है। जो 10 प्रतिशत से 40 प्रतिशत महिला आबादी को प्रभावित करता है।